हरिभूमि
# रायपुर भूमि

फफूंद, टूट-फूट के साथ असरहीन की शिकायतों पर रोका गया था उपयोग

जांच सबकी, मगर निर्माता कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई अब तक नहीं

# कैसे करें भरोसा... सरकारी दवाइयां हो रहीं फेल, 60 दिनों में दर्जनभर से ज्यादा दवाएं होल्ड

*सरकारी अस्पतालों में इलाज के लिए जाने वालों का भरोसा वहां मिलने वाली दवाओं से उठता जा रहा है। स्वास्थ्य केंद्रों से फफूंद लगने, टूट-फूट होने के साथ इसके असरहीन होने की शिकायत लगातार मिल रही है। इस तरह की शिकायतों के आधार पर सीजीएमएससी द्वारा दो महीने में दर्जनभर से ज्यादा दवाओं को होल्ड कराया गया है। सभी मामलों में जांच के बाद कार्रवाई के दावे तो किए जा रहे हैं, मगर एक्शन किसी पर नहीं हुआ है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सीजीएमएससी द्वारा कल डायबिटिज को नियंत्रित करने वाली दवा के टूटने की शिकायत पर उपयोग रोका गया था। इसके पहले एंटीबायोटिक और उसके पूर्व पैरासिटामोल लिक्विड में फफूंद आने की शिकायत पर संबंधित बैच को होल्ड कराने का आर्डर जारी किया गया था। सीजीएमएससी के गोदामों से दवा का उपयोग रोकने और उसे वापस भिजवाने का यह आर्डर नहीं है। पिछले दो तीन माह से यह प्रक्रिया जारी है। लगातार शिकायतों के बाद लोगों का भरोसा सरकारी अस्पतालों की दवा पर कम होने लगा है। सीजीएमएससी काम में पारदर्शिता लाने और दवा तथा सामग्री की गुणवत्ता सुधारने जांच प्रक्रिया को सख्त करने के दावे तो कर रहा है, मगर लापरवाही बरतने के मामले में अब तक किसी दवा कंपनी अथवा निर्माताओं के खिलाफ किसी तरह की कार्रवाई नहीं हुई है।


सरकारी अस्पतालों की दवाओं में शिकायतें, डिपो में वापसी के बाद ठंडी पड़ी जांच

हरिभूमि फॉलोअप

## जांच पर भी सवाल

दवाओं की गुणवत्ता को लेकर दवा निगम की जांच व्यवस्था पर ही सवाल उठाया जाता है। कंपनियां से मंगाई गई दवाओं को जब हेल्थ सेंटरों में भेजा जाता है, तो उसकी जांच होती है और ओके रिपोर्ट के बाद संबंधित बैच अपने गंतव्य तक पहुंचते हैं। जब दवाओं का उपयोग शुरू होता है, तो उसमें विभिन्न तरह की शिकायत आने लगती है। सवाल यह खड़ा होता है कि डिपो से निकलने के दौरान जांच रिपोर्ट में समझौता होता है अथवा हेल्थ सेंटरों में इन दवाओं को रखने के दौरान कोताही बरती जाती है।

## दूर कर रहे दवा निगम की खामियां

*अमानक मिलने वाली दवाइयों के लिए कहीं ना कहीं इसकी खरीदी और स्वास्थ्य केंद्रों में सप्लाई करने वाली सीजीएमएससी का सिस्टम जिम्मेदार है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने मीडिया के सामने स्वीकारा था, पिछले पांच सालों में दवा निगम में कई खामियां आ गई थीं, जिसे सुधारने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने दवाओं के होल्ड होने के मामले में कहा है कि लोगों को गुणवत्तापूर्ण दवा मिले, इसके लिए जांच प्रक्रिया पूरी की जा रही है।*

## इस तरह की दवाओं के उपयोग पर लगी चुकी रोक

1. पैरासिटामोल की तीन तरह की टेबलेट और लिक्विड
2. दो से ज्यादा एंटीबायोटिक दवाएं
3. अस्थमा और एलर्जी कम करने वाली दवा
4. कृमिनाशक दवा की चार बैच
5. सूजन और खुजली की रोकथाम में उपयोग आने वाली दवा
6. दस्त और डायरिया रोकने वाली टैबेलेट
7. सर्जिकल ग्लब्स और सर्जिकल ब्लेड सहित कुछ चिकित्सा उपकरण

## खबर संक्षेप

### वृद्धा से चेन स्नैचिंग का आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर।** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में पिछले सप्ताह मार्निंग वॉक के दौरान फूल तोड़ने निकली बुजुर्ग महिला के गले से चेन स्नैचिंग करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। न्यू शांति नगर निवासी रूबी बाई की शिकायत पर पुलिस ने बिट्टू कुमार उर्फ साहिल को गिरफ्तार किया है। बिट्टू ने 1 नंवबर को महिला से फूल मांगने के बहाने गले से चेन स्नैचिंग की और फरार हो गया था। बिट्टू पूर्व में भी मोबाइल लूट के आरोप में जेल जा चुका है। जब्त चेन की कीमत 60 हजार रुपए है।

### मजदूरों से मोबाइल लूट का आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर।** तेलीबांधा पुलिस ने काम की तलाश में आए दो मजदूरों को डरा धमकाकर मोबाइल लूटने के आरोप में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जीवन लाल प्रधान तथा एक अन्य मजदूर की शिकायत पर पुलिस ने तेलीबांधा निवासी लक्ष्मण बाघ उर्फ समीर को गिरफ्तार किया है। जीवन ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि बुधवार को वह अपने साथी के साथ काम की तलाश में तेलीबांधा ओवरब्रिज के नीचे खड़ा था। इस दौरान लक्ष्मण उसके पास पहुंचा और चाकू की नोंक पर डरा धमकाकर उसका तथा उसके साथी का मोबाइल लूटकर फरार हो गया।

### सूने मकान में धावा, नकदी और जेवर चोरी

**रायपुर।** डीडीनगर थाने में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के सेवानिवृत्त असिस्टेंट रीजनल मैनेजर ने अज्ञात युवती के खिलाफ नकदी सहित 70 हजार रुपए कीमत की सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। सुंदर नगर निवासी ब्यास नारायण शुक्ला ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। ब्यास नारायण ने पुलिस को बताया कि वह मंगलवार शाम घर बंद कर दोस्तों से मिलकर रात 9 बजे घर वापस लौटा तो दरवाजे में लगा ताला टूटा हुआ मिला। चोर अलमारी का लॉकर खोल नकदी तथा जेवर पर हाथ साफ कर दिया है। सीसीटीवी फूटेज में एक युवती मुंह पर स्कार्फ बांधे घर के अंजर चोरी करते दिख रही थी।

### आपसी रंजिश के चलते चाकू से जानलेवा हमला

**रायपुर।** खम्हारडीह थाने में एक महिला ने अपने पड़ोस में रहने वाले एक अन्य युवक के खलाफ आपसी रंजिश के चलते उसके बेटे पर चाकू से हमला करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। राजीव गांधी नगर निवासी आशा मिश्रा ने अजय तांडी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। आशा ने पुलिस को बताया कि बुधवार को उसका बेटा राहुल शाम के समय दोस्तों के पास घर के बाहर बैठा था। इस दौरान अजय मौके पर पहुंचा और राहुल के साथ विवाद करते हुए चाकू से उसकी जांघ पर वार कर मौके से फरार हो गया।

शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए मांगी थी मान्यता, देर से अनुमति इसलिए प्रवेश अगले वर्ष से

# 22 कॉलेजों ने मांगी नए कोर्स की अनुमति, रविवि ने कहा- केमिकल, कंप्यूटर व किताबें खरीदें, ढूंढें शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


पं.रविशंकर शुक्ल विवि की निरीक्षण समिति ने उन महाविद्यालयों का निरीक्षण पूर्ण कर लिया है, जिन कॉलेजों ने नवीन पाठ्यक्रम की अनुमति मांगी थी। निरीक्षण समिति ने अपनी रिपोर्ट रविवि को सौंप भी दी है। इस रिपोर्ट में टीम ने उन कमियों का जिक्र किया है, जो टीम ने संबंधित पाठ्यक्रम प्रारंभ करने के संदर्भ में पाई हैं। इन कमियों को दूर करने की शर्त के साथ अब इन महाविद्यालयों को चाही गई पाठ्यक्रम की मान्यता प्रदान की जाएगी। निरीक्षण समिति की रिपोर्ट के अनुसार, अधिकतर कॉलेजों में किताबों की कमी पाई गई है। पुस्तकालय अपडेट नहीं और शिक्षकों की कमी जैसी स्थिति भी अधिकतर महाविद्यालयों में पाई गई है।

इन रिपोर्ट को 4 नवंबर को हुई विद्या परिषद की बैठक में रखा गया। अब इसे कार्यपरिषद की बैठक में रखा जाएगा। यहां प्रस्ताव पारित होने के बाद महाविद्यालयों को मान्यता प्रदान कर दी जाएगी। ▶▶|शेष पेज 11 पर

हरिभूमि सरोकार

**खास बातें**

- उच्च शिक्षा विभाग की अनुमति पश्चात अनिवार्य होती है विवि की मान्यता
- निरीक्षण समिति ने सौंपी रिपोर्ट, कमियां दूर करने की शर्त के साथ कार्यपरिषद में रखा जाएगा प्रस्ताव



### विलंब से हुई प्रक्रिया

अकादमिक कैलेंडर के अनुसार प्रवेश की अंतिम तिथि 14 अगस्त है। इसके बाद मान्यता संबंधित अनुमति प्रदान की गई है। इस कारण कई महाविद्यालय वर्तमान सत्र से इसका लाभ नहीं उठा सकेंगे। - **प्रो.देवाशीष मुखर्जी,** सचिव, निजी महाविद्यालय संघ

### नवीन कक्षाओं के लिए कठिनाई

*जिन 22 महाविद्यालयों ने नवीन पाठ्यक्रम के लिए मान्यता मांगी है, उनमें से कई ऐसे हैं जो नया पाठ्यक्रम शुरुआत से प्रारंभ करना चाहते हैं। कई ऐसे महाविद्यालय हैं, जहां पहले से पाठ्यक्रम का संचालन हो रहा है। उक्त पाठ्यक्रम के छात्रों के अगली कक्षा में प्रवेश के कारण वे आगे की कक्षाओं की मान्यता चाहते हैं। जिन महाविद्यालयों ने पूर्णतः नवीन पाठ्यक्रम के लिए आवेदन किया है, वे अगले सत्र में प्रवेश दे पाएंगे। किंतु जो महाविद्यालय पहले से पाठ्यक्रम का संचालन कर रहे हैं, उन्होंने प्रथम अथवा द्वितीय वर्ष में अध्ययनरत छात्रों को मान्यता की प्रत्याशा में द्वितीय अथवा तृतीय वर्ष में प्रवेश दे दिया है। इसलिए ये वर्तमान सत्र से ही मान्यता का लाभ उठा सकते हैं। किसी भी नवीन पाठ्यक्रम के लिए उच्च शिक्षा विभाग के पश्चात संबंधित* ▶▶|शेष पेज 11 पर

### शहर के महाविद्यालयों में मिली ये खामियां...

| कॉलेज | पाठ्यक्रम | कमी |
|---|---|---|
| 1. राधाबाई गर्ल्स कॉलेज - | एमएसडब्ल्यू (20 सीट) | - 2 सहायक प्राध्यापक नियुक्त करें, 10 सेट पुस्तक खरीदें |
| 2. गुरुकुल महिला महाविद्यालय | - बीएससी बायो (10 सीट) | - उपकरण व केमिकल खरीदी करें, प्रयोगशाला की व्यवस्था |
| 3. महंत कॉलेज | - एमएससी सीए ब्रांच (10 सीट) | - पाठ्यक्रम अनुसार किताबें खरीदें |
| 4. शासकीय महाविद्यालय, माना कैंप | - बीएससी, बीकॉम व बीए (तृतीय वर्ष) | - फर्नीचर खरीदना व कंप्यूटर लैब की स्थापना जरूरी |
| 5. विवेकानंद कॉलेज, मौदहापारा | - बीए प्रथम वर्ष (नवीन विषय 25 सीट) | - 50 हजार राशि की किताबें खरीदें, ग्रंथपाल की नियुक्ति |
| 6. महाराजा अग्रसेन कॉलेज | -बीबीए (30 सीट वृद्धि) | - बीबीए की किताबें खरीदें, नियुक्त करें 2 शिक्षक |
| 7.नवीन शासकीय महाविद्यालय अमलीडीह | -(बीए, बीएससी, बीबीए, बीकॉम तृतीय वर्ष) | - 30 कंप्यूटर व विषय संबंधित सॉफ्टवेयर खरीदें |
| 8. शहीद नंदकुमार पटेल शा. महा., बीरगांव | (बीएससी बॉटनी द्वितीय व तृतीय वर्ष) | - किताबें, केमिकल और प्रयोगशाला की आवश्यकता |
| 9. शासकीय दाऊ कल्याण महाविद्यालय | - एलएलबी (80 सीट) | - विधि छात्रों के लिए पृथक कक्षा नहीं |
| 10. शिक्षा स्नातक महाविद्यालय मांढर | - बीएससी (30 सीट) | -शैक्षणिक- गैर शैक्षणिक स्टाफ की भर्ती करें, उपकरण की कमी |

# सिमगा से बर्थडे मनाने आए युवकों का घड़ी चौक के पास कार एक्सीडेंट, एक की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के तीन अलग-अलग थाना क्षेत्रों में बुधवार देर रात रोड एक्सीडेंट में चार लोगों की मौत हो गई। घड़ी चौक के पास अनियंत्रित कार लक्ष्मी मेडिकल स्टोर्स से टकरा गई। कार टकराने के बाद वापस जयस्तंभ चौक की तरफ मुड़ गई। कार में सवार गंभीर रूप से घायल एक युवक की गुरुवार को अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। टिकरापारा थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में दो युवक तथा आरंग थाना क्षेत्र के रसनी में एक युवक की रोड एक्सीडेंट में मौत हो गई।


- टिकरापारा, आरंग में दो अन्य सड़क हादसों में तीन की मौत

मौदहापारा थाने में दर्ज शिकायत के अनुसार सिमगा निवासी ज्ञानेंद्र जैन, अतुल साहू, पुष्पेंद्र साहू, पियूष साहू तथा एक अन्य अपने एक साथी का बर्थडे मनाने रायपुर आए थे। पार्टी करने के बाद ज्ञानेंद्र तथा उसके साथी ने ड्राइवर को कार से उतार दिया। इसके बाद सभी ▶▶|शेष पेज 11 पर

### छोटा हाथी की टक्कर से दो की मौके पर मौत

टिकरापारा थाना क्षेत्र में राजेंद्र नगर कैनाल रोड से लालपुर की तरफ जा रहे बाइक सवार लोरमी निवासी शिवसागर दिवाकर तथा महासमुंद निवासी राजा पटेल को लीलेंड छोटा हाथी ने सामने से टक्कर मार दी। छोटा हाथी की टक्कर से बाइक सवार दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। इसी तरह आरंग थाना क्षेत्र में राज्योत्सव देख कर लौट रहा यश चंद्राकर रसनी टोल प्लाजा के पास बाइक की गति नियंत्रित नहीं कर पाया और खंभे से टकरा गया। यश के सिर तथा शरीर के अन्य अंगों में गंभीर चोट लगने की वजह से मौके पर ही मौत हो गई।

# एक कार सवारों ने किया स्टंट, दूसरी कार के चालक ने खंभे को ठोका





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नवा रायपुर के राज्योत्सव में सख्त सुरक्षा व्यवस्था के बीच कार में स्टंटबाजी करने के साथ नशे में धुत्त एक कार चालक द्वारा एक्सीडेंट करने की घटना सामने आई है। दोनों वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। कार एक्सीडेंट करने वाला के साथ स्टंट करने वाले लड़कों की पहचान नहीं हो पाई है। बताया जा रहा है, वीडियो बुधवार देर रात का है।

- नशे में धुत्त युवक वीडियो में कहता नजर आ रहा कि वह कार चला नहीं उड़ा रहा था

वायरल वीडियो में दिख रहा है कि दो युवक बेहद ही खतरनाक तरीके से तेज रफ्तार चलती कार की खिड़की से अपने शरीर का आधा हिस्सा बाहर निकालकर नाचते-गाते रील बना रहे हैं। पास में एक अन्य कार चला रहा युवक उनका वीडियो बना रहा है। बताया जा रहा है, रील बनाने युवाओं ने नियम ▶▶|शेष पेज 11 पर

### कार्रवाई से बचने नंबर छिपा रहे

*स्टंटबाजी करने के दौरान कार या बाइक का नंबर नहीं दिखे, इसका भी स्टंटबाज इंतजाम कर रहे हैं। नवा रायपुर में स्टंटबाजी का जो वीडियो सामने आया है, उसमें वीडियो बनाने वाले युवक ने कार की नंबर प्लेट का वीडियो नहीं बनाया। इसकी वजह कार की नंबर प्लेट नहीं दिखने से चालानी कार्रवाई से बचना है।*

### नंबर की पतासाजी कर कार्रवाई

*उत्पातियों द्वारा कार में स्टंटबाजी का वीडियो सामने आने के बाद ट्रैफिक डीएसपी सतीश ठाकुर से संपर्क किया गया, तो उनका कहना है कि नवा रायपुर में अलग-अलग जगह लगे* ▶▶|शेष पेज 11 पर

### एयर क्राफ्ट शो हुआ इसलिए कार उड़ाया

एक अन्य घटना में नशेड़ी कार चालक ने एक बस स्टाप में लगे सौर ऊर्जा पोल को कार से उड़ा दिया। इससे सौर ऊर्जा पोल उखड़ गया, साथ ही सौर प्लेट जमीन पर टूटकर गिर गई। मौके पर उपस्थित लड़कों ने नशेड़ी कार चालक से कार चलाने के बारे में पूछा, तो उसने जवाब देते हुए कहा कि वह कार चला नहीं रहा था, कार उड़ा रहा था। कार उड़ाने की वजह पूछने पर कहा कि आज एयर क्राफ्ट शो हुआ है, इसलिए उसने कार उड़ाई।

# 2 साल बाद पुलिस मुख्यालय 17 से लेगा आरक्षक ट्रेड टेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

2023 में पुलिस मुख्यालय द्वारा आरक्षक पदों पर भर्ती के लिए निकाले गए विज्ञापन के अंतर्गत नियुक्ति की प्रक्रिया अब अंतिम चरण में पहुंच गई है। पुलिस मुख्यालय ने परीक्षा का शेड्यूल जारी कर दिया है। इसके मुताबिक, 17 से 19 नवंबर तक 8 जिलों में ट्रेड टेस्ट होगा। रायपुर, धमतरी, दुर्ग, खैरागढ़, बिलासपुर, रायगढ़, अम्बिकापुर और कोन्डागांव में यह ट्रेड टेस्ट आयोजित होगा।

- पुलिस मुख्यालय ने 4 अक्टूबर 2023 को जारी किया था विज्ञापन

इस भर्ती प्रक्रिया के तहत आरक्षक (चालक) और आरक्षक (ट्रेडमेन) के पदों के लिए उम्मीदवार अपनी योग्यता का प्रदर्शन करेंगे। पुलिस मुख्यालय ने अभ्यर्थियों को अपने निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर समय पर पहुंचने और सभी आवश्यक दस्तावेज साथ लाने के निर्देश दिए हैं। गौरतलब है कि ट्रेड टेस्ट एक व्यावहारिक परीक्षा है, जिसमें अभ्यर्थियों को पद से संबंधित अपनी योग्यता साबित करनी होती है। इसमें असफल होने पर उन्हें पद के लिए अयोग्य घोषित कर दिया जाता है।

### इसलिए विलंब

2023 के अक्टूबर माह में जारी विज्ञापन के अनुसार, पदों की संख्या 5967 थी। सूत्रों के अनुसार, भर्ती प्रक्रिया 2 साल से अधिक समय के बाद हो रही है। ऐसे में पदों की संख्या में बदलाव संभावित है। दो वर्ष पूर्व विज्ञापन जारी किए जाने के बाद ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया में विभिन्न कारणों से विलंब और स्थगन की स्थिति कई बार निर्मित हुई। पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है कि, ▶▶|शेष पेज 11 पर

# 6 माह पूर्व 1478 प्रधान पाठक-व्याख्याता को मिलनी थी पदोन्नति, 126 हो गए रिटायर, शेष अब बनेंगे प्राचार्य

## इस माह रिटायर हो जाएंगे 24 अन्य प्राचार्य, इस माह हो सकती है काउंसिलिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ई संवर्ग के व्याख्याताओं और प्रधान पाठक की पदोन्नति हाईकोर्ट के आदेश के बाद अब नवंबर में की जाएगी। इसके पूर्व अप्रैल में प्राचार्य पद पर पदोन्नति के लिए सूची जारी की जा हो चुकी थी, लेकिन एक पक्ष द्वारा कोर्ट में याचिका दायर किए जाने के कारण पदोन्नति रोक दी गई थी। अब शासन के पक्ष में फैसला सुनाते हुए न्यायालय ने पूर्व में हुई काउंसिलिंग के आधार पर पदोन्नति के आदेश दिए हैं। जिन ई-संवर्ग के 1478 व्याख्याताओं और प्रधानपाठकों को प्राचार्य पद पर पदोन्नत करने का आदेश अगस्त में जारी हुआ था, उनमें से 126 अब रिटायर हो चुके हैं।

- 5 अगस्त को सुनवाई के बाद सुरक्षित रखा गया था फैसला

गौरतलब है कि ई संवर्ग में 1478 प्राचार्य की पदोन्नति 30 अप्रैल 2025 को की गई थी, किन्तु न्यायालय में मामला होने के कारण पोस्टिंग नही दी गई। डबल बैंच में लंबी सुनवाई के बाद स्टे हटाया गया। इसके बाद सिंगल बैंच में मामला रखा गया। पूरी सुनवाई के बाद अभी तक फैसला सुरक्षित रखा गया था। 3 महीने पूर्व 5 अगस्त को सुरक्षित फैसले को सुनाते हुए नारायण प्रकाश तिवारी की याचिका को खारिज किया गया। ज्ञात हो इस याचिका के कारण 6 माह से पदोन्नति का आदेश पोस्टिंग के लिए अटक गया था। प्रधानपाठक और व्याख्याताओं को उनकी वरिष्ठता के आधार पर प्राचार्य पद पर पदोन्नत किया जाना है। याचिकाकर्ता कुछ वर्ष पूर्व प्राधन पाठक से व्याख्याता के पद पर पदस्थ हुआ था। उसकी वरिष्ठता प्रधान पाठक के पद के स्थान पर व्याख्याता पद के आधार पर तय की गई। इसके विरोध में उसके न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था।



### मिले वित्तीय लाभ

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने आदेश के बाद शिक्षा मंत्री, शिक्षा सचिव व डीपीआई से मांग करते हुए कहा है कि 30 अप्रैल 2025 को पदोन्नत किए गए 1478 प्राचार्य की पोस्टिंग के लिए अविलंब काउंसिलिंग की जाए तथा उन्हें निर्धारित शाला में तत्काल प्राचार्य के पद पर पोस्टिंग दी जाए। 30 अप्रैल को पदोन्नत हुए लेकिन अब रिटायर हो चुके व्याख्याताओं और प्रधानपाठकों को भी वित्तीय लाभ दिया जाए।

### 80 प्रतिशत पद हैं रिक्त

प्रदेश के शासकीय विद्यालयों में पिछले 10 वर्षों से हाईस्कूल एवं हायरसेकंडरी स्कूलों में प्राचार्य के पद रिक्त हैं। शिक्षा विभाग द्वारा 30 अप्रैल 2025 को 1478 पदों पर प्राचार्य पदोन्नति की गई है किंतु न्यायालयीन अवरोध के कारण अब तक शालाओं में पोस्टिंग नही हुई। 30 अप्रैल के पदोन्नति के बाद अब तक 126 पदोन्नत प्राचार्य सेवानिवृत्त हो चुके हैं, इस महीने भी 24 प्राचार्य रिटायर होंगे। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा, छत्तीसगढ़ के शिक्षा विभाग में 80% हाईस्कूल व हायरसेकेंडरी स्कूल में प्राचार्य नहीं हैं। इन शालाओं को प्राचार्य का इंतजार है। शाला में प्राचार्य पोस्टिंग होने से छात्रो के शैक्षणिक स्तर में सुधार होगा, संकुल व शाला के शिक्षा की गुणवत्ता में वृद्धि होगी।

# आदिवासियों से करोड़ों की ठगी केंद्रीय एजेंसी करेगी जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जिले की लगभग 40 हजार महिलाओं से करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी करने वाली फ्लोरामैक्स कंपनी पर अब शिकंजा कसता नजर आ रहा है। मामले में राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने संज्ञान लेते हुए राज्य सरकार को उच्च स्तरीय जांच के निर्देश दिए हैं। अब इस घोटाले की जांच केंद्रीय एजेंसी करेगी। उल्लेखनीय है कि पूर्व गृहमंत्री ननकीराम कंवर ने इस मामले की शिकायत राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग में दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया था कि कंपनी ▶▶|शेष पेज 11 पर

- राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने लिया संज्ञान

### 13 आरोपी गिरफ्तार 10 को मिली जमानत

आयोग के समक्ष बिलासपुर संभाग आयुक्त सुनील कुमार जैन ने बताया कि जांच के दौरान कंपनी से जुड़े 13 लोगों को गिरफ्तार किया गया था, जिनमें से 10 आरोपी जमानत पर बाहर हैं। उन्होंने कहा, पीड़ित महिलाओं को राहत दिलाने के लिए आरोपियों की ▶▶|शेष पेज 11 पर

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

# जिन सोसाइटियों में धान की शार्टेज, वहां प्रबंधक को खरीदी से रखें अलग, पंजीयक का आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

.मूल्य पर खरीदे गए धान की मात्रा में सूखत की वजह से धान की मात्रा कम हुई है, उन सोसाइटियों के प्रबंधकों को इस साल की धान खरीदी से अलग रखने का आदेश सहकारिता पंजीयक कार्यालय ने जारी किया है। खास बात ये है कि यह आदेश सोसाइटियों को प्राधिकृत अधिकारियों को दिया गया है। खबर है कि प्राधिकृत अधिकारी इस आदेश के खिलाफ और सोसाइटी प्रबंधकों के पक्ष में हैं, लेकिन ये लोग खुलकर सामने नहीं आना चाहते।

### ये है मामला

राज्य में खरीफ सीजन 2024-25 के दौरान राज्य की 2 हजार 739 सहकारी सोसाइटियों के माध्यम से नवंबर 2024 से जनवरी 2025 के बीच 149 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी की गई थी। बाद में जब धान को मिलरों और संग्रहण केंद्रों के भेजा गया और धान का हिसाब मिलाया गया तो पता लगा कि गरमी के कारण धान सूख गया है और धान की मात्रा कम हो गई है। इस कमी के लिए सोसाइटियों को प्रबंधकों को जिम्मेदार माना जा रहा है।

हरिभूमि सरोकार

### प्राधिकृत अधिकारियों को आदेश

इस मामले को लेकर उपायुक्त सहकारिता एवं उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं जिला रायपुर द्वारा सोसाइटियों को प्राधिकृत अधिकारियों को आदेश जारी किया गया है। रायपुर जिले में अभनपुर क्षेत्र की कुछ सोसाइटियों के प्राधिकृत अधिकारियों को यह आदेश मिल है। अभनपुर क्षेत्र की बंजारी, पिपरौद, तोरला, सुंदरकेरा,चंपाझर, पोंड, जाम गांव, टीला, मानिकचौरी आदि सोसाइटियों के लिए जारी आदेश में वहां धान में सूखत का मात्रा का ब्योरा देते हुए कहा गया है कि इस साल की धान खरीदी के दौरान इन सोसाइटियों के प्रबंधकों( धान खरीदी



प्रभारी) को धान खरीदी कार्य से पृथक करते हुए अन्य कर्मचारी को जवाबदारी सौंपने का कार्यवाही करते हुए 7 दिवस के भीतर कार्यालय उपायुक्त सहकारिता एवं उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं जिला रायपुर को अवगत कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा की स्थिति में कड़ी कार्यवाही की जावेगी।

### प्राधिकृत अधिकारी प्रबंधकों के पक्ष में

इस मामले में बताया जा रहा है कि रायपुर जिले में ही अधिकांश प्राधिकृत अधिकारी सोसाइटी प्रबंधकों के पक्ष में हैं, लेकिन वे खुलकर अपनी बात कहने से बच रहे हैं। एक प्राधिकृत अधिकारी न नाम न छापने की शर्त पर कहा है कि सूखत का मामला अभी हाईकोर्ट में विचाराधीन है। जब तक न्यायालयीन प्रक्रिया पूरी नहीं हो जाती है, तब तक कार्रवाई का अधिकार किसी को नहीं है। उल्लेखनीय है कि सोसाइटियों के चुनाव न होने के कारण शासन द्वारा अध्यक्ष के स्थान पर प्राधिकृत अधिकारियों की नियुक्त की गई है, इसमें अधिकांश लोग भाजपा समर्थक है।

### प्रबंधकों की ये है दलील

प्राधिकृत अधिकारियों को पंजीयक कार्यालय का आदेश मिलने के बाद प्रबंधकों ने कलेक्टरों को पत्र लिखकर अपनी बात कही है। इनका कहना है कि धान उपार्जन कार्य के दौरान हमारी समिति में संग्रहित धान की मात्रा निर्धारित बफर सीमा से कई गुना अधिक हो गई, जिसका मुख्य कारण अधिकृत एजेंसियों द्वारा धान का समय पर उठाव न किया जाना रहा। हमारे द्वारा बार-बार निवेदन करने के बावजूद भी धान का उठाव समय पर नहीं हुआ, जिससे प्राकृतिक एवं अनियंत्रणीय कारणों जैसे सूखावट, चूहों एवं मौसम जनित परिस्थितियों के कारण धान की मात्रा एवं गुणवत्ता में हानि हुई। इसके बावजूद हमारे विरुद्ध बकाया वसूली की नोटिस जारी कर दी गई तथा दंडात्मक कार्रवाई एवं आपराधिक प्रकरण दर्ज करने की धमकी दी जा रही है।, जबकि धान का समय पर उठाव करवाना शासकीय एजेंसियों की जिम्मेदारी थी। उच्च न्यायालय के हवाले से कहा गया है कि धान के उठाव में विलंव एवं प्राकृतिक हानि को ध्यान में रखते हुए विधि सम्मत प्रक्रिया का पालन किया जाए तथा त्रिपक्षीय समझौते एवं नीति के प्रावधानों के अनुसार निर्णय लिया जाए।

## खबर संक्षेप



### निविदा में गड़बड़ी, कांग्रेस पार्षद नगरीय प्रशासन मंत्री से मिले

रायपुर। नगर निगम जोन 9 के लाल बहादुर शास्त्री वार्ड पार्षद रेणु जयंत साहू ने नगरीय प्रशसन मंत्री अरुण साव से मुलाकात जोन द्वारा निर्माण कार्य व अन्य कार्यो के लिए निकाली जा रही निविदा में गड़बड़ी को लेकर शिकायत की है। उनका कहना है कांग्रेस एवं निर्दलीय पार्षदों के क्षेत्र में सभी ठेकेदारों को निर्धारित फार्म उपलब्ध कराया जाता है, तथा सभी नियम और प्रतिस्पर्धा का कड़ाई से पालन कराया जाता है। लेकिन दूसरी ओर भाजपा पार्षद के क्षेत्र में निविदा जारी की जाती है तो निविदा में भाग लेने ठेकेदारों को निगम के अधिकारियों द्वारा विभिन्न कारण बताकर निविदा फार्म लेने से मना किया जाता है। रेणु साहू ने आशंका जताई कि किसी खास ठेकेदार को उपकृत करने यह काम किया जाता है। इसलिए निविदा में पारदर्शिता का पूरी तरह से पालन किया जाए। निविदाओं के लिए सभी ठेकेदारों को निविदा फार्म उपलब्ध कराने की मांग उन्होने की है।

### राहुल बने सतनामी समाज युवा प्रकोष्ठ के महामंत्री

**रायपुर।** सतनामी समाज ने छत्तीसगढ़ सतनामी जिला रायपुर शहर का सतनामी समाज छत्तीसगढ़ युवा प्रकोष्ट की स्थापना के साथ जिला संगठन का गठन किया गया। जिला स्तर पर राहुल भारद्वाज को जिला महामंत्री नियुक्त किया गया। युवा प्रकोष्ट की बैठक में प्रदेश अध्यक्ष युवा प्रकोष्ट कमल कुर्रे ने नियुक्ति की घोषणा की।



### सांसद खेल महोत्सव पर तैयारी बैठक

**रायपुर।** रायपुर लोकसभा सांसद खेल महोत्सव का आयोजन राजधानी में किया जाएगा। इसकी तैयारी के संबंध में गुरुवार को महात्मा गांधी सदन में बैठक आयोजित की गई। नगर निगम खेल और युवा कल्याण विभाग के अध्यक्ष नंदकिशोर साहू की अध्यक्षता और खेल महोत्सव आयोजन व्यवस्था प्रभारी अधिकारी श्री अतुल शुक्ला की उपस्थिति में हुई बैठक में जोन कमिश्नर डॉ. दिव्या चंद्रवंशी, जोन 2 कमिश्नर डॉ. आरके डोंगरे, उपायुक्त मोनेश्वर शर्मा,कार्यपालन अभियंता डीके पैकरा, पीडी धृतलहरे संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

#### कृषि एवं किसान कल्याण विभाग ने बनाया नया नियम

# फूड प्रोसेसिंग यूनिट को मंडी शुल्क में मिलेगी पांच करोड़ तक की छूट, शर्त ये कि स्थानीय को देना होगा रोजगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में फूड प्रोसेसिंग से जुड़ी इकाइयों को अब कृषि मंडी शुल्क में पांच करोड़ रुपए तक की छूट मिल सकती है, लेकिन शर्त ये है कि राज्य के मूल निवासियों को स्थायी नियोजन में अकुशल कर्मचारियों, श्रमिकों के मामलों में 100 प्रतिशत कुशल कर्मचारियों के मामले में न्यूनतम 70 प्रतिशत तथा प्रशासकीय या प्रबंधकीय कर्मचारियों के मामले में न्यूनतम 40 प्रतिशत रोजगार उपलब्ध कराए जाने पर ही अनुदान की पात्रता होगी।

खास खबर

### अब बनाया गया ये नियम

विद्यमान उद्योग में, जिन्होंने 1 नवम्बर, 2019 के पूर्व वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ किया हो, इनके विस्तार पर ये नियम लागू होगा। यानि ऐसे उद्योग, जिन्होंने 2019 को अथवा उसके पश्चात विद्यमान उद्योग में वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ करने के दिन तक प्लांट एवं मशीनरी में मान्य निवेशित राशि के न्यूनतम 25 प्रतिशत राशि का अतिरिक्त निवेश किया हो, जिससे उद्योग विभाग में पंजीकृत क्षमता वा औसत उत्पादन (जो अधिक हो) में न्यूनतम 25 प्रतिशत की वृद्धि होती हो एवं कुल रोजगार में 10 प्रतिशत की वृद्धि होती हो. इसके अतिरिक्त विस्तारित क्षमता के उत्पादन प्रारंभ करने की कालावधि वाणिज्य एवं उद्योग विभाग, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा समय-समय पर जारी औद्योगिक नीति के अनुसार हो। विस्तारीकरण की प्रक्रिया प्रारंभ करने के पूर्व विद्यमान इकाई को सक्षम अधिकारी (जिसने इकाई को उत्पादन प्रमाण पत्र जारी किया हो) इस बाबत सूचना देकर विस्तार हेतु प्रस्तावित निवेश की निर्धारित मात्रा के लिए पूर्वानुमति प्राप्त करना अनिवार्य होगा।



### ये है मामला

राज्य सरकार के कृषि विकास एवं किसान कल्याण विभाग ने यह बदलाव करने के लिए राज्य की कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण( प्रोसेसिंग) उद्योग नीति 2012 के अंतर्गत मंडी शुल्क में छूट नियम 2014 में संशोधन किया है।

### इन्हें मिलेगी मंडी शुल्क से छूट

वाणिज्य एवं उद्योग विभाग, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा समय-समय पर जारी औद्योगिक नीति की कालावधि तक वाणिज्यिक उत्पादन प्रारम्भ करने वाले कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की श्रेणी में आने वाले (औद्योगिक नीति के अनुसार वर्णित अपात्र उद्योगों को छोड़कर) समस्त नवीन उद्योगों की स्थापना एवं विद्यमान उद्योगों के विस्तार या प्रतिस्थापन, शवलीकरण अंतर्गत स्थापित औद्योगिक इकाईयों को मण्डी शुल्क से छूट प्राप्त होगी।

### स्थानीय को रोजगार देने पर मिलेगा अनुदान

नए नियम में कहा गया है कि इकाई को छूट प्रमाण पत्र जारी दिनांक में न्यूनतम पांच वर्षों तक कार्यरत रखना होगा तथा उक्त अवधि में राज्य के मूल निवासियों को स्थायी नियोजन में अकुशल कर्मचारियों या श्रमिकों के मामलों में 100 प्रतिशत कुशल कर्मचारियों के मामले में न्यूनतम 70 प्रतिशत तथा प्रशासकीय या प्रबंधकीय कर्मचारियों के मामले में न्यूनतम 40 प्रतिशत रोजगार उपलब्ध कराए जाने पर ही अनुदान की पात्रता होगी।

### पांच करोड़ तक की मिलेगी छूट

नियम में कहा गया है कि मण्डी शुल्क से छूट की पात्रता इन्हें होगी। पात्र उद्योगों को प्रथम कच्चा मान कय अथवा प्रमाण पत्र जारी होने के दिनांक, जो भी पश्चातवर्ती हो, से 5 वर्ष तक के लिये कृषि उत्पादों पर लगने वाले मंडी शुल्क से पूर्ण छूट, अधिकतम राशि रु. 5 करोड़ प्रतिवर्ष की सीमा तक प्रदान की जायेगी, साथ ही छूट की कुल अधिकतम सीमा इकाई द्वारा किये गये स्थायी पूंजी निवेश के 75 प्रतिशत से अधिक नहीं, की कुल अधिकतम सीमा इकाई द्वारा किये गये स्थायी पूंजी निवेश के 75 प्रतिशत से अधिक नहीं होगी।

### इन वर्गों को और अधिक छूट

राज्य के अनुसूचित जाति, जनजाति, महिला उद्यमी, भारतीय सेना से सेवानिवृत्त राज्य के सैनिक, सेवानिवृत्त राज्य के अग्निवीर सैनिक एवं नक्सलवाद से प्रभावित व्यक्ति या परिवार एवं निःशक्तजनों, अप्रवासी भारतीय, प्रत्यक्ष विदेशी निवेशकों (एफडीआई) निर्यातक उद्यमों तथा विदेशी तकनीक के साथ परियोजनाएं स्थापित उद्योगों के लिए छूट की अवधि 6 वर्ष तक होगी। कृषि उत्पादों पर लगने वाले मंडी शुल्क से पूर्ण छूट, अधिकतम राशि 5.50 करोड़ प्रतिवर्ष की सीमा तक प्रदान की जायेगी, साथ ही छूट की कुल अधिकतम सीमा इकाई द्वारा किये गये स्थायी पूंजी निवेश के 75 प्रतिशत से अधिक नहीं होगी।

# उद्योगपतियों को सौंपने फिर 15 कोयला खदानों की नीलामी




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, अपने पूंजीपति मित्र को फायदा पहुंचाने मोदी सरकार ने निजी कमर्शियल यूज के लिए कोयला खदानों की खुली नीलामी के लिए सूचना जारी की है, जिसके तहत 29 नवंबर के बीच इलेक्ट्रिक ऑक्शन किया जायेगा। केंद्र सरकार देश में जिन 41 खदानों की नीलामी करने जा रही है, उनमें से 15 खदानें छत्तीसगढ़ की हैं।



- 15 कोल खदानों के लिए लाखों पेड़ घने क्षेत्रों के काटे जाएंगे

राज्य की यह 15 खदानें प्रदेश के घने वन क्षेत्रों की हैं तथा इन खदानों को शुरू करने के लिए वन क्षेत्रों के लाखों पेड़ काटने पड़ेंगे। उन्होंने कहा, रायगढ़ जिले में जो 4 कोल ब्लॉक नीलाम किए जा रहे हैं, वह लेमरू एलीफेंट रिजर्व का क्षेत्र है। रेलवे लाइन के नजदीक है। सूची में शामिल दो खदानें धरमजयगढ़ क्षेत्र की हैं, जो हाथी प्रभावित क्षेत्र में आते हैं। यह सरकार लेमरू एलीफेंट रिजर्व के भीतर ही दो-दो माइंस डेवलप करना चाहती है, अभी भी इस क्षेत्र में हाथियों की आवाजाही है। उन्होंने कहा, भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनते ही छत्तीसगढ़ के खनिज संसाधनों को लूटने की होड़ मच गई है। मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण से पहले ही हसदेव अरण्य के जंगल काटे गए, रायगढ़ जिले के तमनार में वन अधिकार अधिनियम के तहत आवंटित पट्टे की भूमि में हरे-भरे जंगल काट कर खदान अडानी को सौंप दिया गया। बीजापुर में कोरंडम खदान के लिए बिना पर्यावरण अनुमति के जंगल काट दिए गए। बैलाडीला में तीन खदान सहित कांकेर जिले में आयरन ओर की खदाने बेचें। अब सेंट्रल इंडिया का फेफड़ा कहलाने वाले हसदेव अरण्य और तमोर पिगला के कोरबा, रायगढ़ क्षेत्र में 15 नई कोयला खदानें निजी पूंजीपति को सौंपने जा रही है।

# एसआईआर में मृत, पलायन कर गए, डुप्लीकेट नामों को हटाने तथा पात्र नाम जोड़ने की प्रक्रिया पूरी होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम प्रदेश में शुरू हो गया है। इसका उद्देश्य मतदाता सूची को त्रुटिरहित, अद्यतन और पारदर्शी बनाना है। मृत, पलायन कर गए, डुप्लीकेट नामों को हटाने तथा पात्र नागरिकों के नाम जोड़ने की प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता के साथ की जाएगी। मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण के दौरान जिन व्यक्तियों की अर्हता संदिग्ध पाई जाएगी, उन्हें निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा नोटिस जारी किया जाएगा। उनका पक्ष सुनने के बाद अंतिम निर्णय ईआरओ द्वारा लिया जाएगा।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार बूथ लेवल अधिकारी प्रत्येक घर जाकर गणना प्रपत्र वितरित करेंगे और जानकारी संकलित करेंगे। सभी राजनीतिक दलों से आव्हान किया गया है कि अपने बूथ लेवल एजेंट की शीघ्र नियुक्त करें, ताकि वे बीएलओ के साथ मिलकर यह सुनिश्चित कर सकें कि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रहे। 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक होने वाली प्रक्रिया के दौरान गणना प्रपत्र लिए जाएंगे। जो पात्र नागरिक निर्धारित समयावधि में गणना प्रपत्र नहीं भर पाए हैं, वे दावा-आपत्ति अवधि में फार्म-6 एवं अतिरिक्त घोषणा-पत्र भरकर अपना नाम जुड़वा सकते हैं।

#### जिन व्यक्तियों की अर्हता संदिग्ध पाई जाएगी उन्हें दिया जाएगा नोटिस




**ईआरओ एडवांस में लेंगे आवेदन :** निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी 1 अप्रैल 2026, 1 जुलाई 2026 एवं 1 अक्टूबर 2026 को अर्हता प्राप्त करने वाले मतदाताओं के आवेदन एडवांस में भी स्वीकार करेगा। इच्छुक व्यक्ति अपने आवेदन बीएलओ के माध्यम से जमा कर सकते हैं। प्राप्त सभी दावा-आपत्तियों की सूची निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित की जाएगी तथा साप्ताहिक रूप से यह सूची राजनीतिक दलों के साथ साझा की जाएगी। इसके अतिरिक्त, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के निर्णय के विरुद्ध जिला निर्वाचन अधिकारी को अपील की जा सकती है, तथा जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्णय के विरुद्ध मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़ रायपुर को द्वितीय अपील प्रस्तुत की जा सकती है।

**ये करेंगे सहयोग :** दावा-आपत्तियों के निराकरण के उपरांत मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 7 फरवरी 2026 को किया जाएगा। अंतिम मतदाता सूची राजनीतिक दलों को निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। मतदाताओं के सहयोग हेतु प्रत्येक मतदान केन्द्र पर एनएसएस, एनसीसी, आजीविका दीदी, किसान मित्र, सचिव, मितानिन एवं हेल्थवर्कर को वालेंटियर के रूप में नियुक्त किया जाएगा। जिला मुख्यालय में कन्ट्रोल रूम/हेल्प डेस्क की स्थापना की गई है, जिसका संपर्क नंबर 1950 है। नागरिक किसी भी प्रकार की सहायता हेतु इस नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

# वंदेमातरम पर राजधानी में भाजपा का बड़ा कार्यक्रम, सीएम होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी 7 नवंबर को वन्देमातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने पर राजधानी रायपुर के साथ सभी संभागों में बड़े कार्यक्रम कर रही है। राजधानी रायपुर के इंडोर स्टेडियम में दोपहर को दो से पांच बजे तक होने वाले कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी रहेंगे। इस कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव भी रहेंगे।

रायपुर शहर के 20 मंडलों के साथ रायपुर शहर के सभी विधायकों, सांसद के साथ पार्षदों के समर्थक भी कार्यक्रम में शामिल होंगे। पांच हजार से ज्यादा लोग कार्यक्रम में वन्देमातरम् का गान करेंगे। भाजपा का प्रदेश संगठन 7 नवबंर से 26 नवंबर (संविधान दिवस) तक पूरे प्रदेश में कई कार्यक्रम करेगा। राजधानी के इनडोर स्टेडियम में शुक्रवार को होने वाले कार्यक्रम के



प्रभारी विधायक पुरंदर मिश्रा, पूर्व विधायक श्रीचंद सुन्दरानी व महापौर मीनल चौबे हैं। जगदलपुर में कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप के आतिथ्य में होने वाले कार्यक्रम के महापौर संजय पाण्डेय कार्यक्रम प्रभारी हैं। बिलासपुर स्टेडियम में केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम होगा जिसके प्रभारी पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल व महापौर पूजा विधानी हैं। अम्बिकापुर के पी.जी. कॉलेज के सभागार में होने वाले कार्यक्रम में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल मुख्य अतिथि होंगे। इस दौरान प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी व महापौर मंजुला भगत मौजूद रहेंगे। दुर्ग में बीआईटी कॉलेज के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम मुख्य अतिथि होंगे। दुर्ग में जितेंद्र वर्मा व महापौर अलका बाघमार को कार्यक्रम प्रभारी बनाया गया है।

### जिलों और विधानसभाओं में भी कार्यक्रम

वन्देमातरम् अभियान के प्रदेश प्रभारी नंदन जैन ने बताया, संभाग के कार्यक्रमों के बाद प्रदेश के सभी जिलों में 8 से 15 नवंबर के बीच कार्यक्रम होंगे। इसमें वन्देमातरम् का गान होगा। इसी के साथ सभी विधानसभाओं में बाइक रैली होगी। 8 से 18 नवंबर के बीच में सभी मंडलों में भी वन्देमातरम् का गान होगा। मंडलों में एसआईआर को लेकर होने वाली कार्यशाला के दौरान ही वन्देमातरम् गान का आयोजन होगा।

## सूचना

(ग्राम-डूमरतालाब प.ह.न.-53 रा.नि.मं. रायपुर-3 कोटा तहसील व जिला-रायपुर छ.ग. में स्थित कृषि भूमि खसरा नं.- 4/7 रकबा 0.0367हे., खसरा नं.-4/8 रकबा 0.0363हे., खसरा नं.-4/9 रकबा 0.0185 हे. एवं 4/10 रकबा 0.0096 हे. के संबंध में)

सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारगण श्री दिनेश चंद्र तिवारी पिता-श्री शिव गोविन्द तिवारी एवं श्री अभिनव चन्द्राकर पिता-श्री अशोक चन्द्राकर दोनो निवासी समता कॉलोनी रायपुर छ.ग. ने विक्रेतागण राजकुमार शर्मा पिता-श्रीकृष्ण शर्मा, श्रीमती सृष्टि शर्मा पति-श्री विशाल शर्मा एवं विशाल शर्मा पिता-श्री राजकुमार शर्मा तीनो निवासी मैत्री विहार, हीरापुर रोड़, सुनील डेयरी के सामने टाटीबंध रायपुर छ.ग. के स्वामित्व एवं आधिपत्य की ग्राम-डूमरतालाब प.ह.न.-53 रा.नि.मं. - रायपुर-3 कोटा तहसील व जिला-रायपुर छ.ग. में स्थित कृषि भूमि खसरा नं.- 4/7 रकबा 0.0367 हे., खसरा नं.-4/8 रकबा 0.0363 हे., खसरा नं.-4/9 रकबा 0.0185 हे. एवं 4/10 रकबा 0.0096हे. कुल खसरा-4 कुल रकबा 0.1007हे. अर्थात-10,878 वर्गफीट को क्रय करने का पक्का सौदा तय कर बयाना राशि अदा कर दिया है, तथा शेष संव्यवहार एवं पंजीयन / रजिस्ट्री की कार्यवाही बाकी है।

अतः उक्त सौदे पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, निगम, निकाय, बैंक, वित्तीय संस्थान, शासन एवं प्रशासन इत्यादि को किसी भी प्रकार की उजर या आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 (पन्द्रह) दिनों के भीतर मेरे समक्ष लिखित मय दस्तावेज के अपने आपत्ति दर्ज करावे, मियाद बाद उपरोक्त संपत्ति का संव्यवहार कर बैनामा पंजीयन / रजिस्ट्री मेरे पक्षकार द्वारा अपने पक्ष में करा लिया जावेगा तथा मियाद बाद प्रस्तुत की गयी आपत्ति उजर या दावा झूठी व विधि विरूद्ध मानी जावेगी एवं मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगा।

दिनांक - 06/11/2025
स्थान- रायपुर (छ.ग.)
**सो सूचना जाने ।**

भवदीय
**लकेश्वर चन्द्राकर** (अधिवक्ता)
कक्ष क्रमांक 109, टेबल नं. 18, प्रथम तल, नयी बिल्डिंग सिविल कोर्ट रायपुर छ.ग. मोबाईल नं. 98278 95454

## // आम सूचना //

सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि, मेरा पक्षकार क्रेता-किशोर कुमार सोनी पिता स्व. सीताराम सोनी निवासी-लिली चौक, पुरानी बस्ती, रायपुर छ.ग. ने विक्रेता श्रीमती भगवती सोनी पति श्री शंभू प्रसाद सोनी निवासी-नागरीदास मंदिर के पास, ठेठवारपारा, रायपुर छ.ग. के स्वामित्व एवं आधिपत्य की परिवर्तित भूमि जिसका खसरा नंबर क्रमशः 396/1, 396/3 भूखण्ड क्र. - 52/9, शीट नं. - 41, रकबा 320 वर्गफूट एवं भूखण्ड क्र. 51/2 शीट नं.- 41 रकबा 330 वर्गफूट भूतल पर पक्की गोदाम निर्मित है, जिसका वर्तमान प.ह.नं.- 106-अ/62 रा.नि.मं.-रायपुर-1, पुराना वार्ड रामसागरपारा वार्ड नंबर-17 नया वार्ड तात्यापारा वार्ड नंबर-37 है, उपरोक्त वर्णित गोदाम का विक्रेता श्रीमती भगवती सोनी पति श्री शंभू प्रसाद सोनी ने मेरे पक्षकार से 23,00,000/- रूपया में पक्का सौदा कर ब्याना राशि प्राप्त कर दिनांक 30.04.2022 को इकरारनामा का निष्पादन की है। इकरारनामा के निष्पादन के बाद भी उपरोक्त इकरारशुदा को संपत्ति को अंतरित कर दिया गया है, उक्त अंतरण विधिक नहीं होने से मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही है, और उपरोक्त वर्णित संपत्ति का वर्तमान में सौदा किया जाता है तो क्रेता को विधिक अधिकार प्राप्त नहीं होगा। क्योकि उपरोक्त संपत्ति के संबंध में माननीय न्यायालय श्रीमान अजय सिंह मीणा व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी रायपुर छ.ग. के न्यायालय में वाद श्रीमती भगवती सोनी एवं श्रीमती ममता सोनी के विरूद्ध लंबित है। जिसका व्यवहार वाद क्र.-102-अ/2024 है, इसके पश्चात भी ममता सोनी के द्वारा उपरोक्त वर्णित संपत्ति को विक्रय करने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है।

अतः सर्वसाधारण आम जनता एवं वित्तीय संस्था, बैंक, वित्तीय निकाय उपरोक्त वर्णित गोदाम को क्रय करने संबंधित संव्यवहार ना करे, उपरोक्त वादग्रस्त गोदाम को कय करने संबंधित संव्यवहार किया जाता है तो उसके लिए क्रेता स्वयं जिम्मेदार होगा। सो सूचना जाने।

रायपुर, छ.ग. दिनांक- 06/11/2025
भवदीय
**चन्द्रहास अवधिया, अधिवक्ता**
**पता- अवधियापारा, रायपुर तहसील व जिला रायपुर मो.नं. 8839705906, 9424214540**

# खरीदी की तैयारी, किसानों के धान की पंजीयन प्रक्रिया ठप, भारी रोष



**रायपुर।** सहकारी समितियों और जिला सहकारी बैंक शाखा के कर्मचारियों की संयुक्त हड़ताल के कारण धान खरीदी की तैयारी, किसानों के धान पंजीयन और एग्रीस्टेक पोर्टल पर पंजीयन जैसी प्रक्रियाएं पूरी तरह ठप हो गई हैं। तहसील कार्यालय में किसानों की त्रुटियों को अपडेट करने का काम भी नहीं हो रहा है, जिससे किसानों में भारी रोष है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा ने बताया कि साय सरकार ने धान खरीदी 15 नवंबर से शुरू करने की घोषणा जरूर की है, लेकिन जिस प्रकार से धान खरीदी करने वाले सेवा सहकारी समिति के प्रबंधक, कंप्यूटर ऑपरेटर एवं जिला सहकारी बैंक शाखा के शाखा प्रबंधक, कंप्यूटर ऑपरेटर सहित समस्त कर्मचारी हड़ताल पर हैं, जिससे किसानों को भारी समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। गिरदावरी के बाद समितियों के कंप्यूटर पर अपडेट नहीं होगा, राजस्व में त्रुटि के बाद कई किसान, जिसका 2 साल के बाद से बंटवारा, खरीदी-बिक्री हुई है, उसका सुधार के बाद समितियों में अपडेट करने के लिए समितियों में कोई नहीं हैं, ताले लटक रहे हैं। श्री वर्मा ने मांग की है कि समितियों के कर्मचारियों एवं बैंक के कर्मचारियों की जायज मांग तत्काल पूरी करें।



### भाजपा कार्यालय में वन्देमातरम गायन का पूर्वाभ्यास

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में गुरुवार को कार्यालय परिवार ने वंदे मातरम् गीत गायन का पूर्वाभ्यास किया। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने कहा, वंदे मातरम् गीत देश प्रेम, राष्ट्र के प्रति समर्पण और देश की एकता का प्रतीक है। इसकी गूंज में भारत की अस्मिता, गौरव और अमर बलिदान की कहानी है। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन, कोषाध्यक्ष राम गर्ग एवं अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व प्रदेश संयोजक शकील अहमद, आईटी सेल संयोजक सुनील पिल्लई आदि उपस्थित थे।

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### शिक्षिका ने बच्चों संग मनाया जन्मदिन

**आरंग।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लखौली में सोमवार को प्रोजेक्ट – आओ खुशियां बांटे के अंतर्गत एक अनोखा व भावनात्मक आयोजन हुआ। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती टी. पूर्णिमा का जन्मदिन विद्यालयीन बच्चों व स्टाफ के साथ मिलकर हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना गीत से हुई, जिसके बाद विद्यार्थियों ने मनमोहक कविता प्रस्तुति दी। पूरा परिसर खुशियों की गूंज से भर उठा। इसके पश्चात बच्चों ने अपने प्रिय शिक्षिका का जन्मदिन मनाया और शुभकामनाएं दीं। विद्यालय की प्राचार्य राज्यश्री गुप्ता ने इस अवसर पर कहा कि "प्रोजेक्ट 'आओ खुशियां बांटे' का उद्देश्य दूसरों की खुशी में सहभागी बनकर मानवता और करुणा के भाव को जीवित रखना है।

### कोऑपरेटिव बैंक व सहकारी समिति की मांगों का समर्थन

**आरंग।** किसान नेता पारसनाथ साहू ने कोऑपरेटिव बैंक तथा ग्रामीण सेवा सहकारी समिति के कर्मचारियों की मांगों का समर्थन करते हुए छत्तीसगढ़ शासन से अनुरोध किया है कि किसानों की सेवा में दिन-रात लगे हुए कर्मचारियों की सभी मांगें जायज हैं, जिन्हें शासन को तत्काल पूरा करना चाहिए ताकि धान खरीदी की तैयारी और खरीदी कार्य में किसी प्रकार का व्यवधान न आए। उन्होंने कहा कि एग्रीस्टेक पोर्टल में अभी तक सभी काश्तकारों का पूर्ण रूप से पंजीयन नहीं हो पाया है, उसे शीघ्र पूरा किया जाए। अनिश्चितकालीन हड़ताल के चलते सोसायटियों में ताले लटक गए हैं, जिससे किसानों को परेशानी हो रही है। धान खरीदी की तारीख निकट है, परंतु तैयारी शून्य है।

### ग्राम नेऊरडीह में नंदी एवं गोवर्धन पर्वत की स्थापना

**सिलयारी।** नेऊरडीह में नंदी एंव गोवर्धन पर्वत की स्थापना का कार्यक्रम आयोजित किया गया गोवर्धन पर्वत की स्थापना के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों ने कहा कि गोवर्धन पर्वत भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं से जुड़ा हुआ है और इसकी पूजा-अर्चना करने से मनोकामनाएं पूरी होती हैं। उन्होंने कहा कि नंदी एंव गोवर्धन पर्वत की स्थापना से क्षेत्र में धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। कार्यक्रम में स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और गोवर्धन पर्वत की पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर भजन-कीर्तन और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। इस मौके पर जनपद अध्यक्ष शकुन्तला ढिलेन्द्र सेन , जिला पंचायत सदस्य सविता चंद्राकर, जनपद सदस्य भगत बंजारे, , शोभाराम यादव , नेऊरडीह सरपंच पार्वती बंजारे , मांढर सरपंच कुमारी आडिल , उप सरपंच रंजीत बंजारे , वीके बंजारे सहित गांव के पंच एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

### मुक्तिबोध राष्ट्रीय नाट्य समारोह 12 नवंबर से

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ फिल्म एवं विजुअल आर्ट सोसाइटी द्वारा पांच दिवसीय 12 से 16 नवंबर तक मुक्तिबोध राष्ट्रीय नाट्य समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम राजधानी के गांधी चौक स्थित रंग मंदिर में होगा। कार्यक्रम में मुंबई, भोपाल और जबलपुर के कई दिग्गज कलाकारों की टीम अपनी प्रस्तुति देगी। समारोह के अंतिम दिन 16 नवंबर को युवा रंगकर्मी और लेखक सौरभ अनंत द्वारा लिखित एवं निर्देशित संगीतमय नाटक 'गांधी गाथा' का 15वां मंचन किया जाएगा।

## निधन

### लक्ष्मी बाई साहू

**अभनपुर।** सोनपैरी (टेकारी)निवासी श्रीमति लक्ष्मी बाई साहू का निधन 5 नवम्बर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम मे किया गया। वे चैतराम साहू के पति एवं जागेश्वर साहू की माता थी।

# एकादशी के उपासना से भक्ति और अनुशासन की मिलती है प्रेरणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

भक्ति, अनुशासन और आस्था जब जीवन का हिस्सा बन जाए तो उम्र भी सिर झुका देती है। ऐसा ही प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया है आरंग के समीप ग्राम कुकरा निवासी 81 वर्षीय श्रद्धालु देवाली राम साहू ने, जिन्होंने बीते 60 वर्षों तक लगातार एक भी एकादशी छोड़े बिना व्रत किया और इस वर्ष देवउठनी एकादशी के पावन पर्व पर अपने इस दीर्घ संकल्प को पूर्ण किया।देवाली राम साहू ने बताया कि उन्होंने सिर्फ 11 वर्ष की उम्र से ही एकादशी व्रत रखना प्रारंभ किया था। उस समय उनके गांव में धार्मिक परंपराओं का गहरा प्रभाव था और माता-पिता की प्रेरणा से उन्होंने देवउठनी व्रत, भीमसेनी व्रत और कृष्णाष्टमी व्रत जैसे अन्य उपवास भी करना शुरू किया। समय के साथ उनकी आस्था इतनी प्रबल हुई कि उन्होंने 1 अक्टूबर 1965 से लेकर 1 नवम्बर 2025 तक बिना किसी व्यवधान के हर एकादशी व्रत का पालन किया।

**देवाली साहू 60 वर्षों से लगातार एकदशी व्रत का पालन करते आ रहे**



### निरोगी काया का मिला वरदान

भगवान विष्णु और लक्ष्मीनारायण के प्रति गहरी श्रद्धा के साथ किए इस व्रत का परिणाम आज भी उनके स्वस्थ और प्रसन्न जीवन में झलकता है। देवाली राम साहू बताते हैंभगवान की कृपा से मैंने आज तक किसी बड़ी बीमारी का सामना नहीं किया। अब तक केवल एक दिन का भी बुखार महसूस नही हुआ, बाकी पूरा जीवन तन-मन से स्वस्थ रहा। गृहस्थ जीवन में रहते हुए भी इस व्रत ने मुझे संतोष, समृद्धि और मानसिक शांति प्रदान की है।उन्होंने कहा कि "एकादशी व्रत केवल उपवास नहीं बल्कि आत्म-संयम, भक्ति और श्रद्धा का प्रतीक है। जो भी व्यक्ति श्रद्धा से यह व्रत करेगा, लक्ष्मीनारायण उसकी रक्षा करेंगे और जीवन में संतोष व सौभाग्य प्रदान करेंगे।ग्राम कुकरा के ग्रामीणों ने भी देवाली राम साहू के इस अद्भुत धार्मिक अनुशासन को समर्पण, श्रद्धा और आत्मबल की मिसाल बताया। गांव के बुजुर्गों ने कहा कि उनके जीवन की यह साधना आज की पीढ़ी के लिए प्रेरणा है कि सच्ची निष्ठा से किया गया व्रत केवल ईश्वर को नहीं, बल्कि आत्मा को भी प्रकाशित करता है।देवाली राम साहू का जीवन आज पूरे क्षेत्र के लिए आस्था, स्वास्थ्य और सत्कर्म की जीवंत प्रेरणा बन गया है।

## महापौर के निर्देश पर निगम के सफाई अधिकारी ने तीन जोन में किया औचक निरीक्षण

# शास्त्री बाजार में सड़ी गली सब्जियों का ढेर, आमापारा में स्कूल के सामने कूड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

निगम के सफाई विभाग की मुख्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही ने सफाई कार्य की मानिटरिंग में लापरवाही बरतने पर 3 जोन के संबंधित कर्मचारियों पर एक्शन लिया है। इसमें जोन 4 के सफाई सुपरवाइजर महेश सेंदरे की वेतन वृद्धि रोकने की सिफारिश और जोन 5 के प्रभारी एसआई दिलीप भारती, जोन 8 के सुपरवाइजर बड़जू भारती को शोकॉज नोटिस देकर जवाब मांगा है।

हरिभूमि सरोकार

शहर की सफाई व्यवस्था के औचक निरीक्षण के दौरान 3 जोन में सार्वजनिक स्थानों पर सफाई व्यवस्था में खामी मिलने पर यह कदम उठाया गया है। दरअसल, शहर में सफाई की हालत देख कर महापौर मीनल चौबे ने 4 नवंबर को सफाई ठेकेदारों और अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर फटकार लगाई। बैठक में ही उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि सफाई नहीं तो भुगतान नहीं। दिशा-निर्देश के बाद भी सुधार होता नहीं दिख रहा है। इसका एक बड़ा कारण जोन स्तर पर निगरानी का सिस्टम ठप होना है।

महापौर मीनल चौबे और निगम आयुक्त विश्वदीप के आदेश पर मुख्य सफाई अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही ने शहर की सफाई व्यवस्था की धरातल पर पड़ताल की। इसमें जोन 4 कमिश्नरी क्षेत्र स्थित शास्त्रीबाजार के अंदर सड़ी-गली सब्जियों का ढेर पाया गया। इसे त्योहार के बाद से नहीं उठाया गया, जबकि शहर के सबसे बड़े सब्जी बाजार में रोजाना बड़ी संख्या में रायपुर के साथ आसपास से बड़ी संख्या में लोग खरीदारी करने पहुंचते हैं। गंदगी नहीं उठाने से बदबू के मारे वहां से गुजरना मुश्किल हो रहा है। इसके लिए, जोन सुपरवाइजर महेश सेंदरे की लापरवाही पर संचयी प्रभाव से एक वेतन वृद्धि रोकने की सिफारिश की। डॉ. तृप्ति पाणिग्रही ने बताया कि उन्होंने महापौर और निगम आयुक्त को इस कार्रवाई से अवगत करा दिया है। सफाई ठेका की शर्त अनुसार वार्डों में नाले-नाली, सड़क, गली और तालाब की सफाई प्लेसमेंट कर्मचारियों को ही करना है।

### खास बातें

- जोन 4 के सफाई सुपरवाइजर की वेतन वृद्धि रोकने सिफारिश
- जोन 5 के प्रभारी एसआई दिलीप भारती, जोन 8 के सुपरवाइजर बड़जू भारती को शोकॉज नोटिस
- इसका बड़ा कारण जोन स्तर पर निगरानी का सिस्टम ठप होना








### कारण बताओ नोटिस जारी

इसी तरह नगर निगम जोन 5 के आमापारा क्षेत्र वाले पंडित आरडी तिवारी स्कूल के सामने कूड़े का ढेर मिला, जिसे एक अरसे नहीं उठाया गया। सफाई विभाग की अधिकारी ने इसके लिए जोन के प्रभारी एसआई दिलीप भारती को कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया है। वहीं जोन 8 कमिश्नरी के हीरापुर मोहबा बाजार इलाके स्थित सर्वोदय नगर की सफाई व्यवस्था का आकस्मिक निरीक्षण के दौरान नालियां जाम पाई गईं। इसके लिए जोन 8 के सफाई सुपरवाइजर बड़जू भारती को कारण बताओ नोटिस कर जवाब मांगा गया है।

# तहसील साहू संघ का गठन मनीराम अध्यक्ष मनोनीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

5 नवम्बर दिन गुरुवार को निर्वाचित होने के पश्चात तहसील साहू संघ तिल्दा नेवरा सर्वप्रथम माँ कर्मा की पूजा अर्चना कर पूर्व अध्यक्ष पोषण साहू सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पुनः बधाई देते हुए पदभार दिया गया । कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया जिसमें समाज को सुचारू रूप से चलाने हेतु समाज के वरिष्ठ जनों द्वारा सभी तहसील के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के साथ अन्य पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया। पूर्व तहसील अध्यक्ष पोषण साहू नेवरा अच्छे कार्यकाल को देखते हुए उन्हें संरक्षक बनाया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष मनीराम साहू घिवरा , नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष गिरेंद्र साहू निनवा, नवनिर्वाचित महिला उपाध्यक्ष संगीता साहू सगुनी, वरिष्ठ महिला उपाध्यक्ष अनीता साहू छतौद, नवनिर्वाचित संगठन सचिव फगवाराम साहू खुड़मुड़ी,महिला संगठन सचिव श्रीमती टिकेश्वरी साहू बुड़ेनीसचिव सुरेश कुमार साहू भड़हा, सह सचिव रामेश्वर साहू खपरीकला, कोषाध्यक्ष डॉ शिव कुमार साहू ताराशिव, अंकेक्षक बलदाऊ साहू लखना, मीडिया प्रभारी श्री मोनेश साहू नेवरा, छात्रावास एवं राजिम सदन प्रभारी त्रिलोचन साहू नेवरा, महिला सदस्य डाहरीन साहू परसदा, धानबाई साहू निनवा, सावित्री साहू बहेसर, बृजबाई साहू भूमिया ।



युवा शक्ति को मजबूती प्रदान करने के लिए तहसील युवा अध्यक्ष पुनः योगेंद्र साहू जी खुड़मुड़ी, उपाध्यक्ष गजानंद साहू नेवरा और गजेंद्र सोनू साहू असौंदा, सह सचिव राजू साहू नेवरा, कोषाध्यक्ष मनीष साहू निनवा, मीडिया प्रभारी साहू , अंकेक्षक मयाराम साहू घिवरा, सह कोषाध्यक्ष परमेश्वर साहू भुरसुदा, सचिव पोषण साहू बेमता । न्याय प्रकोष्ठ शिवलाल साहू सरारीडीह, भागबली साहू खपरीकला, खूबीराम साहू घिवरा। सलाहकार दिलीप साहू खरोरा, रामलाल साहू जोता, राजू साहू सरोरा।

### परीक्षा केंद्रों में अनिवार्य होगी दीवार घड़ी

**रायपुर।** व्यापम 9 नवंबर को ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक भर्ती परीक्षा आयोजित करेगा। परीक्षा को लेकर केंद्राध्यक्ष व परिवहन अधिकारी की बैठक रेडक्रॉस सभाकक्ष, कलेक्ट्रट में रखी गई। केंद्रों में व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने तथा सभी केंद्रों में दीवार घड़ी लगाने संबंधित निर्देश दिए ताकि अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। कपड़ों के रंग सहित अन्य नियमों को लेकर भी स्थिति स्पष्ट की गई ताकि किसी तरह का विवाद ना हो। बैठक नोडल अधिकारी व डिप्टी कलेक्टर उपेंद्र किण्डो ने ली। सहायक नोडल अधिकारी केदार पटेल सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



# पालिका ने निकाली रैली स्वच्छता का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती चंद्रकला वर्मा के नेतृत्व में गुरुवार गांधी चौक नेवरा से स्वच्छता रैली निकाली गई, रैली गांधी चौक नेवरा से सिंधी कैंप,स्टेशन चौक, पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक होते हुए डॉ खूबचंद बघेल चौक में समाप्त की गई, इस बीच स्वच्छता का संदेश दिया गया, सभी से अनुरोध किया गया कि दुकान व घरों का कचरा नाली में नहीं डाले, कचरा निर्धारित डस्टबिन में ही डाले और उसे स्वच्छता दीदियों को देने अपील की गई, साथ ही पालिका अध्यक्ष चंद्रकला वर्मा ने कहा कि अगर कचरा नालियों में डाला गया और पता चलने पर उससे एक हजार रुपए जुर्माना लिया जाएगा साथ ही बताने वाले का नाम गुप्त रखकर उसे 500 रुपए इनाम दिया जाएगा।

वहीं स्वच्छता रैली में पालिका अध्यक्ष चंद्रकला वर्मा, डॉ खुमान वर्मा, पार्षद ईश्वर यदु, विनोद नेताम, दीनू साहू, संतोष यादव, सतीश निषाद,जयेश पैकरा, अन्नपूर्णा कश्यप, नीता वर्मा, पूर्व उपाध्यक्ष विकास सुखवानी, किरण वर्मा, मंडल अध्यक्ष मनोज निषाद, लखु नागवानी, सूरज पंजवानी, सीएमओ अनीश ठाकुर सहित अन्य लोग उपस्थित हुए।

# इसरो प्रदर्शनी में छात्रों ने जाना अंतरिक्ष का रहस्य



**आरंग।** एन.एच. गोयल वर्ल्ड स्कूल, रायपुर में 5 से 7 नवम्बर तक आयोजित इसरो–विक्रम साराभाई स्पेस साइंस एग्जिबिशन एवं राष्ट्रीय शिक्षक विज्ञान सम्मेलन में महात्मा गांधी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, रीवा के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।विद्यालय के प्राचार्य आर.पी. चंद्राकर के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ व्याख्याता रवि कुमार वर्मा के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने प्रदर्शनी का भ्रमण किया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में विज्ञान एवं अंतरिक्ष अनुसंधान के प्रति जिज्ञासा और नवाचार की भावना विकसित करना रहा। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने इसरो के वैज्ञानिकों से सीधा संवाद कर उपग्रहों की संरचना, रॉकेट प्रक्षेपण की प्रक्रिया और अंतरिक्ष में उपग्रहों के कार्य प्रणाली के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। वरिष्ठ व्याख्याता रवि कुमार वर्मा ने बताया कि विद्यार्थियों के लिए यह अनुभव अत्यंत प्रेरणादायक रहा। वहीं लौटकर विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि इस प्रदर्शनी ने उनमें अंतरिक्ष विज्ञान के प्रति नई रुचि और समझ को जन्म दिया है।

# विभिन्न ब्रांडों की अवैध शराब जब्त, एक गिरफ्तार

तिल्दा नेवरा tld 01 फोटो



**तिल्दा नेवरा।** एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना तिल्दा नेवरा क्षेत्रांतर्गत सासाहोली स्थित ओव्हर के नीचे एक व्यक्ति अपने पास थैलों में शराब रखा है तथा बिक्री करने की फिराक में है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना तिल्दा नेवरा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिये के व्यक्ति को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम सोनू उर्फ हरीश कुमार नसानी पिता गोपीचंद नसानी उम्र 32 वर्ष वार्ड क्रमांक 5 तिल्दा सिंधी कैंप निवासी होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उसके पास रखें 2 थैलों की तलाशी लेने पर थैलों में विभिन्न ब्रांडो के अलग अलग शराब रखा होना पाया गया।

जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा आरोपी सोनू उर्फ हरीश कुमार को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध रूप से रखें अलग - अलग ब्राण्ड के कुल 18.660 बल्क लीटर अंग्रेजी शराब जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना तिल्दा नेवरा में धारा 34(2) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया।

# 90 पौवा शराब जब्त, दो पर पुलिस ने की कार्रवाई

**तिल्दा नेवरा।** सचिव सह आबकारी आयुक्त सुश्री आर संगीता, कलेक्टर रायपुर गौरव सिंह के निर्देश एवं प्रभारी उपायुक्त आबकारी रायपुर राजेश शर्मा के मार्गदर्शन में 5/11/2025 को अवैध रूप से मदिरा धारण करने की सूचना में वार्ड न 9 सतनामी पारा नेवरा निवासी आरोपी मनीष धिरे पिता मणिकराम धिरे के मकान में दबिश देकर अवैध रूप से 67 पौव्वा देशी मदिरा मसाला शराब9 बरामद किया गया आरोपी के विरुद्ध छ.ग.आब.अधिनियम की धारा 34(2) , 59(क)के तहत प्रकरण कायम कर गिरफ्तार किया गया। साथ ही ग्राम चंगोरी थाना तिल्दा में आरोपी नंदकुमार गायकवाड़ पिता मंगला गायकवाड़ के घर से 23 पौव्वा देशी मदिरा मसाला शराब जप्त कर छ.ग.आब.अधिनियम की धारा 34(1)(ख ) का प्रकरण क़ायम किया गया। उक्त प्रकरण आबकारी उपनिरीक मेधा मिश्रा द्वारा पंजीबद्ध किया गया । उक्त कार्यवाही में आबकारी मुख्य आरक्षक दिगंबर भूरा का विशेष योगदान रहा।



### 22 कॉलेजों ने मांगी नए...

चूंकि मान्यता प्रक्रिया में इस वर्ष विलंब हुआ है, इसलिए सत्र 2025-26 में मान्यता प्राप्त होने के बाद भी महाविद्यालयों को इसका लाभ नहीं मिल सकेगा। प्रवेश प्रक्रिया समाप्त होने के कारण इन पाठ्यक्रमों में सत्र 2026-27 से ही दाखिले दिए जाएंगे।

### नवीन कक्षाओं के लिए...

विवि की मान्यता अनिवार्य होती है। नवीन पाठ्यक्रम की मान्यता के लिए उच्च शिक्षा विभाग ने पिछले वर्ष नवंबर में निरीक्षण किया था, लेकिन अनुमति इस वर्ष अगस्त में दी गई। इसके बाद रविवि ने अपनी टीम को निरीक्षण के लिए भेजा।

### सिमगा से बर्थडे मनाने आए...

लड़के कार लेकर घूमने के लिए निकले। रात डेढ़ बजे के करीब जयस्तंभ चौक से तेज रफ्तार आ रही कार

## पेज 09 के शेष...

अनियंत्रित हो गई और लक्ष्मी मेडिकल सहित दो तीन दुकानों से टकराने के बाद कार पुनः जयस्तंभ चौक की तरफ मुड़ गई। एक्सीडेंट में पुष्पेंद्र की मौत हुई है। पुष्पेंद्र चोला मंडलम फाइनेंस कंपनी में काम करता था।

### एक कार सवारों ने किया स्टंट...

कायदों को ताक पर रख कर जान जोखिम में डाल लाइक पाने के लालच में रील बना रहे। उल्लेखनीय है कि बुधवार को नवा रायपुर में सूर्य किरण एयर शो के साथ उपराष्ट्रपति का आगमन हुआ था। साथ ही राज्योत्सव का आखिरी दिन होने की वजह से देर रात तक पुलिस के साथ ट्रैफिक जवानों का अतिरिक्त बल लगाया गया था। ऐसे में कार सवार उत्पातियों ने पुलिस को चुनौती देते हुए रील बना कर कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### नंबर की पतासाजी...

कैमरों के माध्यम से जानकारी जुटाई जा रही है। कार नंबर की जानकारी जुटाने के बाद ट्रैफिक डीएसपी ने स्टंटबाज लड़कों के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही। ट्रैफिक अफसर ने नशेड़ी कार चालक के बारे में भी जानकारी जुटाकर कार्रवाई करने की बात कही।

### इसलिए विलंब...

भर्ती परीक्षा से संबंधित विस्तृत जानकारी और समय-सारणी के लिए उम्मीदवार अपने संबंधित रेंज के पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। चयन प्रक्रिया पूरी होने के बाद सफल अभ्यर्थियों की सूची आधिकारिक पोर्टल पर प्रकाशित की जाएगी, ताकि पारदर्शिता बनी रहे।

### आदिवासियों से करोड़ों की ठगी...

ने ग्रामीण महिलाओं को लालच देकर 30-30 हजार रुपए का लोन निकलवाया और उनसे लगभग 120 करोड़ रुपए का निवेश कंपनी में कराया। शिकायत के बाद आयोग ने मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ शासन को इस संबंध में 30 दिन के भीतर रिपोर्ट देने के निर्देश जारी किए हैं। आयोग ने अपनी सिफारिश में कहा, यह मामला गंभीर वित्तीय अनियमितता और आदिवासी महिलाओं के आर्थिक शोषण से जुड़ा है। मामले में एससी एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत अपराध दर्ज करते हुए समयबद्ध जांच सुनिश्चित की जाए। साथ ही आयोग ने कहा, जांच एजेंसी द्वारा तैयार चालान की प्रमाणित प्रति आयोग को भेजी जाए। आयोग ने यह स्पष्ट किया है कि इस मामले की जांच निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से की जाए तथा पीड़ित महिलाओं को मुआवजा और न्याय दिलाने की दिशा में राज्य सरकार शीघ्र कदम उठाए।

### 13 आरोपी गिरफ्तार...

संपत्तियों की तलाश की जा रही है और कुछ संपत्तियां बरामद भी की गई हैं।

### आवासीय नक्शे में बनी 3 दुकानें, 2 अन्य दुकानें बकाया नहीं देने पर सील

**रायपुर।** शहर में आवासीय नक्शा पास कराकर व्यावसायिक उद्देश्य के लिए बनाई गई दुकानों को नगर निगम ने सील कर दिया है। जोन 1 कमिश्नरी के वार्ड नंबर 18 में ऐसी दुकानों को सीलबंद किया गया। वहीं जोन 6 कमिश्नरी के महामाया मंदिर वार्ड के प्रोफेसर कालोनी क्षेत्र में बकाया कर जमा नहीं करने पर 2 दुकानों को तत्काल स्थल पर सील किया गया। नगर निगम जोन 1 की टीम ने बाल गंगाधर तिलक वार्ड में आवासीय नक्शा नगर निगम से पास कराकर दुकानें खोल देने पर संबंधित 3 दुकानों को स्थल पर पहुंचकर सील किया।

## खबर संक्षेप

### मुक्तिबोध राष्ट्रीय नाट्य समारोह 12 नवंबर से

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ फिल्म एवं विजुअल आर्ट सोसाइटी द्वारा पांच दिवसीय 12 से 16 नवंबर तक मुक्तिबोध राष्ट्रीय नाट्य समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम राजधानी के गांधी चौक स्थित रंग मंदिर में होगा। कार्यक्रम में मुंबई, भोपाल और जबलपुर के कई दिग्गज कलाकारों की टीम अपनी प्रस्तुति देगी। समारोह के अंतिम दिन 16 नवंबर को युवा रंगकर्मी और लेखक सौरभ अनंत द्वारा लिखित एवं निर्देशित संगीतमय नाटक 'गांधी गाथा' का 15वां मंचन किया जाएगा। भोपाल स्थित विहान ड्रामा वर्क्स द्वारा प्रस्तुत यह नाटक महात्मा गांधी की जीवन यात्रा को एक अनूठे संगीतमय रूपक के माध्यम से दर्शकों के समक्ष लाएगा। 'गांधी गाथा' एक संगीतमय प्रस्तुति है, यह प्रस्तुति गांधीजी के महान बलिदान को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करती है। राष्ट्रीय मुक्तिबोध नाट्य समारोह के माध्यम से दर्शकों को गांधीवादी विचारों की प्रासंगिकता से रूबरू होने का अवसर मिलेगा।

## निधन

### संत कुमार साहू



**रायपुर।** आरंग के ग्राम खमतराई निवासी संत कुमार साहू (62) का निधन हो गया। वे जीरा साहू के पुत्र, रेखा साहू के पति व सनत साहू, छगन लाल साहू, दिलहरण साहू के भाई थे।

### पद्मा देवी बोथरा



**रायपुर।** इटारसी निवासी पद्मा देवी बोथरा (धर्म सहायिका) का 6 नवंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार इटारसी में किया गया। वे सीए रमेश एवं विजय संचेती की बहन थीं।

### लक्ष्मी बाई साहू

**रायपुर।** सोनपैरी (टेकारी) निवासी लक्ष्मी बाई साहू का 5 नवम्बर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय श्मशानघाट में किया गया। वे चैतराम साहू की पत्नी एवं जागेश्वर साहू की माता थीं।

# ऑटो के लिए चार जोन की व्यवस्था फेल होने पर दो तक सीमित करने का विचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के व्यस्त मार्गों पर नासूर साबित हो रहे ट्रैफिक जाम का बड़ा कारण ऑटो, ई-रिक्शा है। ई-रिक्शा चलाने वाले ट्रैफिक नियम तोड़ने के साथ सवारी लेने कहीं भी ऑटो रोक देते हैं। इसके साथ ही जिन मार्गों पर सवारी का दबाव रहता है, ज्यादातर ऑटो चालक उन्हीं मार्गों पर ऑटो के साथ ई-रिक्शा चलाते हैं। दीपावली, राज्योत्सव होने के बाद ट्रैफिक पुलिस शहर की ट्रैफिक व्यवस्था स्मूथ बनाए रखने के लिए नए सिरे से प्लान कर रही है। इसमें ऑटो, ई-रिक्शा को ध्यान में रखते हुए ट्रैफिक योजना बनाने का विचार किया जा रहा है। शहर के अंदर बेतरतीब तरीके से संचालित ऑटो तथा ई-रिक्शा पर लगाम लगाने दो जोन में बांटने पर विचार किया जा रहा है। इसमें रेलवे स्टेशन के साथ इंटर स्टेट बस टर्मिनल को ध्यान में रखते हुए ऑटो वालों के लिए जोन बांटने की तैयारी है। दो जोन में बंटने के बाद शहर में संचालित ऑटो तथा ई-रिक्शा दो भागों में बंट जाएंगे। इससे व्यस्त मार्गों पर ऑटो, ई-रिक्शा का दबाव कम होने का अनुमान ट्रैफिक अफसर लगा रहे हैं।

### एप लांच करने किया जा रहा विचार

लोगों को अपने क्षेत्र में बगैर मोल भाव किए आसानी से ऑटो मिल पाए, इस बात को ध्यान में रखते हुए नगर निगम अथवा ट्रैफिक पुलिस के माध्यम से ओला, उबर की तरह एप लांच करने पर विचार किया जा रहा है।

## राजधानी में ऑटो ई-रिक्शा की संख्या 20 हजार से ज्यादा

### शहर में 20 हजार से ज्यादा ऑटो, ई-रिक्शा

राजधानी में ऑटो की तुलना में ई-रिक्शा की संख्या तेजी से बढ़ रही है। वर्तमान में राजधानी में 20 हजार से ज्यादा ई-रिक्शा के साथ ऑटो संचालित हो रहे हैं। इनमें ज्यादातर ऑटो के साथ ई-रिक्शा रेलवे स्टेशन तथा इंटर स्टेट बस टर्मिनल के पास सवारियों के इंतजार में खड़ी रहते हैं। संख्या ज्यादा होने की वजह से ऑटो तथा ई-रिक्शा चालकों के बीच विवाद की स्थिति निर्मित होती है। सवारी नहीं मिलने की खीज में ऑटो, ई-रिक्शा चालकों द्वारा सवारियों के साथ बदसलूकी की जाती है।



*नए सिरे से स्टापेज बनाने किया जा रहा विचार*

### स्थिति ऐसी की ऑटो जहां-तहां पार्क कर देते हैं

ऑटो, ई-रिक्शा चालकों की मनमानी ऐसी है कि शहर के व्यस्त मार्गों पर सवारी उतारने, चढ़ाने के लिए कहीं भी अपनी गाड़ी पार्क कर देते हैं। इस कारण एक्सीडेंट होने के साथ अकारण ट्रैफिक जाम की स्थिति निर्मित होती है। ई-रिक्शा चालक तो ऐसे हैं, जो ट्रैफिक नियम का खुलेआम उल्लंघन करते हुए रेड सिग्नल में गाड़ी निकाल देते हैं।

### कई जगह बन गई अघोषित पार्किंग

इंटर स्टेट बस टर्मिनल भाठागांव शिफ्ट होने के बाद भाठागांव से पचपेड़ी नाका तक ट्रैफिक का दबाव पहले की तुलना में कई गुना ज्यादा बढ़ गया है। ऑटो, ई-रिक्शा के चालक पचपेड़ी नाका, भाठागांव, कुशालपुर चौक से लेकर पचपेड़ी नाका, तेलीबांधा एक्सप्रेस-वे के नीचे सवारी लेने अघोषित रूप से पार्किंग स्थल बना लिए हैं। इसीलिए इस पूरे मार्ग में पूरे दिन रुक-रुक कर ट्रैफिक जाम की स्थिति निर्मित होती रहती है।

## महापौर के निर्देश पर निगम के सफाई अधिकारी ने तीन जोन में किया औचक निरीक्षण

# शास्त्री बाजार में सड़ी-गली सब्जियों का ढेर, आमापारा में स्कूल के सामने कूड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

निगम के सफाई विभाग की मुख्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही ने सफाई कार्य की मानिटरिंग में लापरवाही बरतने पर 3 जोन के संबंधित कर्मचारियों पर एक्शन लिया है। इसमें जोन 4 के सफाई सुपरवाइजर महेश सेंदरे की वेतन वृद्धि रोकने की सिफारिश और जोन 5 के प्रभारी एसआई दिलीप भारती, जोन 8 के सुपरवाइजर बड़जू भारती को शोकॉज नोटिस देकर जवाब मांगा है।

शहर की सफाई व्यवस्था के औचक निरीक्षण के दौरान 3 जोन में सार्वजनिक स्थानों पर सफाई व्यवस्था में खामी मिलने पर यह कदम उठाया गया है। दरअसल, शहर में सफाई की हालत देख कर महापौर मीनल चौबे ने 4 नवंबर को सफाई ठेकेदारों और अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर फटकार लगाई। बैठक में ही उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि सफाई नहीं तो भुगतान नहीं। दिशा-निर्देश के बाद भी सुधार होता नहीं दिख रहा है। इसका एक बड़ा कारण जोन स्तर पर निगरानी का सिस्टम ठप होना है।

महापौर मीनल चौबे और निगम आयुक्त विश्वदीप के आदेश पर मुख्य सफाई अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही ने शहर की सफाई व्यवस्था की धरातल पर पड़ताल की। इसमें जोन 4 कमिश्नरी क्षेत्र स्थित शास्त्रीबाजार के अंदर सड़ी-गली सब्जियों का ढेर पाया गया। इसे त्योहार के बाद से नहीं उठाया गया, जबकि शहर के सबसे बड़े सब्जी बाजार में रोजाना बड़ी संख्या में रायपुर के साथ आसपास से बड़ी संख्या में लोग खरीदारी करने पहुंचते हैं। गंदगी नहीं उठाने से बदबू के मारे वहां से गुजरना मुश्किल हो रहा है। इसके लिए जोन सुपरवाइजर महेश सेंदरे की लापरवाही पर संचयी प्रभाव से एक वेतन वृद्धि रोकने की सिफारिश की। डॉ. तृप्ति पाणिग्रही ने बताया कि उन्होंने महापौर और निगम आयुक्त को इस कार्रवाई से अवगत करा दिया है। सफाई ठेका की शर्त अनुसार वार्डों में नाले-नाली, सड़क, गली और तालाब की सफाई प्लेसमेंट कर्मचारियों को ही करना है।

### खास बातें

- जोन 4 के सफाई सुपरवाइजर की वेतन वृद्धि रोकने सिफारिश
- जोन 5 के प्रभारी एसआई दिलीप भारती, जोन 8 के सुपरवाइजर बड़जू भारती को शोकॉज नोटिस
- इसका बड़ा कारण जोन स्तर पर निगरानी का सिस्टम ठप होना








### कारण बताओ नोटिस जारी

इसी तरह नगर निगम जोन 5 के आमापारा क्षेत्र वाले पंडित आरडी तिवारी स्कूल के सामने कूड़े का ढेर मिला, जिसे एक अरसे नहीं उठाया गया। सफाई विभाग की अधिकारी ने इसके लिए जोन के प्रभारी एसआई दिलीप भारती को कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया है। वहीं जोन 8 कमिश्नरी के हीरापुर मोहबा बाजार इलाके स्थित सर्वोदय नगर की सफाई व्यवस्था का आकस्मिक निरीक्षण के दौरान नालियां जाम पाई गईं। इसके लिए जोन 8 के सफाई सुपरवाइजर बड़जू भारती को कारण बताओ नोटिस कर जवाब मांगा गया है।

# आवासीय नक्शे में बनी 3 दुकानें, 2 अन्य दुकानें बकाया नहीं देने पर सील




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- जोन 1 और जोन 6 की टीम ने किया सीलबंद

शहर में आवासीय नक्शा पास कराकर व्यावसायिक उद्देश्य के लिए बनाई गई दुकानों को नगर निगम ने सील कर दिया है। जोन 1 कमिश्नरी के वार्ड नंबर 18 में ऐसी दुकानों को सीलबंद किया गया। वहीं जोन 6 कमिश्नरी के महामाया मंदिर वार्ड के प्रोफेसर कालोनी क्षेत्र में बकाया कर जमा नहीं करने पर 2 दुकानों को तत्काल स्थल पर सील किया गया। नगर निगम जोन 1 की टीम ने बाल गंगाधर तिलक वार्ड में आवासीय नक्शा नगर निगम से पास कराकर दुकानें खोल देने पर संबंधित 3 दुकानों को स्थल पर पहुंचकर सील किया। वहीं 3 अन्य दुकानों लक्ष्मी मेडिकल, बीकानेर स्वीट्स और जूसी फैक्ट्री को भारी गंदगी मिलने पर सील किया गया। ये सभी दुकानदार नगर निगम को बकाया कर की अदायगी नहीं कर रहे थे। जोन 1 कमिश्नरी की टीम द्वारा गुढ़ियारी के भारतमाता चौक से रिंग रोड तक अभियान चलाकर मार्ग में कब्जा कर व्यवसाय कर रहे 22 ठेले, गुमटियों को हटाया। यह कार्रवाई जोन कमिश्नर डॉ. दिव्या चंद्रवंशी के नेतृत्व में कार्यपालन अभियंता डीके पैकरा, शरद देशमुख, जोन सहायक राजस्व अधिकारी मनीष मरकाम की उपस्थिति में की गई।

इधर जोन 6 कमिश्नर हितेंद्र यादव के नेतृत्व में महामाया मंदिर वार्ड के प्रोफेसर कालोनी क्षेत्र में 2 दुकानों बकाया राशि नहीं दिए जाने पर सील किया गया।

### परीक्षा केंद्रों में अनिवार्य होगी दीवार घड़ी

**रायपुर।** व्यापम 9 नवंबर को ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक भर्ती परीक्षा आयोजित करेगा। परीक्षा को लेकर केंद्राध्यक्ष व परिवहन अधिकारी की बैठक रेडक्रॉस सभाकक्ष, कलेक्ट्रट में रखी गई। केंद्रों में व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने तथा सभी केंद्रों में दीवार घड़ी लगाने संबंधित निर्देश दिए ताकि अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। कपड़ों के रंग सहित अन्य नियमों को लेकर भी स्थिति स्पष्ट की गई ताकि किसी तरह का विवाद ना हो।

**यूथ कांग्रेस आज घेरेगी निर्वाचन आयोग : रायपुर।** कांग्रेस के वोट चोरी अभियान के अंतर्गत यूथ कांग्रेस आज राजधानी रायपुर में निर्वाचन आयोग कार्यालय का घेराव करेगी। दोपहर 2.30 बजे यूथ कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मोतीबाग के समक्ष एकत्रित होकर आयोग की ओर कूच करेंगे। यूथ कांग्रेस का आरोप है कि भाजपा और निर्वाचन आयोग की साठगांठ से देशभर में वोट चोरी हो रही है।

## बिजनेस साइट

### शंकरा हुंडई में नई 'हुंडई वेन्यू' लॉन्च




**रायपुर।** शहर की प्रतिष्ठित ऑटोमोबाइल डीलरशिप शंकरा हुंडई ने भाठागांव स्थित अपने शोरूम में हुंडई की नई और उन्नत सब-कॉम्पैक्ट एसयूवी 'वेन्यू' का भव्य लॉन्च किया। पिछले दस वर्षों से रायपुरवासियों की सेवा में समर्पित शंकरा हुंडई ने इस कार्यक्रम को विशेष उत्साह और गरिमा के साथ आयोजित किया। कार्यक्रम में शंकरा हुंडई परिवार से डायरेक्टर कैलाश मध्यानी, गौरव मध्यानी, श्रेष्ठ मध्यानी और वंशिका मध्यानी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के रूप में स्वप्निल देवांगन एवं कृष्णा सोनकर ने नई वेन्यू का अनावरण किया। जनरल मैनेजर घनश्याम सोनी ने बताया कि नई वेन्यू में डीजल इंजन के साथ ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन का विकल्प, वॉइस इनेबल्ड सनरूफ, एडास लेवल-2 और 12.3 इंच का स्मार्ट इंफोटेनमेंट सिस्टम जैसी आधुनिक सुविधाएं दी गई हैं।

### मंगलम हुंडई में नई हुंडई वेन्यू का शानदार अनावरण




**रायपुर।** देवपुरी स्थित मंगलम हुंडई शोरूम में आज ऑल-न्यू हुंडई वेन्यू का भव्य अनावरण किया गया। इस विशेष अवसर पर कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर दीपक अग्रवाल, डायरेक्टर मंगलम गोयल और सेल्स हेड राज मुराओ उपस्थित रहे। नई वेन्यू को आधुनिक डिजाइन, एडवांस्ड फीचर्स और बेहतर परफॉर्मेंस के साथ लॉन्च किया गया है। इस मॉडल में कंपनी ने सभी वेरिएंट्स में 33 स्टैण्डर्ड फीचर्स शामिल किए हैं। यह गाड़ी पेट्रोल और डीजल दोनों इंजन विकल्पों के साथ उपलब्ध है, जिसमें मैनुअल और ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन के विकल्प भी शामिल हैं।

## आईपीएस अफसर पर लगे थे यौन शोषण के आरोप

# आरोप के बाद पुलिस अकादमी के डायरेक्टर मुख्यालय अटैच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पुलिस अकादमी चंदखुरी में पुलिस अकादमी के डायरेक्टर आईपीएस रतनलाल डांगी को पुलिस मुख्यालय में अटैच किया गया है। इस संबंध में गृह विभाग के सचिव हिमशिखर गुप्ता ने गुरुवार को आदेश जारी कर दिया है। पुलिस अकादमी के डायरेक्टर की जिम्मेदारी अजय यादव को दी गई है। वर्तमान में श्री यादव नारकोटिक्स सेल में आईजी के पद पर पदस्थ हैं।

आईपीएस अधिकारी श्री डांगी के खिलाफ एक एएसआई की पत्नी ने पिछले महीने यौन उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए पुलिस मुख्यालय में शिकायत दर्ज कराई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जांच के निर्देश दिए। मामले की जांच आईपीएस आनंद छाबड़ा तथा मिलना कुर्रे की दो सदस्यी टीम कर रही है। सूत्रों के मुताबिक 14 दिनों की जांच और आंतरिक रिपोर्ट के आधार पर गृह विभाग ने श्री डांगी को तत्काल प्रभाव से हटाने का आदेश जारी किया है। बताया जा रहा है, गृह विभाग के आदेश पर श्री डांगी को पुलिस मुख्यालय में अटैच किया गया है।

यौन शोषण का आरोप लगाने वाली महिला की सगी बहन ने आईपीएस पर लगाए आरोपों को मनगढ़ंत बताया। महिला के खिलाफ उसकी छोटी बहन ने आरोप लगाते हुए कहा कि पैसा नहीं देने पर उसकी दीदी पिताजी के खिलाफ पूर्व में यौन शोषण का आरोप लगा चुकी है।

## विवाहिता को दो लड़कों ने फार्म हाउस में ले जाकर किया रेप

# विवाहिता को ब्वाय फ्रेंड से पैचअप कराने का झांसा देकर गैंगरेप, एक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर/धरसींवा

धरसींवा थाना में एक विवाहिता ने दो लड़कों के खिलाफ फार्म हाउस ले जाकर रेप करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। घटना 10 दिन पूर्व 27 अक्टूबर की है। महिला की शिकायत पर पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, एक अन्य आरोपी फरार है। बदमाशों ने महिला को उसके ब्वाय फ्रेंड से पैचअप कराने का झांसा देकर कोल्ड ड्रिंक में शराब पिलाकर रेप किया। महिला मूल रूप से महासमुंद की रहने वाली है, जो वर्तमान में रायपुर में रह रही है। महिला के दो बच्चे हैं।

पुलिस के अनुसार 25 वर्षीय महिला की शिकायत पर आशीष जोशी तथा रूपेंद्र साहू के खिलाफ रेप की शिकायत दर्ज की गई है। आशीष जोशी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आशीष तेलीबांधा स्थित एक मेडिकल स्टोर में काम करता है। रूपेंद्र धरसींवा में किराने की दुकान संचालित करता है। दोनों आरोपियों ने महिला को कुंरा स्थित एक फार्म हाउस में ले जाकर रेप किया। महिला ने पुलिस को बताया है कि आरोपियों ने उसे शराब पिलाने के बाद रेप करने की कोशिश की, तो उसने उनका विरोध किया। इस पर दोनों बदमाशों ने उसे तथा उसके परिवार को जान से मारने की धमकी देकर हाथ, पैर बांधकर रेप किया।




### आरोपी महिला के ब्वाय फ्रेंड के दोस्त

*महिला ने पुलिस को बताया है कि आशीष तथा रूपेंद्र उसके ब्वाय फ्रेंड के दोस्त हैं। कुछ माह पूर्व महिला का अपने ब्वाय फ्रेंड से किसी बात को लेकर ब्रेकअप हो गया है। इस बात की जानकारी आशीष तथा रूपेंद्र को पहले से थी। इस बात का फायदा उठाते हुए आरोपियों ने महिला को उसके ब्वाय फ्रेंड के जन्मदिन के मौके पर पैचअप कराने का झांसा देकर बुलाया और दोनों ने उसके साथ रेप किया।*

### रेप के बाद महिला को वापस घर छोड़ा

महिला ने पुलिस को बताया है कि दोनों बदमाश उसे उसके ब्वाय फ्रेंड से मिलवाने का झांसा देकर घटना दिनांक को फार्म हाउस लेकर गए। इसके बाद केयर टेकर से फार्महाउस की चाबी ली। इसके बाद आरोपियों ने उसे कोल्ड ड्रिंक ऑफर कर शराब मिलाकर पिला दी। इससे वह बेसुध हो गई। आरोपियों ने बेसुध हालत में उसके साथ गैंगरेप किया। घटना के बाद उसे आरोपियों ने धमकी दी कि वह घटना के बारे में किसी को बताएगी, तो उसे जान से मार देंगे। आरोपियों ने वापस महिला को उसके घर पर छोड़ दिया। घटना के करीब 10 दिन बाद महिला ने हिम्मत जुटाकर थाने में शिकायत दर्ज कराई।

# स्कूलों ने नहीं दिया पंजीकरण क्रमांक जेईई फॉर्म नहीं भर पा रहे छात्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कक्षा 12वीं के छात्रों और उनके अभिभावकों ने जेईई मेन 2026 के आवेदन में कक्षा 11वीं का पंजीकरण क्रमांक न मिलने की शिकायत की है। इस पर सीबीएसई ने मामले को गंभीरता से लिया है और स्कूलों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वे सभी योग्य छात्रों को पंजीकरण क्रमांक समय पर उपलब्ध कराएं। इस संबंध में आधिकारिक अधिसूचना भी वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। बोर्ड ने कहा है कि जेईई (मुख्य) 2026 में आवेदन करने वाले सभी छात्रों को कक्षा 11वीं का पंजीकरण क्रमांक अनिवार्य रूप से देना होगा। बोर्ड ने स्कूलों से आग्रह किया है कि वे इस दिशा-निर्देश का पालन जरूर करें। शिक्षा विशेषज्ञों के अनुसार, पंजीकरण क्रमांक न मिलने पर छात्रों के आवेदन में देरी या बाधा आ सकती है। ऐसे में बोर्ड ने स्कूलों को सख्त निर्देश दिए हैं कि सभी छात्रों को उनके पंजीकरण क्रमांक समय पर उपलब्ध कराया जाए, ताकि कोई छात्र परीक्षा में भाग लेने से वंचित न रहे।

### पहले ही मंगा चुके लिस्ट ऑफ कैंडिडेट्स

बोर्ड ने साफ तौर पर कहा है कि यह प्रक्रिया जेईई (मुख्य) 2026 में शामिल होने वाले छात्रों के लिए अनिवार्य है और स्कूलों को इसे तुरंत पूरा करना चाहिए। सीबीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षा 17 फरवरी से 10 मार्च 2026 तक आयोजित की जाएगी। पहले जारी अस्थाई डेटशीट में 10वीं की परीक्षा 17 फरवरी से 6 मार्च तक निर्धारित थी, लेकिन अंतिम डेटशीट में कुछ परीक्षा तिथियों में बदलाव किया गया है।

### 22 कॉलेजों ने मांगी...

चूंकि मान्यता प्रक्रिया में इस वर्ष विलंब हुआ है, इसलिए सत्र 2025-26 में मान्यता प्राप्त होने के बाद भी महाविद्यालयों को इसका लाभ नहीं मिल सकेगा। प्रवेश प्रक्रिया समाप्त होने के कारण इन पाठ्यक्रमों में सत्र 2026-27 से ही दाखिले दिए जाएंगे।

### नवीन कक्षाओं के लिए...

विवि की मान्यता अनिवार्य होती है। नवीन पाठ्यक्रम की मान्यता के लिए उच्च शिक्षा विभाग ने पिछले वर्ष नवंबर में निरीक्षण किया था, लेकिन अनुमति इस वर्ष अगस्त में दी गई। इसके बाद रविवि ने अपनी टीम को निरीक्षण के लिए भेजा।

### एक कार सवारों ने किया स्टंट...

कायदों को ताक पर रख कर जान जोखिम में डाल लाइक पाने के लालच में रील बना रहे। उल्लेखनीय है कि बुधवार को नवा रायपुर में सूर्य किरण एयर शो के साथ उपराष्ट्रपति का आगमन हुआ था। साथ ही राज्योत्सव का आखिरी दिन होने की वजह से देर रात तक पुलिस के साथ ट्रैफिक जवानों का अतिरिक्त बल लगाया गया था। ऐसे में कार सवार उत्पातियों ने पुलिस को चुनौती देते हुए रील बना कर कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## पेज 9 के शेष

### सिमगा से बर्थडे मनाने आए...

लड़के कार लेकर घूमने के लिए निकले। रात डेढ़ बजे के करीब जयस्तंभ चौक से तेज रफ्तार आ रही कार अनियंत्रित हो गई और लक्ष्मी मेडिकल सहित दो तीन दुकानों से टकराने के बाद कार पुनः जयस्तंभ चौक की तरफ मुड़ गई। एक्सीडेंट में पुष्पेंद्र की मौत हुई है। पुष्पेंद्र चोला मंडलम फाइनेंस कंपनी में काम करता था।

### नंबर की पतासाजी...

कैमरों के माध्यम से जानकारी जुटाई जा रही है। कार नंबर की जानकारी जुटाने के बाद ट्रैफिक डीएसपी ने स्टंटबाज लड़कों के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही। ट्रैफिक अफसर ने नशेड़ी कार चालक के बारे में भी जानकारी जुटाकर कार्रवाई करने की बात कही।

### इसलिए विलंब...

भर्ती परीक्षा से संबंधित विस्तृत जानकारी और समय-सारणी के लिए उम्मीदवार अपने संबंधित रेंज के पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। चयन प्रक्रिया पूरी होने के बाद सफल अभ्यर्थियों की सूची आधिकारिक पोर्टल पर प्रकाशित की जाएगी, ताकि पारदर्शिता बनी रहे।

### आदिवासियों से करोड़ों ...

ने ग्रामीण महिलाओं को लालच देकर 30-30 हजार रुपए का लोन निकलवाया और उनसे लगभग 120 करोड़ रुपए का निवेश कंपनी में कराया। शिकायत के बाद आयोग ने मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ शासन को इस संबंध में 30 दिन के भीतर रिपोर्ट देने के निर्देश जारी किए हैं। आयोग ने अपनी सिफारिश में कहा, यह मामला गंभीर वित्तीय अनियमितता और आदिवासी महिलाओं के आर्थिक शोषण से जुड़ा है। मामले में एससी एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत अपराध दर्ज करते हुए समयबद्ध जांच सुनिश्चित की जाए। साथ ही आयोग ने कहा, जांच एजेंसी द्वारा तैयार चालान की प्रमाणित प्रति आयोग को भेजी जाए। आयोग ने यह स्पष्ट किया है कि इस मामले की जांच निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से की जाए तथा पीड़ित महिलाओं को मुआवजा और न्याय दिलाने की दिशा में राज्य सरकार शीघ्र कदम उठाए।

### 13 आरोपी गिरफ्तार...

संपत्तियों की तलाश की जा रही है और कुछ संपत्तियां बरामद भी की गई हैं।

# छत्तीसगढ़ में क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड और यूपीआई से जीएसटी भुगतान की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन एवं वित्तमंत्री ओपी चौधरी के निर्देश पर राज्य जीएसटी विभाग और कोष लेखा (ट्रेज़री) विभाग द्वारा व्यवसायियों के हित में जीएसटी रिटर्न के भुगतान के लिए क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड और यूपीआई सुविधा पूरे राज्य में लागू कर दी गई है।

इस सुविधा की मांग जीएसटी लागू होने के प्रारंभिक काल से ही व्यापारी वर्ग, चैंबर ऑफ कॉमर्स एवं विभिन्न व्यापारिक संगठनों द्वारा निरंतर की जा रही थी। उल्लेखनीय है कि व्यापारिक वर्ग का कहना था कि यदि आधुनिक डिजिटल माध्यम जैसे यूपीआई और कार्ड भुगतान को जीएसटी पोर्टल से जोड़ा जाए, तो राज्य में कर भुगतान और अधिक सुगम व पारदर्शी हो सकेगा। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने इन मांगों को गंभीरता से लेते हुए, करदाताओं की सुविधा और डिजिटल भुगतान को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से दोनों विभागों को संयुक्त रूप से कार्य कर इसे शीघ्र लागू करने के निर्देश दिए थे, जिसके परिणामस्वरूप यह सुविधा अब प्रभावी हो गई है।

हरिभूमि सरोकार

### वित्तमंत्री के निर्देश पर व्यवसायियों को बड़ी राहत




### छोटे व्यापारियों को मिलेगा लाभ

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा, राज्य सरकार करदाताओं को अधिकतम सुविधा देने के लिए निरंतर काम कर रही है। क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड और यूपीआई के माध्यम से जीएसटी भुगतान की यह नई सुविधा करदाताओं के लिए बड़ी राहत लेकर आई है। इससे भुगतान प्रक्रिया और अधिक सरल, तेज़ और पारदर्शी बनेगी, साथ ही छोटे व्यापारियों को विशेष रूप से लाभ मिलेगा। यह पहल राज्य सरकार की इज ऑफ डूइंग बिजनेस और डिजिटल गवर्नेंस को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता का हिस्सा है। यह सुविधा अब जीएसटी पोर्टल पर उपलब्ध है।

### व्यापारियों की लिए सरल और सुलभ व्यवस्था

*मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, छत्तीसगढ़ सरकार का लक्ष्य प्रत्येक नागरिक और व्यापारी के लिए शासन की प्रक्रियाओं को सरल, सुलभ और पारदर्शी बनाना है। करदाताओं के हित में जीएसटी भुगतान के लिए क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड और यूपीआई जैसी डिजिटल सुविधाओं का राज्यभर में विस्तार इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह पहल छत्तीसगढ़ को डिजिटल भारत और ईज ऑफ डूइंग बिजिनेस के मानकों पर अग्रणी राज्यों की श्रेणी में स्थापित करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी।*

### इन कारणों से होती थी परेशानी

अब तक करदाताओं के लिए केवल नेट बैंकिंग और ओटीसी भुगतान के विकल्प ही उपलब्ध थे। इससे कई बार छोटे व्यापारियों और नए करदाताओं को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। कई बैंकों के जीएसटी पोर्टल से जुड़े न होने के कारण भुगतान करना संभव नहीं होता था, जबकि तकनीकी कारणों से भुगतान असफल होना, बैंक सर्वर का डाउन रहना या अंतिम तिथि पर पेमेंट फेल होना जैसी समस्याएँ भी आम थीं। ऐसे में अनेक करदाताओं को भुगतान के लिए दूसरों पर निर्भर रहना पड़ता था, जिससे समय और ऊर्जा दोनों की हानि होती थी।

## खबर संक्षेप



### पच्चीस से तीस फिर से नितीश इस नारे के साथ बिहार में फिर से राजग सरकार

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव व संगठन महामंत्री पवन साय के निर्देश पर छत्तीसगढ़ प्रदेश के सैकड़ों कार्यकर्ताओं को बिहार विधानसभा चुनाव के लिए भेजा गया है। इसी कड़ी में पटना के बांकीपुर विधानसभा प्रत्याशी व छत्तीसगढ़ भाजपा प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन के विधानसभा क्षेत्रमें प्रमुख रूप से खनिज विकास निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, सीएसआईडीसी के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संजू नारायण सिंह ठाकुर, खैरागढ़ जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, रायपुर जिला महामंत्री अमित मैसरी, भाजयुमो के मनीष पाण्डेय, अनमोल झा, सिद्धांत शर्मा, प्रखर मिश्रा सहित अनेकों कार्यकर्ताओं को मंडलों की जिम्मेदारी दी गई है। बांकीपुर विधानसभा के चर्चित शहर के चिरेयाटांड मण्डल चांदमारी रोड, कुम्हारटोली, खास महल, करबिगहिया, विग्रहपुर शक्ति केंद्रों की प्रमुख जिम्मेदारी संजूनारायण सिंह ठाकुर व विक्रांत सिंह को दी गई है।

### महाराष्ट्र मंडल में वरिष्ठों का विशेष स्वास्थ्य चिंतन शिविर 9 को

**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल और ज्येष्ठ नागरिक मंच 'सहयोग' वरिष्ठ नागरिकों के लिए 9 नवंबर को महाराष्ट्र मंडल में दोपहर 12 बजे से विशेष स्वास्थ्य चिंतन शिविर लगा रहा है। शिविर में वरिष्ठ नागरिकों को हड्डियों एवं दंत रोगों से बचाव के बारे में विशेषज्ञ डॉक्टर आवश्यक जानकारी व मार्गदर्शन देंगे। सहयोग की अध्यक्ष अपर्णा कालेले और महाराष्ट्र मंडल के स्वास्थ्य प्रभारी प्रशांत बक्षी ने बताया कि विशेष स्वास्थ्य चिंतन शिविर में सीता मेमोरियल डेंटल क्लीनिक के दंतरोग विशेषज्ञ डॉ. जितेंद्र सराफ, वी-वाय हॉस्पिटल के हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. आनंद जोशी, सीएसओडीसीएल के चिकित्सा सलाहकार डॉ. विवेक गोले शिविर में उपस्थित रहेंगे।

### देशभर में चलाया जाएगा पड़ोसी के अधिकार अभियान



**रायपुर।** जमाअत-ए-इस्लामी हिंद छत्तीसगढ़ की ओर से गुरुवार को "हक़ूके हमसाया (पड़ोसी के अधिकार)" अभियान के अंतर्गत एक ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। यह अभियान 21 से 30 नवंबर तक पूरे देश में चलाया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में आपसी भाईचारे, मानवता और पड़ोसी के अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाना था। इस ओरिएंटेशन प्रोग्राम में प्रतिभागियों को अभियान के उद्देश्यों, कार्ययोजना और व्यावहारिक क्रियान्वयन की जानकारी दी गई। इस मौके पर संस्था के प्रदेश अध्यक्ष शफीक अहमद ने कहा कि इस्लामी और मानवीय दृष्टिकोण से पड़ोसी के अधिकारों की अत्यंत महत्ता है।

### अग्रसेन चौक पर प्रदर्शन, नारेबाजी, सभा हुई

# धर्मगुरुओं की मूर्ति पर टिप्पणी के खिलाफ सर्व समाज ने दिया धरना

- कटोरातालाब के झूलेलाल धाम में जुटी भीड़, बड़ी संख्या में सिंधी समाज के लोग हुए एकजुट
- क्रांति सेना प्रमुख की गिरफ्तारी की मांग, प्रदर्शन में महिलाएं भी रहीं शामिल
- अग्रसेन चौक पर अग्रवाल समाज का धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति तोड़ने पर धर्मगुरुओं की मूर्ति पर क्रांति सेना प्रमुख अमित बघेल की टिप्पणी को लेकर राजधानी रायपुर में सर्व समाज ने अग्रसेन चौक पर धरना दिया। अग्रवाल समाज ने धर्मगुरुओं के खिलाफ दिए गए आपत्तिजनक बयान के खिलाफ अग्रसेन चौक पर चक्का जाम किया। वहीं कटोरातालाब स्थित झूलेलाल धाम में बड़ी संख्या में सिंधी समाज के लोग इकट्ठे हुए और उन्होंने अपने ईष्टदेव के प्रति विवादित टिप्पणी को लेकर रोष जताया। प्रदर्शन में सिंधी समाज की महिलाएं बड़ी संख्या में शामिल हुईं।

क्रांति सेना के खिलाफ छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन की अगवाई में गुरुवार को सर्व समाज ने अग्रसेन चौक समता कालोनी में धरना दिया। इसमें प्रदेशभर से समाजजन शामिल हुए। छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा तोड़े जाने और उसके बाद छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के प्रमुख अमित बघेल के बयान से उपजे विवाद की उच्चस्तरीय जांच करने की मांग की गई। साथ ही सर्व समाज ने दोषियों को दंडित करने की मांग को लेकर धरना दिया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि अमित बघेल द्वारा महापुरुषों और आराध्य देव की मूर्तियों के प्रति की गई अभद्र टिप्पणी से समाज की भावनाएं आहत हुई हैं। सर्व समाज का कहना है कि यह बयान न केवल धार्मिक उन्माद फैलाने की कोशिश है, बल्कि सामाजिक समरसता की भावना को नुकसान पहुंचाने वाला है। सर्व समाज के प्रतिनिधियों ने मांग की है, इस मामले में अमित बघेल के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए एनएसए या रासुका जैसी धाराएं लगाई जाए। धरने में छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल समाज संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अशोक अग्रवाल, सियाराम अग्रवाल, उदयभान सिंह चौहान, महामंत्री मनमोहन अग्रवाल, कैलाश मुरारका, योगेश अग्रवाल, प्रमोद जैन, सिंधी समाज के महेश दरयानी, महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय काले, कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी सहित विभिन्न समाजों के प्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक शामिल हुए।




### मशाल जलाकर आक्रोश किया व्यक्त

संत युधिष्ठिर लाल ने इस मौके पर कहा कि सिंधी समाज भारतवंशी है और भारतवंशी रहेगा। युवा वर्ग के किशोर आहूजा, सागर दुल्हानी, विक्रम केवलानी, श्याम चावला, गिरीश लहजा ने मशाल जलाकर आक्रोश व्यक्त किया। अमित बघेल के बयान को हिंदू धर्म व सनातन पर प्रहार कहा। समाज जनों ने कहा कि सिंधी समाज एक शांतिप्रिय समाज है, संतों की समझाइश के बाद युवा वर्ग एवं सर्व सिंधी समाज रायपुर शांत हुआ। संत समाज की राय मे से यह तय हुआ कि इस मामले में प्रशासन को 72 घंटे का समय दिया जाए। बैठक में महिला टीम में विशेष रूप से भावना कुकरेजा, राधा राजपाल, सपना कुकरेजा, चंचल बजाज, मीनाक्षी शामनानी, माया शामियाना, ज्योति हुंदानी, दीक्षा रामानी आदि की उपस्थिति प्रमुख रही।

### झूलेलाल धाम में सर्व सिंधी समाज रायपुर की महाबैठक, अग्रसेन चौक तक निकाली रैली

- प्रशासन को सिंधी समाज ने दिया 72 घंटे का समय

*कटोरातालाब के झूलेलाल धाम में गुरुवार को सर्व सिंधी समाज रायपुर की महाबैठक आयोजित हुई। दोपहर 12 से 3 बजे तक चली इस महा बैठक में सिंधी समाज के हजारों महिला-पुरुष-युवा वर्ग शामिल हुआ। सिंधी समाज से संत युधिष्ठिर लाल, साईं लालदास, मुरलीधर उदासी के सानिध्य में बैठक हुई। समाज के संयुक्त प्रवक्ता दिनेश अठवानी एवं सुभाष बजाज ने बताया कि संतों के सानिध्य में हुई महाबैठक में मुख्य वक्ता अमित चिमनानी व ललित जैसिंघ ने बैठक का संचालन किया। पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी, महेश दरयानी, अमर गिदवानी, सतीश थौरानी, आसुदाराम वाधवानी, अमर परवानी, किशोर आहूजा, दिनेश अठवानी, पवन परवानी, सुभाष बजाज, राजेश वासवानी, चेतन तारवानी, रवि ग्वालानी, आनंद कुकरेजा, अजीत कुकरेजा, सुनील कुकरेजा, तनेश आहूजा, पवन प्रीतवानी, राजेश गुरनानी, वासु जोतवानी, भावना कुकरेजा ने संयुक्त रूप से कहा कि सबके साथ शक्कर के जैसे घुलमिल जाने वाले सिंधी समाज के ईष्ट देव भगवान झूलेलाल के संबंध में जय जोहार क्रांति सेना के अमित बघेल ने अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया है। इससे समाज के प्रत्येक वर्ग को ठेस पहुंची है।*

### ढोल नगाड़ों की गूंज के साथ नगरघड़ी चौक से छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना ने निकाली रैली

*राजधानी रायपुर के नगरघड़ी चौक से गुरुवार को छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना ने रैली निकालकर प्रदेश की अस्मिता और गौरव का संकल्प लिया। रैली में बड़ी संख्या में युवा, महिला और वरिष्ठ जन शामिल हुए। हाथों में बैनर, झंडे और तख्तियां लिए प्रदर्शनकारियों ने पूरे जोश के साथ नारे लगाए। छत्तीसगढ़िया के अपमान नहीं सहिबो, जय जोहार छत्तीसगढ़ के नारे की गूंज रही। छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना की ओर से यह रैली प्रदेश में छत्तीसगढ़ियों के सम्मान और अधिकारों से जुड़ी मांगों को लेकर आयोजित हुई। इस मौके पर संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि छत्तीसगढ़ की भाषा, संस्कृति और पहचान के साथ किसी भी प्रकार का अनादर बर्दास्त नहीं किया जाएगा। रैली में संगठन के कार्यकर्ताओं ने पारंपरिक पोशाक पहनकर अपनी सांस्कृतिक पहचान का प्रदर्शन किया। ढोल नगाड़ों की गूंज के साथ यह रैली नगर घड़ी चौक से प्रारंभ होकर मुख्य बाजार मार्ग होते हुए गांधी चौक तक पहुंची, जहां सभा का आयोजन हुआ। सभा को संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हमारे पूर्वजों ने छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना के लिए संघर्ष किया था। आज भी हमें अपने अधिकार और पहचान की रक्षा करनी है। अगर कोई छत्तीसगढ़ की अस्मिता को ठेस पहुंचाएगा, तो हम चुप नहीं बैठेंगे। उन्होंने कहा राज्य की माटी, तीज त्योहार और लोकभाषा इस प्रदेश की आत्मा है। प्रदेश के युवाओं को अब अपने पहचान को लेकर सजग और एकजुट रहना होगा। रैली में बड़ी संख्या में महिलाओं और युवाओं की भागीदारी रही। रैली के दौरान प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए। जगह-जगह पुलिस बल की तैनाती की गई। इस दौरान ट्रैफिक को कुछ देर के लिए डायवर्ट भी किया गया। रैली के बाद सेना ने सिंधी समाज के उन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई जिन्होंने अमित बघेल, उनकी मां और छत्तीसगढ़ महतारी को लेकर टिप्पणी की थी।*

# चार दिनों से सहकारी सोसाइटियों में हड़ताल धान खरीदी से पहले आज होगी मांगों पर वार्ता

- धान खरीदी के पूर्व की तैयारियां बाधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में 15 नवबंर से धान खरीदी शुरू होने से पहले सहकारी समितियों के लगभग 15,000 कर्मचारियों एवं 2739 उपार्जन केन्द्रों के संविदा कर्मचारी कम्प्यूटर आपरेटर 3 नवंबर से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर हैं। हड़ताल के कारण खरीदी की पूरी तैयारी ठप है। अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी संघ के अव्हान पर पूरे प्रदेश में कर्मचारी हड़ताल पर हैं। इस बीच हरिभूमि को मिली जानकारी के अनुसार कर्मचारी संघ और शासन के बीच 7 नवंबर को एक वार्ता में उनकी मांगों पर विचार करने के बाद निर्णय लिए जाने की संभावना है।

बताया गया है कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी को लेकर प्रदेश की 2058 समितियों के 2739 उपार्जन केंद्रों से समय पर धान का परिवहन नहीं होने से मार्कफेड द्वारा सूखत की राशि सहित प्रासंगिक व्यय, सुरक्षा व्यय कमीशन की राशि काटकर समितियों को भुगतान होता है। मिलर द्वारा समय पर धान नहीं उठाने की पेनाल्टी राशि स्वयं लेती है। फलस्वरूप धान खरीदी से होने वाली क्षति से समिति कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं मिल पा रहा है। बताया जाता है कि धान खरीदी शुरू करने से पहले कर्मचारियों की हड़ताल को देखते हुए शासन ने उनकी मांगों पर विचार के लिए वार्ता के लिए बुलाया है। 7 नवंबर को चर्चा के बाद निर्णय लिया जाएगा।

### ये हैं मांगें

समर्थन मूल्य में धान खरीदी वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 में धान खरीदी के बाद हुई संपूर्ण सूखत मान्य कर राशि समितियों को देते हुए धान खरीदी परिवहन के बाद संपूर्ण सूखत समिति को दे। आउट सोर्सिंग द्वारा कम्प्यूटर आपरेटर की नियुक्ति को विलोपित कर नियमितीकरण किया जाए। सहकारी समितियों में कार्यरत कर्मचारियों को वेतनमान देने के लिए प्रति वर्ष प्रत्येक समिति को 3-3 लाख रुपये प्रबंधकीय अनुदान मध्यप्रदेश सरकार की भांति दिया जावे। काण्डे कमेटी की रिपोर्ट सेवानियम 2018 संशोधन लागू किया जाए। भविष्य निधि, मंहगाई भत्ता, ईएसआईसी सुविधा, संस्था के दैनिक/ संविदा कर्मचारियों को समिति की सीधी भर्ती में प्राथमिकता, बोनस अंक अनिवार्य कर शीघ्र लागू करते हुए बैंक केडर समिति प्रबंधक पद, तृतीय, चतुर्थ श्रेणी के बैंकों के खाली पदों में छूट दी जाए।



### 5 से 8 नवंबर तक ट्रायल मुश्किल

विभिन्न मांगों को लेकर सहकारी समितियों के कंप्यूटर आपरेटर हड़ताल पर हैं। ऐसे में सेवा सहकारी समितियों में कई कार्य प्रभावित हो रहे हैं। सबसे ज्यादा प्रभावित धान खरीदी का ट्रायल है। 5 से 8 नवंबर तक सभी खरीदी केंद्रों में धान खरीदी कैसे करना है, धान का उठाव कैसे होगा, किसानों को धान कैसे बेचना है इसका पूरा ट्रायल करना है। ट्रायल के बाद टोकन काटने का काम शुरू होगा।

# शहर की सफाई व्यवस्था सुधारने महापौर पार्षदों सहित फील्ड में उतरेंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

निगम के सफाई ठेकेदारों को सप्ताहभर पूर्व चेतावनी देने के बाद अब महापौर मीनल चौबे खुद वार्ड पार्षदों के साथ फील्ड में जाकर सफाई व्यवस्था का धरातल पर जायजा लेंगी। गुरुवार को महापौर खमतराई स्थित जोन 1 कार्यालय पहुंचीं और जोन कमिश्नर सहित वार्ड पार्षदों से सफाई को लेकर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने जोन के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके बाद वे शंकरनगर स्थित जोन 3 कार्यालय पहुंचकर वार्डो की सफाई के मुद्दे पर चर्चा की। महापौर मीनल चौबे ने कहा है शहर की सफाई उनकी प्राथमिकता है, सभी घरों से प्रतिदिन डोर टू डोर कचरा कलेक्शन शत-प्रतिशत शत-प्रतिशत सुनिश्चित किया जाए।

महापौर ने सभी नियमित और ठेका सफाई कर्मचारियों की ड्यूटी पर शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने जोर दिया। उन्होंने कहा कि सफाई व्यवस्था में किसी तरह की बहानेबाजी नहीं चलेगी प्रतिदिन शहर का कचरा उठना चाहिए। इसके लिए आवश्यक कदम उठाने जोन के अधिकारियों को निर्देश दिए। 0 अवैध निर्माण पर अभियान चलाकर कार्यवाही महापौर मीनल चौबे ने वार्डों में अवैध निर्माण पर रोक लगाने अभियान चलाकर नियम अनुसार कड़ी कार्यवाही करने और व्यवसायिक क्षेत्रों में रात्रिकालीन सफाई अभियान चलाने की हिदायत दी।

### जोन 1 और जोन 3 कार्यालय पहुंची पार्षदों से चर्चा कर लिए सुझाव



### ये रहे उपस्थित

जोन की बैठक में स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष गायत्री चंद्राकर, जोन 1 अध्यक्ष गज्जू साहू, जोन 3 अध्यक्ष साधना-प्रमोद साहू, एमआईसी सदस्य नंदकिशोर साहू, पार्षद डा. मनमोहन मनहरे, अंबिका साहू, परमिला साहू, सोहनलाल, राजेश कुमार देवांगन, कैलाश बेहरा, राजेश गुप्ता, पुष्पा साहू, प्रदीप कुमार वर्मा, महेश ध्रुव के अलावा अपर आयुक्त विनोद पांडे, जोन कमिश्नर डॉ. दिव्या चंद्रवंशी, प्रीति सिंह, कार्यपालन अभियंता जोन स्वास्थ अधिकारी और रामकी के स्थानीय प्रतिनिधि योगेश कुमार उपस्थित रहे।

# एफपीपीएएस शुल्क की डबल वसूली से राहत, पर सुरक्षा निधि का झटका

- अक्टूबर के बिल में बीते माह का सात फीसदी बचा शुल्क ही लिया जा रहा
- इस माह का 9 फीसदी एफपीपीएएस अगले माह वसूला जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेशभर के 65 लाख बिजली उपभोक्ताओं को एफपीपीएएस शुल्क में थोड़ी राहत देने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी इसका शुल्क ज्यादा होने पर इसको दो माह में बांटकर वसूल रही है, इससे थोड़ी राहत तो है, पर बीते माह का बकाया दूसरे माह में वसूलने से दूसरे माह में डबल झटका भी लग रहा है।

अक्टूबर के बिल में डबल वसूली से राहत मिली है, क्योंकि इस माह सुरक्षा निधि की राशि भी उन उपभोक्ताओं से वसूली जा रही जिनकी औसत खपत में इजाफा हो गया है। ऐसे में अक्टूबर के लिए जो 9 फीसदी एफपीपीएएस तय हुआ है, उसकी नसूली अगले माह होगी। बिजली का नया टैरिफ इस बार जुलाई से लागू होने के कारण वैसे ही बिजली महंगी गई। ऐसे में जब अगस्त के बिल के समय एफपीपीएएस शुल्क तय हुआ तो यह 14.20 प्रतिशत आया। ऐसे में उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने इसका आधा 7.10 फीसदी ही अगस्त के बिल में वसूली करने का फैसला किया। ऐसे में जब सितंबर में अगस्त का बिल आया तो इसमें टैरिफ के साथ ही 7.10 फीसदी के हिसाब से एफपीपीएएस शुल्क लगा। इस माह तो राहत मिल गई लेकिन अब सितंबर में फिर से एफपीपीएएस तय किया गया तो 9.46 फीसदी आया है। ऐसे में इसका 2.46 फीसदी ही सितंबर के बिल के साथ वसूला गया, लेकिन इसी के साथ अगस्त का पुराना सात फीसदी शुल्क भी लिया गया।

अक्टूबर में जो सितंबर का बिल आया, उसमें एक तरफ जहां 2.46 फीसदी एफपीपीएएस शुल्क लिया गया, वहीं पुराना सात फीसदी शुल्क एडजस्टमेंट कास्ट के रूप में लिया गया।



**सुरक्षा निधि की वसूली :** नवंबर में अक्टूबर माह का जो बिल आ रहा है, उसमें उन उपभोक्ताओं से सुरक्षा निधि की राशि वसूली जा रही है जिनकी औसत खपत बढ़ गई है। किसी भी उपभोक्ता की जितनी औसत खपत होती है, उसके दो माह के बिल के बराबर सुरक्षा निधि की राशि जरूरी होती है। जिनकी खपत में इजाफा हो गया है, उनकी पुरानी सुरक्षा निधि में दो माह के बिल के बराबर जितनी राशि कम है, उस राशि की वसूली अक्टूबर के बिल में हो रही है। यही वजह है कि इस बार एफपीपीएएस की डबल वसूली नहीं की जा रही है।


### 9 फीसदी शुल्क अगले माह लिया जाएगा

जिस तरह से अक्टूबर में सितंबर के बिल में एफपीपीएएस शुल्क का डबल झटका लगा, वैसा ही अक्टूबर के बिल में भी नवंबर में डबल झटका लगने की संभावना थी, लेकिन नवंबर में जो अक्टूबर का बिल आ रहा है, उसमें एक ही पुराना एफपीपीएएस सात फीसदी शुल्क ही एडजस्टमेंट कास्ट के रूप में लिया जा रहा है। अक्टूबर के लिए 9 फीसदी एफपीपीएएस शुल्क तय तो हुआ है, लेकिन इसको अभी नहीं लिया जा रहा है। इसकी वसूली अगले माह होगी।






04



पतले बालों में 5 मिनट में बन जाएंगे ...


## लाइव इवेंट

## ट्रिपल आईटी में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन




**रायपुर।** भारत सरकार के राष्ट्रीय सेमीकंडक्टर मिशन को सशक्त बनाने की दिशा में अंतर्राष्ट्रीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान द्वारा "एम्पॉवरिंग इंडिजेनस सेमीकंडक्टर इंफ्रास्ट्रक्चर" विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन 7 एवं 8 नवम्बर को किया जा रहा है। वर्तमान में देश में प्रयुक्त होने वाले सेमीकंडक्टर चिप्स की 90 से 95 प्रतिशत आवश्यकता विदेशों से आयात के माध्यम से पूरी की जाती है। जबकि रक्षा, परमाणु ऊर्जा संयंत्रों और अन्य संवेदनशील क्षेत्रों में सेमीकंडक्टर की बढ़ती आवश्यकता सुरक्षा, विश्वसनीयता और स्वदेशी निर्माण क्षमता के संदर्भ में गंभीर चुनौतियां सामने आती हैं। इस परिप्रेक्ष्य में यह पहल भारत को तकनीकी आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर करने, डिजाइन और विनिर्माण के क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व स्थापित करने के लिए ट्रिपल आईटी में आयोजन किया गया।

### शैक्षणिक संस्थानों और उद्योगों से मिले सुझाव

ट्रिपल आईटी को देशभर के शैक्षणिक संस्थानों और उद्योगों से 50 से अधिक नवोन्मेषी प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिनमें सेमीकंडक्टर डिजाइन, उन्नत सामग्री अनुसंधान, फेब्रिकेशन, विनिर्माण समाधान, असेंबली, परीक्षण एवं पैकेजिंग तकनीकें शामिल हैं। यह भारत की तकनीकी प्रतिभा और नवाचार क्षमता का सशक्त प्रदर्शन करती है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, वित्त मंत्री ओमप्रकाश चौधरी, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार मंत्री गुरु खुशवंत साहेब, उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा उद्घाटन समारोह में उपस्थित रहेंगे।

### देश-विदेश के विशेषज्ञों की उपस्थिति

इस दो दिवसीय संगोष्ठी में उद्योग, अकादमिक जगत और नीति निर्माण से जुड़े प्रमुख विशेषज्ञ एक मंच पर एकत्र होंगे। कार्यक्रम को कई प्रतिष्ठित विशेषज्ञों मुख्य व्याख्याता के रूप में शामिल होंगे, इसमें लीड साइंटिस्ट, इंटेल कॉर्पोरेशन, यूएसए से डॉ. अभिषेक ए. शर्मा, आईआईटी इंदौर से प्रो. संतोष कुमार विश्वकर्मा, माइक्रॉन टेक्नोलॉजी से डॉ. विशाल शर्मा, मार्वेल इंडिया से नवीन बिश्नोई, वीएलएसआई सोसाइटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष डॉ. सत्य गुप्ता शामिल होंगे।

**नेशनल टीचर्स साइंस कॉन्फ्रेंस एवं विक्रम साराभाई स्पेस साइंस एग्जीबिशन में नवाचार**

# शिक्षक ने 50 रुपए में तैयार की प्लाज्मा-डब्ल्यूबीसी सेप्रेट करने की मशीन, प्रदर्शनी में बाइक गार्जियन मॉडल

*विधानसभा रोड स्थित एक निजी स्कूल में इन दिनों नेशनल टीचर्स साइंस कॉन्फ्रेंस एवं विक्रम साराभाई स्पेस साइंस एग्जीबिशन का आयोजन किया गया है। इसमें देशभर के विभिन्न शहरों से आए प्रतिभागियों समेत शिक्षक भी नवाचार के प्रति सजग करने नए मॉडल्स के साथ शिरकत कर रहे हैं। मेरठ के एक शिक्षक ने 50 रुपए खर्च कर प्लाज्मा-डब्ल्यू बीसी सेप्रेट करने की मशीन को मॉडल के रूप में सजाया है। प्रदर्शनी में बाइक गार्जियन मॉडल के बारे में भी जानने के लिए विद्यार्थी उत्साही नजर आए।*

### बताया- कैसे सुलझती है अपराध की गुत्थी




मेरठ वीआरएसबी इंटर कॉलेज के शिक्षक रजनीश कुमार ने फॉरेंसिक साइंस को समझाने के लिए एक अनोखा मॉडल तैयार किया है। मॉडल में क्राइम सीन तैयार कर, नाखून, बाल, त्वचा और खून के नमूनों से यह दिखाया कि फॉरेंसिक साइंस में अपराधी की जांच कैसे की जाती हैं। छात्रों को 12वीं बोर्ड के 'डीएनए फिंगरप्रिंटिंग' और 10वीं बोर्ड के 'ब्लड ग्रुप एनालिसिस' जैसे कठिन विषयों को आसानी से समझाने के लिए मॉडल तैयार किया है। केवल 150 रुपए की लागत से माइक्रोस्कोप लाइव डीएनए मॉडल और 50 रुपए की लागत से सेंट्रीफिकेशन मशीन से प्लाजमा और डब्ल्युबीसी कैसे सेप्रेट करते है यह सीखाया है। इससे प्लाज्मा और डब्ल्यूबीसी को कैसे अलग किया जाता है। इसका प्रदर्शन करके शिक्षक ने दिखाया।

### रिमोट कंट्रोल कार के पार्ट्स से बनाया मॉडल

एनएच गोयल स्कूल के 6वीं कक्षा के छात्र आर्यन, शिवान और कैवल्य ने अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन **SP**2 का मॉडल तैयार किया, जो डार्क मैटर, एंटीमैटर और कॉस्मिक किरणों के शोध को दर्शाता है। छात्रों ने बताया कि कुछ बॉडी पार्ट्स मिलना मुश्किल था, इसलिए उन्होंने मॉडल को वर्किंग बनाने के लिए रिमोट कंट्रोल कार के पार्ट्स का उपयोग किया। मॉडल में सेटेलाइट, ऑक्सीजन टैंक, सोलर पैनल, इंजन और कैबीन शामिल हैं, जिसे उन्होंने लगभग 15 दिनों में तैयार किया। यह **SP**2 मॉडल वर्किंग मैकेनिज्म को समझने का सरल और रोचक उदाहरण प्रस्तुत करता है।



### विद्यार्थी ने घरेलू वेस्ट से तैयार किया बायो-ब्लॉक

दिल्ली के एक स्कूल में पढ़ने वाली शोभा ने अपनी शिक्षिका रुचि शर्मा के मार्गदर्शन में बायो-ब्लॉक, वेस्ट वाइस स्टोरेज तैयार किया है। शोभा ने बताया कि इस नवाचार की प्रेरणा उन्हें एक साल पहले घर से मिली। जब चावल और गेहूं में कीड़ों से बचाने के लिए पारस की गोलियों का इस्तेमाल होता था। सालों पहले दादी-नानी घरेलू नुस्खों से अनाज को सुरक्षित रखा करती थीं। मैंने उन्हीं तरीकों को आधुनिक विज्ञान के साथ जोड़कर समाधान तैयार किया। इस बायो-ब्लॉक को तैयार करने में सरकारी समर्थन भी मिला और एक लाख रुपए की फंडिंग भी मिली। इसका उपयोग अब लैब में सैंपल सुरक्षित रखने के लिए किया जा रहा है। इसके निर्माण के बाद 30 दुकानदारों, व्यावसायिक क्षेत्रों और गृहणियों को यह ब्लॉक वितरित किया गया, जिन्होंने इसकी गुणवत्ता की सराहना की।



**रायपुर।** इस आयोजन का उद्देश्य शिक्षकों और विद्यार्थियों में नवाचार एवं सृजनात्मक सोच को बढ़ावा देना है। तीन दिवसीय प्रदर्शनी में 20 से अधिक स्टॉल लगाए गए हैं। इसमें प्रतिभागी अपने क्रिएटिव आइडियाज और प्रेजेंटेशन के साथ शामिल हुए है। शिक्षक विद्यार्थियों की पढ़ाई को सरल बनाने के नए तरीके भी पेश कर रहे हैं। गुरुओं के साथ छात्र-छात्राओं ने भी अपने इनोवेटिव प्रोजेक्ट्स के माध्यम से विज्ञान के प्रति नई दृष्टि बनाई। सम्मेलन में महिला सशक्तिकरण एवं विज्ञान में महिलाओं की भूमिका पर केंद्रित सत्र का आयोजन किया गया। यहां महिला वैज्ञानिकों, शिक्षकों और शोधकर्ताओं ने अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि विज्ञान में महिलाओं का योगदान अब केवल शोध प्रयोगशालाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि नवाचार, तकनीकी नेतृत्व और नीति निर्माण में भी अग्रणी भूमिका निभा रही हैं।



### वाहनों को चोरी से बचाने किया नवाचार

राजस्थान विद्या विहार सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा सौनाक्षी ने टू-व्हीलर और थ्री-व्हीलर वाहनों की चोरी रोकने के लिए 'बाइक गार्जियन मॉडल' तैयार किया। उन्होंने बताया कि यह मॉडल सेंसर तकनीक पर आधारित है, जो वाहन के साथ किसी भी प्रकार की गतिविधि जैसे डुप्लीकेट चाबी लगाना या हैंडल तोड़ने का प्रयास होने पर सक्रिय हो जाता है। सेंसर के माध्यम से यह सिस्टम तुरंत तेज अलार्म बजाकर आसपास के लोगों को सतर्क कर देता है। इससे वाहन चोरी को रोका जा सकता है। इसे चित्तौड़गढ़ के आसपास विभिन्न संस्थानों के लैब टेस्ट के बाद तैयार किया गया है।

## सिटी इवेंट

## विकसित भारत के परिप्रेक्ष्य में विकसित छत्तीसगढ़ विषय पर व्याख्यान सत्र



**रायपुर।** पं. हरिशंकर शुक्ल स्मृति महाविद्यालय के वाणिज्य एवं प्रबंधन विभागों द्वारा छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव वर्ष के तत्वाधान में व्याख्यान सत्र का आयोजन किया गया है। महाविद्यालय परिसर में आयोजित व्याख्यान सहोदरा हॉल में संचालित किया गया। गेस्ट लेक्चर के मुख्य वक्ता के रूप में रविवि से अर्थशास्त्र एवं डायरेक्टर सेंटर फॉर इंडियन नॉलेज सिस्टम्स के प्रो. रविन्द्र के. ब्रम्हे उपस्थित रहे। जिन्होंने विकसित भारत 2047 के परिपेक्ष्य में विकसित छत्तीसगढ़ विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा, कृषि में तकनीकी सुधार में किसानों की आय बढ़ाना, स्मार्ट खेती में औद्योगिक विकास के क्षेत्र में नवाचार और रोजगार सृजन को बढ़ावा देना, शिक्षा और कौशल विकास में युवाओं को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए सक्षम तय करना और स्वास्थ्य और सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाए उपलब्ध करना ही विकसित छत्तीसगढ़ की नींव है।

### नई नीतियों पर काम करने की जरूरत

महाविद्यालय के उपप्राचार्य डॉ. संजय अवस्थी, डॉ. राजकुमार गंभीर ने कहा, विकसित छत्तीसगढ़ के क्षेत्र में कई चुनौतियां सामने हैं। ऐसे में बुनियादी ढांचे की कमी, निवेश और सरकारी योजनाओं को प्रभावी बनाने, पर्यावरणीय दबाव, हरित ऊर्जा और संवेदनशील नीतियों पर काम करने का आवश्यकता है।

### महिला साक्षरता, स्वच्छता शिक्षा क्षेत्र में विकास जरूरी

प्रो. रविंद्र के. ब्रम्हे ने कहा कि वर्तमान समय में छत्तीसगढ़ राज्य विकास की राह पर चलते हुए 14% आगे बढ़कर 2050 में एक तेजी के साथ विकसित राज्य में शामिल होगा। वर्तमान दौर में महिला साक्षरता, स्वच्छता, साम्प्रदायिकता, शिक्षा, सहभागिता जैसे क्षेत्रों में भी लोगों का ध्यान आकर्षित करना जरूरी है, ताकि लोगों के दैनिक दिनचर्या में उपयोगी प्रत्येक क्षेत्रों का विकास समय पर किया जा सके। मानव संसाधनों के विकास से ही राज्य एवं राष्ट्र का विकास संभव है।

## एनआईटी स्टूडेंट्स का नवाचार, स्किनएलाइज मशीन से चर्म रोगों की होगी पहचान, उपचार प्रगति को ट्रैक

**रायपुर।** एनआईटी में दो दिवसीय कोड उत्सव-9.0 कोडिंग हैकथॉन का आयोजन किया गया। कोड उत्सव-9.0' एक 28 घंटे लंबा कोडिंग हैकथॉन है, जो दो दिनों तक संस्थान के सेंट्रल कंप्यूटिंग सेंटर में आयोजित हो रहा है। इस वर्ष आयोजन की थीम 'कोड कार्निवल' रखी गई है, जो रचनात्मकता, तकनीकी नवाचार और टीम भावना के उत्सव की प्रतीक है। कोड उत्सव-9.0 कोडिंग हैकथॉन प्रतियोगिता में पांच वास्तविक जीवन आधारित समस्या के विवरण दिए गए हैं, जिन पर प्रतिभागियों को नवाचारी समाधान प्रस्तुत करने हैं। इसी प्रतियोगिता में भाग लेने वाली प्रमुख टीमों में से एक कोडब्लडेड थी, जिसमें तीसरे वर्ष की सूचना प्रौद्योगिकी शाखा के छात्र तन्मय श्रीवास्तव, अंबर अग्रवाल, रक्षित शेट्टी और तेजस सूर्या शामिल थे। इस टीम ने स्किनएलाइज नामक समाधान प्रस्तुत किया, जिसका उद्देश्य त्वचा रोगों के निदान और उपचार प्रक्रिया को अधिक सटीक तथा सुरक्षित बनाना है। यह मशीन लर्निंग आधारित ऑफलाइन डर्मेटोलॉजी असिस्टेंट है, जो चिकित्सकों को त्वचा संबंधी बीमारियों की पहचान और उपचार प्रगति को ट्रैक करने में मदद करता है।




**श्रवण बाधितों के लिए बनाया बहुभाषी स्पीच-टू-टेक्स्ट कनवर्टर :** भाग लेने वाली दूसरी टीम निर सूत्र थी, जिसमें ग्रेटर नोएडा के बेनेट यूनिवर्सिटी से आरुष सिंह (टीम लीडर), माना शर्मा, वंश मेहता और अभिमन्यु पुरी गोस्वामी शामिल थे। इस टीम ने एक बहुभाषी स्पीच-टू-टेक्स्ट कनवर्टर पर आधारित समाधान प्रस्तुत किया।

स्टूडेंट्स ने बताया कि यह एप्लिकेशन रोगियों के डेटा की गोपनीयता बनाए रखते हुए कम नेटवर्क वाले क्षेत्रों में भी प्रभावी रूप से कार्य कर सकता है। इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में देशभर के विभिन्न तकनीकी संस्थानों से कुल 40 से भी अधिक टीमों के 150 से ज्यादा प्रतिभागियों ने भाग लिया है।

### ये हुए शामिल

'कोड उत्सव-9.0' का यह नौवां संस्करण उत्साह और नवाचार के साथ सफलता की ओर अग्रसर है। यह आयोजन प्रतिभागियों को वास्तविक समस्याओं पर काम करने, टीम भावना विकसित करने और तकनीकी ज्ञान को व्यावहारिक रूप में लागू करने का अवसर प्रदान कर रहा है। मुख्य अतिथि निदेशक, एनआईटी रायपुर डॉ. एनवी रमना राव और विशेष अतिथि सत्युक्त एनॉलिटिक्स कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं संस्थापक डॉ. सतकुमार तोमर उपस्थित रहे। इस दौरान स्टूडेंट वेलफेयर के डीन डॉ. मनोज चोपकर, कैरियर डेवलपमेंट सेंटर के प्रमुख डॉ. समीर बाजपेयी और ट्यूरिंग क्लब ऑफ प्रोग्रामर्स के फैकल्टी इंचार्ज डॉ. पवन कुमार मिश्रा, फैकल्टी मेम्बर्स और विद्यार्थी मौजूद रहे।

## राज्य सेवा परीक्षा के उम्मीदवारों के लिए निशुल्क मॉक इंटरव्यू कार्यशाला

**रायपुर।** सामाजिक संस्था विकास परिषद द्वारा नूतन स्कूल आरडीए कॉलोनी टिकरापारा में निशुल्क मॉक इंटरव्यू का आयोजन किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, राज्य सेवा मुख्य परीक्षा में सफल उम्मीदवारों के लिए, पीएससी द्वारा 10 से 20 नवंबर तक साक्षात्कार होने जा रहा है। ऐसे में चयनित उम्मीदवारों में इंटरव्यू फोबिया दूर के उद्देश्य से यह प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन होने जा रहा है। इस दौरान चयनित उम्मीदवार शाम 5 बजे संस्था कार्यालय पहुंचकर अपना पंजीयन करा सकते हैं। शनिवार और रविवार को मॉक इंटरव्यू, सुबह 9 बजे से 12 तक आयोजित होगा। साथ ही अन्य दिनों में मॉक इंटरव्यू का अभ्यास, शाम 7 बजे से 9 बजे तक रहेगा। मॉक इंटरव्यू का अभ्यास पीएससी में सफल उम्मीदवारों के द्वारा कराया जाएगा।

### नूतन स्कूल में सुबह शाम प्रशिक्षण सत्र

राज्य सेवा परीक्षा से डिप्टी कलेक्टर, डीएसपी सहित 246 पदों के चयन के लिए पीएससी द्वारा साक्षात्कार लिया जाएगा। साक्षात्कार के अंकों की अंतिम चयन में महत्वपूर्ण भूमिका होती है। मुख्य परीक्षा में सैकड़ों में किन्ही उम्मीदवारों का चयन होता है, इसके तहत साक्षात्कार के दौरान उम्मीदवारों को विभिन्न स्तरों पर मूल्यांकन के बाद प्रतिभागियों का चयन किया जाता है। उम्मीदवारों को पूछे जाने वाले प्रश्नों के जवाब देने का तरीका बायोडाटा की तैयारी, बॉडी लैंग्वेज, भाव-भंगिमा सहित इंटरव्यू के कई सवाल-जवाब की तैयारी कराई जाएगी।

**उजियार हमर चिन्हारी नाम से कार्यशाला का आयोजन**

# पारंपरिक लोकविधा करमा-सुआ और राउत नाचा से युवाओं को जोड़ने की अनूठी पहल

**कार्नर न्यूज**

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ी भाषा और कला-संस्कृति को सहेजने की पहल युवाओं द्वारा की जा रही है। इसके लिए छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े आयोजन उजियार हमर चिन्हारी की कड़ी में प्रतिभागियों को आधुनिक नृत्यशैली की जगह लोकनृत्य करमा-सुआ और राउत नाचा की पारंपरिक विधा में पारंगत करने कार्यशाला का क्रम चल रहा है। शनिवार को टिकरापारा स्थित सिद्ध श्री हरदेव लाला मंदिर परिसर में भव्य आयोजन किया जाएगा। इससे पहले युवाओं के लिए लोकनृत्य कार्यशाला, लोककला प्रदर्शनी, छत्तीसगढ़ी वेशभूषा, किताब कोठी, धान एवं बांस शिल्प से जोड़ने कार्यशाला का सिलसिला दूसरे दिन गुरुवार को भी जारी रहा। इसके माध्यम से धान और बांस कला का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उभरते युवा कवियों को मंच देने की पहल इस बार भी मुख्य आयोजन में की जाएगी।



**उजियार को सफल बनाने टीम की तैयारी :** उजियार के संस्थापक नागेश वर्मा ने बताया कि युवा पीढ़ी को छत्तीसगढ़ के संस्कृति से जोड़ने का प्रयास कार्यक्रम के माध्यम से हर साल किया जाता है। इसमें छत्तीसगढ़ की बहुरंगी संस्कृति को उजियार की श्रृंखला से जोड़ने की तैयारी है। पिछली बार की तरह नए विचार और ऊर्जा के साथ उजियार को सफल बनाने टीम के युवा तैयारी में लगे हैं। मुख्य आयोजन 8 नवंबर को मंदिर परिसर में ही होगा। इसमें प्रदेशभर के उत्साही युवाओं का ग्रुप शामिल होगा। इस बार भी खैरागढ़ संगीत विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं की विशेष सांस्कृतिक प्रस्तुति होगी।

### लोककला और नृत्यों की विधा भी खास

नागेश वर्मा ने बताया कि छत्तीसगढ़ी भाषा ही नहीं, यहां की लोककला और नृत्यों की विधा भी खास है। इससे युवाओं को जोड़ने के लिए नृत्यशैली की बेसिक जानकारी शाम 4 बजे से दी जा रही है। ओपन माइक के माध्यम से छत्तीसगढ़ के युवाओं को अलग-अलग विषय से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए युवा प्रतिभागी भी उत्साह के साथ प्रैक्टिस करते हुए अलग-अलग विधा से खुद को जोड़ने के लिए पहुंच रहे हैं। शनिवार की शाम 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक होने वाले मुख्य सांस्कृतिक संझा सामूहिक लोकनृत्य से इस बार भी आयोजन को उत्सव का रूप देने की तैयारी है। लोग करमा, सुआ, ददरिया और राउत नाचा, सामूहिक नृत्य का आनंद उठा सकेंगे।



### मंच पर जीवंत करने का निभाएंगे दायित्व

इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा रहेंगी। लोकगायिका पूनम तिवारी, पंडवानी गायक चेतन देवांगन, फिल्म निर्माता मोहित साहू भी प्रमुख रूप से आयोजन का हिस्सा बनेंगे। इनके सामने युवा प्रतिभागी लोककला को मंच पर जीवंत करने का दायित्व निभाएंगे। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए युवाओं की टीम को जिम्मेदारी दी गई है। इनके बीच अलग-अलग विधा के गुणी कला और संस्कृति का एहसास कराएंगे।

धर्म लाइव

## प्राचीन हनुमान मंदिर में सुमधुर संगीतमय काकड़ आरती करने उमड़े श्रद्धालु



**रायपुर।** कार्तिक मास के अंतिम दिन कल्चुरी काल से प्रतिष्ठित प्राचीन हनुमान मंदिर तात्यापारा में सुमधुर संगीतमय काकड़ आरती का आयोजन हुआ। अलसुबह की जाने वाली इस आरती के लिए परंपरानुसार सभी भक्त घर पर स्नान-ध्यान व पूजा करके मंदिर पहुंचे। जहां श्रद्धालु लगभग घंटेभर भजन करने के बाद काकड़ आरती में शामिल हुए। इस अवसर पर विश्वास शेष, मनोहर शेवलीकर, निशा राहटगांवकर, अनिल गनोदवाले, अलका संत, अनिल ठोबंरे, रंजन मोड़क, सुमीत मोड़क, वैभव डांगे, राहुल खानखोजे, अशोक भाले, सतीश अग्रवाल, सौरभ देव, नंदकुमार लेले, अजय पोतदार, शरद देशपांडे, नवीन शेष, सुकृत गनोदवाले, वैभव कान्हे, शरद डांगे, मिलिंद कौड़ीसाव, विशाल डांगे, रिया खानखोज, श्याम शेष, संजीव बल्लाल, सुनील शेष, नमिता शेष, सुरभि गनोदवाले, दीपाली भालेराव, आराधना शेष, साक्षी जोशी सहित अनेक श्रद्धालु भक्तिभाव से भजन करते और काकड़ आरती करते दिखे।

### भगवान कार्तिक के नाम पर होती है काकड़ आरती

काकड़ आरती की प्रथा कब और कैसे शुरू हुई, इसके बारे में एक पौराणिक कथा है। लोगों को भगाने वाले, डराने वाले महाक्रूर तारकासुर का वध भगवान शिव के पुत्र कार्तिक स्वामी ने किया था। इसी कार्य के लिए उनका जन्म कार्तिक माह में हुआ था। ऐसा माना जाता है कि उन्हीं के नाम पर इस माह का नाम 'कार्तिक' पड़ा। शिव के इस महान पुत्र को नमन करते हुए हमारे जीवन में सदैव सुख समृद्धि और शांति बनी रहे इसलिए काकड़ आरती की प्रथा प्रचलित हुई। कार्तिक मास की पूर्णिमा को त्रिपुरारी पूर्णिमा भी कहा जाता है। इसका गहरा आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व है। भक्तगण भगवान शिव की आराधना में अनुष्ठानों में भाग लेते हैं और शांति, ज्ञान और आध्यात्मिक परिवर्तन के लिए उनका आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। काकड़ आरती का समापन इसी दिन किया जाता है।

धर्म लाइव

## डिजिटल जागरूकता विषय पर व्याख्यान सत्र का आयोजन



**रायपुर।** बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के आईटी विभाग द्वारा डिजिटल जागरूकता के अंतर्गत 'सायबर सुरक्षा एवं कानून' विषय पर व्याख्यान सत्र का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ताओं में शासकीय नागार्जुन महाविद्यालय से डॉ. सुरेंद्र पटेल, एनआईटी से डॉ. तीरथ प्रसाद साहू उपस्थित रहे। पहले सत्र में डॉ. पटेल ने साइबर सुरक्षा की आवश्यकता, साइबर अपराध और साइबर क्रिमिनल के प्रकारों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने ऑनलाइन गेम्स, फिशिंग, डीपफेक्स कैमरा, हैकिंग, केवायसी वेरिफिकेशन स्कीम और डिजिटल अरेस्ट जैसे साइबर अटैक के उदाहरण प्रस्तुत किए। साथ ही भारत में लागू आईटी एक्ट 2000 और साइबर अपराध से बचाव के लिए आवश्यक सुझाव व हेल्पलाइन नंबर साझा किए।

### धोखाधड़ी की सूचना नजदीकी पुलिस थाने में दें

दूसरे सत्र में डॉ. तीरथ प्रसाद साहू ने साइबर अपराध की विस्तार से जानकारी देते हुए कहा, भारत में साइबर अपराध लगातार बढ़ रहे हैं। उन्होंने अवांछित ई-मेल और संदेशों की पहचान करने, ऑनलाइन धोखाधड़ी की सूचना संबंधित विभाग या नजदीकी पुलिस को देने और सुरक्षित पासवर्ड बनाने के सुझाव दिए। इसके अंत में उन्होंने साइबर अपराध से बचाव के 10 गोल्डन नियम विद्यार्थियों के साथ साझा किए। कार्यक्रम का निर्देशन प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार ने किया, साथ ही रश्मि कुजूर, डॉ. सीमा साहू और सौ से अधिक छात्रों की उपस्थिति दर्ज की गई।

समाज इवेंट

## 'युग प्रवर्तक डॉ. हेडगेवार' के जीवन पर नाट्य श्रृंखला का आज मंचन



**रायपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष में संघ के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार के जीवन पर आधारित नाटक युग प्रवर्तक डॉ. हेडगेवार का मंचन शुक्रवार को शाम 5 बजे से पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में किया जाएगा। यह आयोजन सेवा भारती रायपुर महानगर इकाई द्वारा किया जा रहा है। सेवा भारती के प्रांत सचिव वासुदेव पटेल ने यह जानकारी गुरुवार को एक निजी हाल में आयोजित पत्रकारवार्ता में कही। आगे बताया कि हजारों वर्षों की गुलामी को देखते हुए भविष्य में राष्ट्र को संगठित करने के लिए डॉ. हेडगेवार ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की। उन्होंने हिंदू समाज को संगठित करने का संकल्प लेकर काम शुरू किया। 1925 में स्थापित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने इस वर्ष स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण किए हैं।

### देखने को मिलेगा आंदोलन का प्रादुर्भाव

डॉ. हेडगेवार की जीवनी पर आधारित नाटक युग प्रवर्तक डॉ. हेडगेवार का मंचन किया जाएगा। छत्तीसगढ़ में 8 स्थानों पर इस नाटक मंचन होगा। पत्रकारवार्ता में रायपुर इकाई के अध्यक्ष अशोक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष विनोद अग्रवाल और शशांक शर्मा ने बताया कि इस नाट्य मंचन में डॉ. हेडगेवार के जीवन से जुड़े प्रमुख प्रसंग देखने को मिलेंगे। उन्नीसवीं शताब्दी के प्राथमिक चरण में स्वतंत्रता आंदोलन का नेतृत्व कांग्रेस के गरम दल के हाथों में होने से अहिंसा के मार्ग पर आंदोलन का क्षीण होना, स्वप्नवादी तुष्टिकरण का प्रादुर्भाव और दुराग्रही तथा आंदोलन को बिना परिणाम के आधे में हतप्रभ करने वाले नेतृत्व का उदय किस तरह से हुआ, यह देखने को मिलेगा।

सज गया गर्म कपड़ों का बाजार, ठंड से बचने शॉल, स्वेटर्स, पैराशूट, लेदर जैकेट व दस्ताने की खरीदारी शुरू

# महिलाओं की पहली पसंद हिमाचल की कुल्लू वेलवेट शॉल, यंगस्टर्स को भा रही लैदर जैकेट

नवंबर महीने की शुरुआत के साथ ही सर्दियों के मौसम का अहसास होने लगा है। इसी के साथ शहर में गर्म कपड़ों का बाजार भी सज गया है। गर्म कपड़ों के बाजार की बात करें तो तिब्बती वुलन वियर स्टॉल सबसे ज्यादा लोगों की खरीदारी का केंद्र रहता है और यह अभी से इनके स्टॉल्स पर दिखने लगा है।



### हिमाचल प्रदेश की कुल्लू शॉल

महिलाओं व बुजुर्गों के लिए ठंड में कुल्लू शॉल बेस्ट डिमांड में रहती हैं। इसकी कीमत 450 से 1200 रुपए तक है। यह हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले की एक प्रसिद्ध हस्तशिल्प होती है, जो अपनी खूबसूरती के कारण काफी प्रसिद्ध है। यह शॉल गर्मी बनाए रखने में बेहद प्रभावी है। कुल्लू शॉल की विशेषता उसका मुलायमपन, बनावट और आकर्षक डिजाइंस हैं। यह शॉल ऊन से बुने जाती है, जो उन्हें गर्म और हल्का दोनों बनाती है। कुल्लू शॉल में विभिन्न प्रकार के रंग और पैटर्न हमारे स्टॉल पर उपलब्ध हैं।



**रायपुर।** राजधानी के मोतीबाग, सिद्धार्थ चौक, आमापारा चौक, शास्त्री बाजार रोड, जीई रोड पर तिब्बती ऊनी स्टॉल सज चुके हैं। इन ऊनी स्टॉल्स पर कंपकपाती ठंड से बचने बुजुर्गों व महिलाओं के लिए शॉल व स्वेटर्स का बेहतरीन कलेक्शन देखने को मिल रहा है। वहीं युवाओं के लिए ओवरसाइज्ड व कलरफुल लेदर जैकेट डिमांड में है। मोतीबाग स्थित तिब्बती स्टॉल्स के संचालक ने बताया कि उनके स्टॉल्स पर सभी उम्र के लोगों के लिए ऊनी, फर, लेदर से बने बेहतरीन डिजाइनर गर्म कपड़ों का कलेक्शन बजट में उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि खासकर राजधानी के बुजुर्गों व महिलाओं की पसंद को ध्यान में रखते हुए डिजाइनर, हल्की व कंफर्ट शॉल की एक से बढ़कर एक रेंज उपलब्ध है। वहीं याक की ऊन से बने स्वेटर्स, बच्चों व बड़ों के लिए फर, पैराशूट व लेदर जैकेट, टोपी, मोजे, दस्ताने का शानदार कलेक्शन लेकर आए हैं। शॉल का उपयोग न केवल गर्मी पाने के लिए होता है, बल्कि यह एक फैशन स्टेटस भी है। शादी या पार्टी में महिलाएं सूट, साड़ी या लहंगा के साथ शॉल स्टाइल करती हैं। यह न केवल शरीर को गर्म रखता है, बल्कि इसे पहनने से व्यक्ति का लुक भी आकर्षक और स्टाइलिश बनाने में भी मदद करता है। शॉल कई तरह की होती हैं, जिनमें से कुछ विशेष रूप से प्रसिद्ध हैं, जो इस समय विभिन्न प्रकार के रंगों और डिजाइन के साथ हमारे तिब्बती ऊनी मार्केट स्टॉल्स पर मिल रही हैं। कुछ फेमस शॉल की रेंज इस प्रकार है।

### बच्चों के लिए कार्टून प्रिंट ऊनी व पैराशूट जैकेट

बाजार में वूलन मार्केट के हर कोने में गर्म कपड़ों की भरमार है। इसमें बच्चों के लिए कार्टून प्रिंट पैराशूट जैकेट, मंकी कैप, मिक्की माउस दस्ताने व लेदर की शूज भी आए हैं। इस बार मार्केट में लेटेस्ट फैशन के हिसाब से डिजाइन किए गए कपड़े भी देखने को मिल रहे हैं। चाहे पारंपरिक गर्म कपड़े पसंद करते हों या फिर वेस्टर्न, यहां पसंद के कपड़े आसानी से मिल जाएंगे। इसके अलावा, बजट के हिसाब से कपड़े भी मिल रहे हैं।

### ओवरसाइज्ड स्वेटर कलरफुल जैकेट का ट्रेंड

खासकर यंगस्टर्स में इस साल ओवरसाइज्ड स्वेटर, फर जैकेट और कलरफुल जैकेट काफी ट्रेंड में हैं। कलर की बात करें तो न्यूट्रल कलर्स जैसे कि बेज, ग्रे और ब्लैक काफी पापुलर हैं। फैब्रिक वूल, कश्मीर और फर जैसे फैब्रिक काफी पसंद किए जा रहे हैं। इस तरह से यूथ इस बार के ठंड के मौसम में यूनिक लुक में दिखेंगे। ठंड को फैशन के साथ एंज्वॉय करेंगे।

### वेलवेट शॉल महिलाओं की फेवरेट

विंटर कलेक्शन में वेलवेट शॉल लेडिज व मेन्स दोनों के लिए उपलब्ध है। इसकी कीमत 300 से 800 रुपए तक है। ये बहुत ही मुलायम होती है। वेलवेट शॉल, माइक्रो वेलेट, जरी और सेक्विन वर्क से बनाई जाती है। सर्दियों में शादी या किसी फंक्शन में पहनकर जाने के लिए ये शॉल एकदम परफेक्ट रहती है। वेलवेट शॉल की खासियत इसकी नर्म और मुलायम सतह है, जो इसे पहनने में बहुत आरामदायक बनाती है। इसके अलावा, यह शॉल ठंडी हवाओं से बचाव करती है और शरीर को गर्म रखती है। ठंड के मौसम में शादी वाले दिन दुल्हन भी अपने लहंगे के साथ वेलवेट शॉल कैरी कर सकती हैं।

## सोने की लंका बनाएंगे तो हनुमान आएंगे और जलाकर चले जाएंगे

**रायपुर।** जीवन में ऑर्थोपार्जन नीति से करनी चाहिए, अनीति से नहीं। सोने की द्वारिका बनाना लंका नहीं। सोने की द्वारिका में सुदामा जैसे गरीब ब्राह्मण को प्रवेश मिलता है, लेकिन सोने की लंका में हनुमान जैसे ब्रह्मचारी भी प्रवेश नहीं कर पाते। बेईमानी से सोने की लंका बनाएंगे तो हनुमान जैसे ब्रह्मचारी आएंगे और सब जलाकर चले जाएंगे।

यह बात श्री अवधपुरी धाम से आए स्वामी सियारामशरण दास महाराज ने संगीतमय श्रीरामकथा एवं भव्य संत सम्मेलन में कही। श्री दूधाधारी मठ सत्संग भवन में श्रोताओं को श्रीरामकथा का रसपान कराते हुए अभिव्यक्त किया। उन्होंने कहा कि बिना संकल्प के दान नहीं देना चाहिए। संकल्पपूर्वक दान लेना भी नहीं चाहिए। विदेशी जानते हैं कि भारत मातृप्रधान देश है, इसलिए अंग्रेजों ने बंगाल में ईस्ट इंडिया कंपनी की स्थापना की और रावण ने बक्सर में अपना ठिकाना बनाया।



दूधाधारी मठ सत्संग भवन में प्रवचन

### जितना अच्छा खुद को मानते हैं, उतने अच्छे नहीं होते

महाराज ने कहा कि जितना अच्छा हम खुद को मानते हैं, उतने अच्छे नहीं होते। यह भगवान की कृपा है कि हम जिस लायक नहीं हैं, उसने हमें उस लायक बना रखा है। संत केवल वेश धारण करने से नहीं होते, जो दूसरों का काम बना दे, वही संत है। जब जीवन में पाप ही पाप होगा तो वह नर्कगामी हो जाएगा। जब जीवन में पुण्य ही पुण्य होगा तो वह स्वर्गगामी हो जाएगा। जिनके पुत्र आज्ञाकारी नहीं हैं, फिर भी वे स्वयं को पुत्रवान समझते हैं तो वे मूर्ख हैं। प्रवचन के दौरान दूधाधारी मठ के प्रमुख, राजेश्री महंत रामसुंदर दास महाराज मुख्य यजमान के रूप में विराजित थे।

## रोड सेफ्टी सुरक्षा के तहत सड़क पर घुमंतू मवेशियों को रेडियम पट्टियां बांधी

छत्तीसगढ़ पुलिस के सहयोग से लायंस क्लब रायपुर कैपिटल की पहल



**रायपुर।** शहर के सड़कों पर खुले घूम रहे मवेशियों के गले में रेडियम पट्टियां बांधी गई हैं। जिला परियोजना "रोड सेफ्टी सुरक्षा" के अंतर्गत लायंस क्लब रायपुर कैपिटल द्वारा खुले मवेशियों को रेडियम पट्टी बांधी गई, ताकि सड़क यातायात के दौरान मवेशियों व वाहन चालकों दोनों की सुरक्षा हो सके। यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ पुलिस के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर डीएसपी गुरजीत सिंह टीम सहित उपस्थित रहे।

### सड़क हादसा को रोकने में सहायक

उन्होंने क्लब के इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि सड़क पर घूमने वाले मवेशियों के कारण होने वाले सड़क हादसों को रोकने में यह पहल अत्यंत प्रभावी सिद्ध होगा। कार्यक्रम के अंतर्गत रेडियम बेल्ट लगाने का मिशन रखा गया। इस अभियान के माध्यम से सड़क पर घूमने वाले मवेशियों को रेडियम पट्टियां बांधी गईं, ताकि रात में वाहन चालकों को उन्हें आसानी से दिखाई दे सके। कार्यक्रम में क्लब की अध्यक्ष लायन कनीज सिद्दीकी, सचिव लायन अमरजीत कौर ढल्ला, पीएमजेएफ लायन रंजन महावर, पीआरओ लायन संतोष गुप्ता, लायन अंजूदीप यादव, लायन सरिता जैन एवं लायन अर्चना जालान उपस्थित रहीं। यह जनसेवा कार्य सड़क सुरक्षा जागरूकता की दिशा में एक सराहनीय पहल सिद्ध हुआ।

मेला आयोजन समिति ने व्यवस्था बनाने तैनात किए वॉलंटियर्स

# आस्था और उत्सव से सराबोर महादेवघाट का पुन्नी मेला पूजा-अर्चना के बाद लोग ले रहे व्यंजनों का स्वाद

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** महादेवघाट तट पर पुन्नी मेला का उत्साह दूसरे दिन भी देखने लायक था। सुबह खारुन नदी में आस्था की डुबकी लगाने के लिए भारी तादाद में श्रद्धालु पहुंचे। हाटकेश्वर नाथ की पूजा और आराधना के बाद लोगों ने पारंपरिक व्यंजनों का स्वाद लिया। आसपास इसके लिए सैकड़ों की तादाद में स्टाल्स और दुकानों की श्रृंखला सजी है। मंदिर के महंत सुरेश गिरी गोस्वामी ने बताया कि कार्तिक पूर्णिमा के बाद अगहन गुरुवार को लोगों ने बूढ़ादेव की पूजा-अर्चना के बाद प्रसाद ग्रहण किया। दर्शनार्थियों की आवाजाही पुन्नी मेला के चलते मंदिर भी ज्यादा होने से लोगों को सहयोग और सुविधा देने के लिए वॉलंटियर्स को तैनात किया गया। मंदिर के बाहर पुलिस प्रशासन के साथ मेला आयोजन समिति के कार्यकर्ता भी व्यवस्था की बागडोर संभाल रहे हैं। पूर्णिमा की वजह से विशेष पूजा-अर्चना के लिए लोग सुबह और शाम को भी पहुंचे।



### खानपान के लिए इस बार भी चौतरफा दुकानें

हाटकेश्वर नाथ मंदिर के आसपास खानपान के लिए चौतरफा स्टाल लोगों ने सजाए हैं। कमलेश साहू ने बताया कि हर साल की तरह इस बार भी नमकीन, पेठा, मिठाई, अनरसा, जलेबी जैसे कई तरह के व्यंजनों को परोसा जा रहा है। वहीं सालिक राम ने बताया कि मेले में चाट और गुपचुप की मांग ज्यादा है। इसे देखते हुए मेला आयोजन समिति ने इस बार दुकान सजाने के लिए अवसर दिया है। इस बार भी आइसक्रीम के अलावा गन्ना रस, चाय-नास्ता के साथ आने वाले लोगों को भोजन की सुविधा देने के लिए होटल भी खुले हैं। खिलौने की दर्जनों दुकानें सजाई गई हैं।



### ड्रैगन ट्रेन, टॉवर झूला जोन में छलका उत्साह

हर साल की तरह इस बार भी बच्चों के साथ ही हर वर्ग के लोग झूलों का लुत्फ उठाने के लिए ड्रैगन ट्रेन, टॉवर झूला जोन में भी पहुंच रहे हैं। इस जोन में महिलाओं, बच्चों और युवाओं का रुझान ज्यादा देखने को मिला। इसके लिए अलग से झूला जोन भी तैयार किया गया है। दानिश ने बताया, विगत 18 साल से पुन्नी मेले में झूले के लिए अलग जोन तैयार करते आ रहे हैं। इस बार टॉवर झूला के साथ टोराटोरा, नाव झूला, ब्रेक डांस झूला के साथ ही चांद-तारा झूले का भी लोग लुत्फ उठा रहे हैं। ड्रैगन ट्रेन इस बार लोगों के लिए तैयार की गई है। लोगों की सुरक्षा के लिहाज से एक्सपर्ट की टीम भी झूला जोन में मुस्तैद रहती और तकनीकी जांच भी करती है।

## सिटी स्पोर्ट्स

### रॉकी इंटरनेशनल आर्बिटर और ममता, मुदिता, आकांक्षा व तरुण बने फीडे आर्बिटर



**रायपुर।** विश्व शतरंज महासंघ (फीडे) द्वारा आयोजित फीडे आर्बिटर की परीक्षा में छत्तीसगढ़ से ममता देवांगन, मुदिता पाण्डेय, आकांक्षा शर्मा व तरुण सारथी ने उत्तीर्ण कर शानदार सफलता अर्जित की है वहीं प्रदेश के रॉकी देवांगन को फीडे ने इंटरनेशनल आर्बिटर का टाइटल प्रदान किया है। छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के सचिव हेमंत खुटे ने बताया कि प्रदेश शतरंज संघ ने राज्य में निर्णायकों की संख्या बढ़ाने हेतु विशेष पहल कर इस वर्ष दुर्ग में राज्य स्तर पर आर्बिटर्स सेमिनार का आयोजन किया था ताकि ज्यादा से ज्यादा जिला इकाइयों को क्वालीफाइड आर्बिटर मिल सके और जिला स्तरीय शतरंज स्पर्धा का कुशलतापूर्वक संचालन कर सके। दुर्ग में आयोजित आर्बिटर सेमिनार में प्रदेश भर से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था तथा सफलताएं अर्जित की थी।यहीं से मिले प्रोत्साहन व प्रेरणा ने ममता, मुदिता, आकांक्षा व तरुण को अद्भुत सफलता दिलाई। निर्णायकों की इस बेहतरीन उपलब्धि पर आर्बिटर कमीशन के चेयरमैन अलंकार भिवगड़े, इंटरनेशनल आर्बिटर अनीस अंसारी, रॉकी देवांगन, रविकुमार, रोहित यादव, शुभम बसोने, हर्ष शर्मा ,भावना जायसवाल तथा छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के पदाधिकारियों व शतरंज प्रेमियों ने हर्ष जताया है।

### क्रिकेट में धमतरी, दुर्ग, रायगढ़ और जांजगीर की शानदार जीत



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर 14 प्लेट ग्रुप एक दिवसीय प्रतियोगिता में गुरुवार को रोमांचक मुकाबले हुए। धमतरी में टीम बीएसपी के विरुद्ध धमतरी ने 6 विकेट से जीत हासिल की। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सिविक सेंटर में महासमुंद के विरुद्ध दुर्ग ने चार विकेट से जीत हासिल की। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर-1 में टीम रायगढ़ ने सरगुजा के विरुद्ध 55 रन से जीत हासिल की। इसी तरह कवर्धा में जांजगीर चांपा ने कवर्धा के विरुद्ध पांच विकेट से जीत हासिल की।

### क्लासिकल शतरंज में निभीष लक्ष्य ,अपूर्व व सावि बने विजेता



**रायपुर।** 1 व 2 नवंबर को राज्य स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में चेस शाला द्वारा आयोजित रायपुर एकेडमिक चेस टूर्नामेंट आयोजित की गई। इस स्पर्धा में अंडर 7 से लेकर अंडर 9 तक के खिलाड़ियों का अलग टूर्नामेंट कराया गया जिसमें स्विस लीग पद्धति से 4 राउंड में प्रतियोगिता संपन्न हुई। उसी प्रकार ओपन वर्ग में टोटल 5 चक्र आयोजित किए गए । अंडर 7 के विजेताओं में प्रथम लक्ष्य यादव, द्वितीय श्रीनिका रेड्डी,तृतीय अथर्व तिवारी, अंडर-9 प्रथम अपूर्व भार्गव, द्वितीय अनिका रेड्डी,तृतीय अनिका गुप्ता, अंडर-11 प्रथम सावि गौरी,द्वितीय जयवर्धन भार्गव, तृतीय विवान गुप्ता, ओपन वर्ग में प्रथम निभीष प्रधान, द्वितीय उत्कर्ष यादव, तृतीय लक्ष्य गुप्ता, चतुर्थ आदित्य जैन और पंचम अक्ष चोपड़ा रहे। सभी विजेताओं को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा प्रतियोगिता के सबसे कम उम्र की खिलाड़ी शौर्य चौरड़िया 4.5 वर्ष रहें इनके साथ ही बालिका खिलाडियों में हेतांशी मुदलियार (प्रथम), वरीमा विश्वकर्मा (द्वितीय,) कशिका जैन (तृतीय) और विशिष्ट खिलाड़ी के रूप में अनिष्का अग्रवाल को ट्रॉफी देकर सम्मानित सम्मानित किया गया। स्पर्धा में कुल 50 खिलाड़ियों ने अपना पंजीयन कराया । स्पर्धा के समापन अवसर पर एम पावर के डायरेक्टर गोविंद मुदलियार,प्लम एंड चेरी स्कूल की डायरेक्टर जाह्नवी मुदलियार, अरुण के साथ ही सभी पालक उपस्थित रहे। सहयोगी के रूप में तुषार गुप्ता ,प्राची यादव ,अक्षत महोबिया व श्रुति यादव रही। यह जानकारी स्पर्धा के आयोजक रोहित यादव ने दी।

### राज्य स्तरीय बैडमिंटन स्पर्धा में दोहरे मुकाबले में उपविजेता रहे अमान

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ बैडमिंटन संघ द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय अंडर-19 बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन 01 से 05 नवम्बर तक कबीरधाम में किया गया। प्रतियोगिता में रायगढ़ जिले के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए फाइनल एवं सेमीफ़ाइनल तक पहुँचकर जिले का नाम गौरवान्वित किया। रायगढ़ के उभरते हुए खिलाड़ी अमान खान और हर्षवर्धन बारिक ने टूर्नामेंट में अनुशासित, संतुलित और प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए अपने खेल कौशल का परिचय दिया।

## लाइफ स्टाइल बदलने से आ रही फैटी लीवर की समस्या

# फैटी लिवर की समस्या से मिलेगा आराम जब अपने भोजन में शामिल करेंगे ये चीजें

फैटी लिवर मतलब लिवर के आसपास जरूरत से ज्यादा फैट जमा हो जाता है तो उसे फैटी लिवर कहा जाता है। ज्यादातर पुरुषों के मामलों में ऐसा अल्कोहल के सेवन, तेल-मसाले वाले खाने की वजह से होता है।

ज्यादातर मामलों में फैटी लिवर के कोई लक्षण नहीं होते हैं। लेकिन कई मामलों में ये स्थिति लिवर के लिए हानिकारक हो सकती है।

इसलिए जरूरी है कि फैटी लिवर होने पर हेल्दी खाना खाया जाए। ऐसा खाना खाया जाए जो फैटी लिवर को वापस हेल्दी बना दें। फैटी लिवर होने पर क्या-क्या खाना चाहिए? जवाब जानिए-

फैटी लिवर की असल स्थिति का अंदाजा फैट से लगाया जाता है, ये बात पहले भी बताई जा चुकी है। लेकिन असल में कितना फैट बढ़ने पर ऐसा होता है। ये जानना भी जरूरी है। शरीर में मौजूद कुल फैट की मात्रा लिवर के वजन से 10 प्रतिशत ज्यादा हो जाती है तो इस स्थिति को फैटी लिवर कहते हैं।

फैटी लिवर वो समस्या है जिसके चलते कई बार पेट में दर्द होता है और कई बार उल्टी भी महसूस होती है। पेट में दर्द होता है और इतना ही नहीं कई बार स्किन पर पीलापन भी आ जाता है।

स्थिति ज्यादा खराब होने पर



लिवर में सूजन भी आ जाती है। इसलिए जरूरी है कि इससे बचने के साधन तलाशे जाएं। सबसे अच्छा तरीका ये होगा कि खाने में हेल्दी डाइट ली जाए। ओमेगा 3 फैटी एसिड अखरोट की खासियत होता है, यही खासियत लिवर के लिए फायदेमंद होती है। अखरोट तब ज्यादा असरदार होता है जब फैटी लिवर की वजह एल्कोहल न हो। दरअसल एल्कोहल न लेने के बाद भी अगर फैटी लिवर हो रहा है तो उसे नॉन एल्कोहलिक फैटी लिवर रोग कहेंगे।

लहसुन के फैटी लिवर में फायदा करने की वजह इसके एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं। जिनसे फैटी लिवर में काफी फायदा मिल जाता है।

पत्तेदार सब्जियां भी इस स्थिति में काफी फायदा देती हैं। खासतौर पर ब्रोकोली खाने से फैटी लिवर में काफी आराम मिलता है। दरअसल इनके सेवन से शरीर की चर्बी कम होती है।

आप इसके लिए फूलगोभी, हरा प्याज, गाजर, कद्दू, पत्तेदार साग, चुकंदर आदि का सेवन भी कर सकते हैं। ये सब्जियां शरीर को और फायदे भी देती हैं, जिससे शरीर हेल्थी होता जाता है और फायदा सभी अंगों को मिलता है।



मछली में अखरोट की तरह ओमेगा 3 फैटी एसिड होता है। कई शोधों में पाया गया है कि ये एसिड फैट के लेवल और फैटी लिवर दोनों को ठीक करता है।

इसके सेवन से कोलेस्ट्रॉल के लेवल में सुधार होता जाता है। मछली में भी कुछ खास नाम इस काम में आपकी मदद कर सकते हैं जैसे सैल्मन और टूना। मछली खाने वालों को कई फायदे होते हैं।

कॉफी और ग्रीन टी का सेवन करने से अभी लिवर में जमा फैट कम हो जाता है। इसलिए इन्हें भी संतुलित मात्रा में सेवन किया जा सकता है। ध्यान रहे कैफीन की मात्रा' इतनी न हो कि दूसरी दिक्कतें शुरू हो जाएं। इसलिए सोच



समझकर एक्सपर्ट की सलाह पर ही कैफीन का सेवन करें।

ओट्स भी फैटी लिवर में फायदा देने वाला खाना है। इसमें मौजूद कार्बोहाइड्रेट और फाइबर इसमें मदद करते हैं। कार्बोहाइड्रेट से ऊर्जा मिलती है तो फाइबर से फैट कम होता है। इससे पेट भी साफ होता है।

टोफू सोयाबीन से बनता है और फैटी लिवर में काफी लाभदायक है। दरअसल कई शोधों में पाया गया है कि सोया प्रोटीन फैटी लिवर को कम करने में कारगर है और लिवर की कोशिकाओं को ये काफी मजबूत करता है।

फैटी लिवर को अगर समय पर ठीक करने के उपाय न किए जाएं तो समस्या काफी बढ़ सकती है। फैटी लिवर, लिवर सिरोसिस में बदल सकता है। इसलिए समय रहते इसका इलाज कराना सबसे जरूरी है।

अगर फैटी लिवर की समस्या है तो मरीज को वजन कम करने की कोशिश करनी चाहिए। वजन कम करके फैट कम होगा तो लिवर पर जमी एक्स्ट्रा चर्बी भी कम होती जाएगी।



## डाइट प्लान अपना कर इन ट्रिक्स से कम करें वजन

जब भी वेट लॉस की बात होती है तो लोग सबसे पहले अपनी डाइट पर काम करना शुरू करते हैं। वजन कम करने के लिए लोग तरह-तरह के डाइट प्लान फॉलो करने लगते हैं, जिससे उन्हें जल्द और अधिक इफेक्टिव रिजल्ट मिल सके। बहुत से लोग ऐसे भी होते हैं, जिनके लिए डाइट फॉलो करना संभव नहीं होता। ऐसे में वे डाइट शुरू करते हैं,लेकिन उसे बीच में ही छोड़ देते हैं। हो सकता है कि आपका नाम भी ऐसे ही लोगों की लिस्ट में हो तो आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है।

अगर आप चाहें तो बिना डाइट प्लान के भी अपना वजन कम कर सकती हैं। इसके लिए खुद को भूखा रहना व अपनी इच्छाओं को मारने की जरूरत नहीं है। बस आपकी अप्रोच सही होनी चाहिए। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको ऐसी ही कुछ ट्रिक्स के बारे में बता रहे हैं, जिनकी मदद से आप बिना किसी डाइट प्लान को फॉलो किए भी अपना वजन आसानी से कम कर सकती हैं।

### इन ट्रिक्स की मदद से कम कर सकती हैं वजन



**खाने से पहले पीएं पानी:** यह एक छोटी सी ट्रिक है, लेकिन इससे आपको पोर्शन कंट्रोल करने में काफी मदद मिलती है। जिससे वजन कम करना काफी आसान हो जाता है। हमेशा खाने से 30 मिनट पहले एक या दो गिलास पानी पीने की आदत डालें। इससे जब आप खाना खाने के लिए बैठते हैं तो आपको अपना पेट भरा हुआ महसूस हो सकता है। यह तरकीब आपको खाने के लिए बैठने पर ज़्यादा खाने से रोकती है क्योंकि आपका पेट पहले से ही कुछ हद तक भरा हुआ महसूस करता है।

**खाते समय स्क्रीन करें बंद:** कुछ लोग घर का बना खाना खाते हैं, लेकिन फिर भी उनका वजन बढ़ने लगता है, क्योंकि उन्हें खाने की मात्रा का ख्याल नहीं रहता है। इसका सबसे बड़ा कारण स्क्रीन है। जब आप स्क्रीन देखते हुए खाना खाते हैं तो आपको यह पता ही नहीं चलता है कि आपका पेट भर गया है। ऐसे में आप कुछ अधिक ही खा लेते हैं और इससे वजन कम नहीं हो पाता है। इसलिए खाना खाते समय स्क्रीन बंद रखें। वजन कम करने के लिए स्क्रीन टाइम घटाना करना जरूरी है।

**खाने की लें महक:** यह एक अजीब सी ट्रिक है, लेकिन



इससे आपको वजन कम करने में मदद मिल सकती है। हमेशा खाना खाने से पहले उसकी महक लें। खाने की महक आपके दिमाग को यह सोचने के लिए प्रेरित कर सकती है कि आपने ज़्यादा खा लिया है। इससे फील-गुड हार्मोन रिलीज़ होते हैं, जिससे ज़्यादा खाने की इच्छा कम होती है।

**डिनर के बाद दांत करें ब्रश:** रात को सोते समय दांत साफ करना एक अच्छी आदत है। इससे ना केवल आप ओरल हाइजीन का ख्याल रख पाते हैं, बल्कि आपको वजन कम करने में भी मदद मिलती है। दरअसल, एक बार जब आप अपने दांत साफ करते हैं तो इससे आपको देर रात स्नैकिंग करने की इच्छा कम होती है। तरह-तरह की फूड क्रेविंग कम होने से अपने कैलोरी काउंट पर बने रहना काफी आसान हो जाता है।

## राष्ट्रीय थाई बॉक्सिंग चैंपियनशिप में हिस्सा लेने छत्तीसगढ़ का 21 सदस्यीय दल रवाना



**रायपुर।** अमृतसर (पंजाब) में 07 से 09 नवंबर तक आयोजित होने वाली 16वीं राष्ट्रीय थाई बॉक्सिंग चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ से 21 सदस्यीय दल भाग ले रहा है। छत्तीसगढ़ थाई बॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष अनीस मेमन और महासचिव लखन कुमार साहू ने बताया कि एसजीएफआई से मान्यता प्राप्त खेल थाई बॉक्सिंग की राष्ट्रीय संस्था थाई बॉक्सिंग इण्डियन फेडरेशन (टीआईएफ) के तत्वावधान में पंजाब थाई बॉक्सिंग संघ द्वारा सीनियर, जूनियर, सब जूनियर (बालक - बालिका) वर्ग की उक्त राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने छत्तीसगढ़ का दल रवाना हो चुका है।

■ एकलव्य खेल परिसर - गीदम, दंतेवाड़ा दक्षिण बस्तर से 06 खिलाड़ी चयनित

इस दल में एकलव्य खेल परिसर - गीदम, दंतेवाड़ा (दक्षिण बस्तर) से 06 खिलाड़ी, 01 अधिकारी, बालोद से 07 खिलाड़ी, एक अधिकारी एवँ रायपुर से 04 खिलाड़ी, एक अधिकारी तथा उत्तर बस्तर काँकेर से 01 अधिकारी चयनित हुए है। थाई बॉक्सिंग फेडरेशन द्वारा 16वीं राष्ट्रीय थाई बॉक्सिंग चैंपियनशिप हेतु गठित टेक्निकल समिति में रायपुर के अनीस मेमन चीफ जज तथा एकलव्य खेल परिस - गीदम, दंतेवाड़ा की कोच टिकेश्वरी साहू रेफ़री एवं जूरी के रूप में चुनी गई है। छत्तीसगढ़ प्रदेश थाई बॉक्सिंग दल के कोच / मैनेजर का दायित्व काँकेर (उत्तर बस्तर) की नजमा परवीन कुरैशी और बालोद की भुनेश्वरी निर्वहन करेंगी। दल में शामिल बालिका खिलाड़ी में लच्छी कवासी, पायके कवासी, सोमानी मरकाम, रामे कवासी (एकलव्य खेल परिसर, गीदम, दंतेवाड़ा, दक्षिण बस्तर), प्रियंका साहू, मानसी तांडी, पिंकी गुप्ता, दीपाली बघेल (रायपुर), अंजली साहू, चिकलेश्वरी (बालोद), बालक खिलाड़ी में मंगल साय नाग एवं पप्पू कश्यप (दोनों एकलव्य खेल परिसर, गीदम, दंतेवाड़ा, दक्षिण बस्तर), बामन कुमार सिन्हा, आयुष जसूजा, मनीष देशमुख, संयम यादव, मयंक साहू (सभी बालोद) कोच एवं मैनेजर - श्रीमती नजमा परवीन कुरैशी (काँकेर), दिलेश्वरी (बालोद) फेडरेशन से आमंत्रित निर्णायक - अनीस मेमन (रायपुर) एवं टिकेश्वरी साहू (कोच - एकलव्य खेल परिसर, गीदम, दंतेवाड़ा) शामिल हैं।अमृतसर रवानगी से पहले समस्त खिलाड़ियों को टी शर्ट / ट्रैक सूट प्रदान किया गया। इस अवसर पर थाई बॉक्सिंग संघ के प्रदेश अध्यक्ष अनीस मेमन, योग प्रशिक्षक शम्भू गुप्ता (प्रदेश अध्यक्ष - स्वच्छ भारत मिशन भाजपा), शोभाराम तांडी और एस. के. गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## अब पूड़ियां नहीं पिएंगी तेल, अपनाएं देसी जुगाड़



पूड़ियां हमारे भारतीय खाने का अहम हिस्सा हैं और इन्हें त्यौहारों या खास मौकों पर जरूर बनाया जाता है, लेकिन कई बार पूड़ियां बनाते समय तेल ज्यादा सोख लेती हैं, जिससे वे चिपचिपी और भारी हो जाती हैं। इससे न सिर्फ स्वाद खराब होता है, बल्कि सेहत के लिए भी यह अच्छा नहीं होता। अगर आप भी इस समस्या से परेशान हैं, तो हम आपके लिए एक आसान और असरदार देसी जुगाड़ लेकर आए हैं, जिसे अपनाकर आप ऑयल-फ्री, क्रिस्पी, फुली और स्वादिष्ट पूड़ियां बना सकती हैं।

### डालें चुटकी भर नमक और 2 टूथपिक

यह एक पुराना और बहुत ही कारगर नुस्खा है। इस तरीके से बनी पूड़ियां गोल्डन, एकदम क्रिस्पी और ऑयल-फ्री बनती हैं। जब आप पूड़ियों को तलने के लिए तेल गरम करती हैं, तब उसमें 1 चुटकी नमक और 2 टूथपिक डाल दें। ऐसा करने से तेल का तापमान बना रहता है और पूरियां तेल को ज्यादा नहीं सोखतीं। नमक और टूथपिक तेल में बैलेंस पैदा करते हैं, जिससे पूड़ियों की सतह पर तेल चिपक नहीं पाता।

### आटे को सही तरह से गूंथना

पूड़ियों के लिए आटे को अच्छी तरह गूंथना जरूरी होता है। आटे को गूंथते समय इस बात का ध्यान रखें कि आटा न तो ज्यादा टाइट हो और न ही ज्यादा नरम। अगर आटा बहुत नरम होगा, तो पूड़ियां तेल ज्यादा सोखेंगी। आटा गूंथने के बाद कम से कम 20-30 मिनट के लिए ढककर रख दें। इससे आटा अच्छी तरह सेट हो जाता है।















## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड


## मैथ्यू के गुजरने के दो साल बाद बहन का चौंकाने वाला दावा



हॉलीवुड के मशहूर एक्टर और 'फ्रेंड्स' फेम मैथ्यू पेरी को गुजरे लगभग दो साल हो चुके हैं, लेकिन उनके चाहने वालों और परिवार के लिए वो आज भी यादों में जिंदा हैं। हाल ही में मैथ्यू की बहन केटलीन मॉरिसन ने एक इंटरव्यू में बताया कि उन्हें आज भी अपने भाई की मौजूदगी महसूस होती है। कभी-कभी वो उनकी आवाज तक सुन सकती हैं मानो मैथ्यू अब भी उनके साथ हों।
केटलीन ने 'वैरायटी' के साथ अपने इंटरव्यू में कहा कि कई बार उन्हें ऐसा लगता है जैसे मैथ्यू आसपास ही हैं। उन्होंने कहा, 'जब भी कुछ होता है, मैं सोचती हूं कि मैथ्यू इस पर क्या कहते और तभी ऐसा लगता है जैसे उनकी आवाज कानों में गूंज रही हो'। इसके बाद केटलीन ने मुस्कुराते हुए कहा, 'शायद वो यहीं हैं। कौन जानता है शायद आत्माएं सच में होती हैं।' इसके बाद कैटलिन ने हंसते हुए कहा, 'अगर ऐसा है तो अब हम साथ में मिट्टी के बर्तन बनाएंगे।' बता दें ये क्लासिक फिल्म घोस्ट का फनी डायलॉग है। केटलीन ने माना कि अपने भाई की बरसी का दिन आज भी उनके लिए बेहद भारी होता है, लेकिन उन्होंने ये भी कहा कि अब वो उस दर्द को थोड़ा स्वीकार करना सीख चुकी हैं। उन्होंने बताया कि मैथ्यू के जन्मदिन पर उन्हें पहले से कुछ सुकून महसूस हुआ। उन्होंने कहा, 'ऐसे दिन हमें खुलकर रोने की इजाजत देते हैं, जब हम अपने गम को छिपाने की कोशिश नहीं करते।' अपने चिर-परिचित ह्यूमर में उन्होंने यह भी कहा, 'मजाकिया जवाब तो यह है कि मैथ्यू ने मेरा हैलोवीन बर्बाद कर दिया, और सच्चाई यह है कि वो दिन हमेशा थोड़ा अंधेरा रहेगा।' 'फ्रेंड्स' में चैंडलर बिंग के किरदार से दुनियाभर के दर्शकों के दिलों में पहचान बनाने वाले मैथ्यू पेरी का निधन 28 अक्टूबर 2023 को लॉस एंजेलिस स्थित अपने घर में हुआ था।

### टॉलीवुड

## राजामौली ने एनिमेटेड 'बाहुबली' की घोषणा की, प्रभास ने बजट को लेकर उड़ाया मजाक



एसएस राजामौली की 'बाहुबली' भारतीय सिनेमा की दमदार फिल्मों में से एक है। इस फिल्म ने बड़े पैमाने, शानदार सींस और भावनात्मक कहानी से सभी का दिल जीता। अब राजामौली 'बाहुबलीः द एपिक' लेकर आ रहे हैं। यह बाहुबली 1 और 2 को मिलाकर एक नई, बेहतर फिल्म है। रिलीज से पहले एक बड़ा सरप्राइज आया, जिससे सुनकर फैंस खुश हो जाएंगे। प्रभास और राणा दग्गुबाती के साथ राजामौली ने कहा, 'हम 'बाहुबलीः द इटरनल वॉर' का टीजर रिलीज कर रहे हैं। यह बाहुबली 3 नहीं, बल्कि बाहुबली की दुनिया का विस्तार है। यह 3 डी एनिमेटेड फिल्म है। इसका बजट करीब 120 करोड़ रुपये है।' फिल्म के बजट को लेकर प्रभास मजाक में बोले, '120 करोड़? यह तो बाहुबली के पहले भाग की प्लानिंग का बजट था।' राजामौली ने कहा, 'बाहुबली 3 सबसे आखिरी चीज होगी।' फैंस 'बाहुबली 3' का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। दूसरा ट्रेलर रिलीज हो चुका है, जो पुरानी यादें ताजा करता है। यह दोनों फिल्मों को एक में जोड़कर नई तकनीक, पुराने फुटेज की मरम्मत और कुछ नए सीन के साथ पेश करेगा। फिल्म 31 अक्तूबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह आईमैक्स, 4डीएक्स, डी बॉक्स, डॉल्बी सिनेमा और एपिक जैसे फॉर्मेट में होगी। यह फिल्म तेलुगु, तमिल, हिंदी और मलयालम भाषाओं में रिलीज की जाएगी।

### भोजपुरी

## दिया और सुगम का लोकगीत 'प्यार केहू अउर से' रिलीज, दर्शकों ने लिया हाथों-हाथ



वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स एक और नया लोकगीत 'प्यार केहू अउर से' एक्ट्रेस दिया मुखर्जी और सिंगर सुगम सिंह की जोड़ी में संगीतप्रेमियों मनोरंजन के लिए लेकर आई है। इस गीत को सिंगर सुगम सिंह ने मधुर आवाज में गाया है, जिसे ऑडियंस का भरपूर प्यार आशीर्वाद मिल रहा है। इसके वीडियो में खूबसूरत अदाकारा दिया मुखर्जी ने अपनी मनमोहक अदाओं से सभी को मंत्रमुग्ध कर रही है। वह अपने फैंस व ऑडियंस पर अपने हुस्न की बिजली गिराकर कयामत ढा रही है। इस गाने के वीडियो में दिखाया गया है कि एक्ट्रेस दिया मुखर्जी दुल्हन के जोड़े में मंडप में बैठी है और उसकी शादी किसी और लड़के से हो रही है, जबकि वह सिंगर एक्टर सुगम सिंह के साथ बेइंतहा प्यार करती थी। उसकी बेवफाई से दुःखी होकर सुगम सिंह दिल का दर्द बयां करते हुए कहते हैं कि 'गुजरत दुनियां ई कवना दौर से, गुजरत दुनियां ई कवना दौर से, प्यार केहू अउर से त शादी केहू अउर से, प्यार केहू अउर से त शादी केहू अउर से, प्यार केहू अउर से त शादी केहू अउर से' वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत भोजपुरी लोकगीत 'प्यार केहू अउर से' के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इस गीत को सिंगर सुगम सिंह ने गाया है। इसके वीडियो में एक्ट्रेस दिया मुखर्जी ने शानदार अदायगी करके बिजली गिरा रही हैं। दिया के प्रेमी का किरदार सिंगर एक्टर सुगम सिंह ने निभाया है। इस गाने को गीतकार संदीप साजन ने लिखा है, जबकि संगीतकार साजन मिश्रा ने मधुर संगीत दिया है।



लाइफ स्टाइल

## आउटर वियर की शान

इस मौसम में बात ठंड की होनी चाहिए लेकिन हल्के जैकेट खासकर स्पोर्टी स्टाइल को नए सिरे से पेश कर डिजाइनर कुछ और ही कहानी कह रहे हैं। इन जैकेट्स को अभी से कैसे पहनना है, इसकी स्टाइल के लिए बोट्टेगा से बेहतर कुछ नहीं है, जहाँ एक इलास्टिक वाले विंडब्रेकर को फ्लूइड ट्राउज़र्स के साथ स्टाइल किया गया था। गुच्ची की तरह ज़िप-अप जैकेट भी यहाँ उतना ही अच्छा लगेगा—बस ऊपर से एक ओवरकोट डाल लें। गहरे चॉकलेट ब्राउन रंग वसंत के हल्के गुलाबी और हल्के पीले रंगों के साथ खास तौर पर मेल खाते हैं।

# घर की लक्ष्मी को करना है प्रसन्न तो तोहफे में दें इस तरह के गहने

सोना खरीदने का कोई खास मौका ही हो, यह जरूरी नही है। बात अगर अपने घर की लक्ष्मी को खुश रखने की हो तो आप सोने के शानदार जेवरात उपहार में दे सकते हैं। इन दिनों वैसे भी सोने के भाव कुछ कम हुए हैं तो इससे बेहतर दूसरा मौका नहीं हो सकता। इससे आपकी पत्नी भी खुश होंगी और आपके घर में आभूषण भी आ जाएगा।

### टेंपल ज्वेलरी

अगर आपका बजट ज्यादा है तो अपनी पत्नी को टेंपल ज्वेलरी बनवा कर दें। ये देखने में काफी क्लासी लगती है और आजक ये चलन में भी है। हाल ही में कई अभिनेत्रियों को टेंपल ज्वेलरी पहने देखा गया है।


### मीनाकारी गहने


मीनाकारी आभूषण सदाबहार माने जाते हैं। ऐसे में आप धनतेरस के दिन इसे खरीद सकते हैं। सोने के मीनाकारी आभूषणों पर रंगों से पेंटिंग की जाती है। ये देखने में काफी क्लासी लगती है।

### डायमंड सेट

अगर आपकी पत्नी को सोना पहनना ज्यादा नहीं पसंद है तो उन्हें धनतेरस के त्योहार पर डायमंड सेट खरीद कर दें। इसे वो जब-जब पहनेंगी तो उन्हें आपके प्यार का एहसास होगा।

### पैंडेंट सेट





आजकल की महिलाओं को ऐसे पैंडेंट पहनना पसंद होता है, जो काफी हल्के हों। ऐसे में पैंडेंट सेट आप खरीद सकते हैं। पैंडेंट सेट से साथ हल्के-हल्के टॉप्स भी मिल जाते हैं।

### सोने की अंगूठी

ज्यादातर महिलाओं को सोने की रिंग पहनने का शौक होता है। ऐसे में उन्हें उनकी मनपसंद डिजाइन की अंगूठी उन्हें तोहफे में दें। आजकल कई तरह की अंगूठियां ट्रेंड में है।

## स्किन एजिंग को रोकते हैं पोषक तत्व, आप भी कीजिए इस्तेमाल



पोषक तत्व शरीर के लिए जरूरी होते हैं। हर पोषक तत्व के अपने अलग फायदे होते हैं। ऐसे ही कुछ पोषक तत्व होते हैं जो स्किन एजिंग को मानो रोक देते हैं। इन पोषक तत्वों का सेवन करके आप भी अपनी स्किन में रौनक ला सकते हैं। इनके बारे में जान लीजिए।

### विटामिन सी



विटामिन सी हमारे शरीर के लिए कितना जरूरी है, ये तो कोविड के दौर में ही हमें पता चल चुका है। ये हमारे शरीर में इम्युनिटी बढ़ाता है। इसलिए ज्यादातर डॉक्टर विटामिन सी के भरपूर सेवन की सलाह देते हैं। लेकिन कम ही लोग जानते हैं कि विटामिन सी स्किन का भी जरूरी हिस्सा है। विटामिन सी कोलेजन को बढ़ाता है और इसका असर स्किन पर दिखता है। दरअसल जैसे-जैसे हमारी उम्र बढ़ती है, वैसे-वैसे कोलेजन कम होता जाता है। इसका असर ही होता है कि स्किन पर रिंकल दिखते लगते हैं और फाइन लाइंस भी नजर आने लगती हैं। जबकि विटामिन सी कोलेजन को कम नहीं होने देता है। विटामिन सी के सेवन के लिए नींबू और आंवला सबसे अच्छे रहते हैं।

### विटामिन ई

विटामिन ई कॉम्प्लेक्स 8 यौगिकों का एक समूह है जिसे टोकोफेरोल कहा जाता है। इसके लिए सनफ्लावर ऑयल, एवोकाडो और बादाम खाने की सलाह दी जाती है।
ध्यान दीजिएगा कि ज्यादातर स्किन से जुड़े प्रोडक्ट में विटामिन ई होता ही है। इसकी वजह यही है कि विटामिन ई स्किन को कई तरह से फायदा देता है। इन्हीं फायदों में से एक है स्किन एजिंग।

### विटामिन बी 3

शोधों की मानें तो विटामिन बी3 हमारी स्किन के सेल्स में जरूरी एंजाइम को बढ़ाता है। जिससे एजिंग की प्रकिया धीमी हो जाती है। इस एंजाइम को एनएडी कहा जाता है।

### जिंक

जिंक कोशिकाओं की झिल्ली को मजबूत करता है। जिससे रिंकल नहीं बनते हैं और इनका बनना कम होता है। एक तरह से ये एजिंग के खिलाफ रक्षा कवच बना देता है। इसके साथ स्किन यूथफुल हो जाती है। इसका इंटेक करने के लिए आपको डेयरी प्रोडक्ट, साबुत अनाज और बीन्स का सेवन करना होगा। इसका असर भी आपको कुछ दिनों में दिखने लगेगा।

## चेहरे पर लाना है नैचुरली निखार तो गुलाब जल का करें इस्तेमाल

निखरी और बेदाग त्वचा पाने के लिए हम क्या-कुछ नहीं करते हैं। इसके लिए हम आए दिन कई बड़े-बड़े ब्रांड्स के प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल भी चेहरे पर करते हैं। वहीं इन बाहरी प्रोडक्ट्स की जगह आप घरेलू चीजों की सहायता लेकर भी खूबसूरत त्वचा पा सकती हैं। चेहरे की त्वचा को चमकदार बनाने के लिए आप गुलाब जल की सहायता ले सकती हैं। निखरी त्वचा पाने के लिए सबसे पहले एक बाउल में 2 से 3 चम्मच गुलाब जल और 2 से 4 चम्मच कच्चे दूध की डालें। इसमें आप आधा चम्मच कॉफी पाउडर की डालें। इन सभी चीजों को अच्छी तरह से मिक्स करने के बाद ब्रश की मदद से चेहरे पर लगा लें। हल्के हाथों के दबाव से चेहरे पर मसाज कर सकते हैं। करीब 10 से 15 मिनट तक इसे चेहरे पर लगा रहने दें। इसके बाद पानी की मदद से चेहरे को साफ कर लें। इस फेस पैक का इस्तेमाल आप हफ्ते में कम से कम 2 से 3 बार तक कर सकती हैं। लगातार इसका इस्तेमाल करने से आपको चेहरे की त्वचा में कुछ ही दिनों में बदलाव नजर आने लगेगा।



## पतले बालों में 5 मिनट में बन जाएंगे आसान हेयर स्टाइल्स

पतले बालों के लिए कुछ ऐसे हेयर स्टाइल्स मौजूद हैं, जो केवल 5 मिनट में बन जाते हैं और आसानी से आपके लुक को लिफ्ट करने में मदद कर सकते हैं। साथ ही इन हेयर स्टाइल्स को आकर्षक बनाने के लिए कुछ हेयर स्टाइलिंग टिप्स भी आपको जानना जरूरी है। मेसी लुक आजकल काफी पसंद किया जाने लगा है। बता दें कि इस तरह का लुक आप हर तरह के लुक के साथ ट्राई कर सकती हैं। इस तरह का हेयर स्टाइल बनाने के लिए आप लेंथ के बालों को हेयर स्टाइलिंग टूल की मदद से कर्ल कर लें। अगर आपके बाल आगे से छोटे हैं तो क्लीन लुक पाने के लिए आप पिंस की मदद से इसे सेट कर सकती हैं। बता दें कि इस तरह के हेयर स्टाइल को आप हर लेंथ के बालों के साथ चुन सकती हैं। सिंपल और सोबर लुक ट्राई करना चाहती हैं या इंस्टेंट दोस्तों के साथ बाहर जाने का प्लान बन गया है और आपके बाल ऑयली है तो इस तरह का सिंपल हेयर बन आपके लुक को लिफ्ट करने में आपकी सहायता करेगा। वहीं अगर आपका चेहरे चबी है तो इस तरह का हेयर स्टाइल आप अपने लिए बिल्कुल भी न चुनें। इस तरह का हेयर स्टाइल आप हर तरह के लुक



के साथ ट्राई कर सकती हैं। पीछे के बालों के लिए आप चाहे तो ब्रेड बनाकर फिर बन बना सकती हैं और इसे पिंस की मदद से सेट कर सकती हैं। अगर आप पोनी टेल हेयर स्टाइल बनाना पसंद है और इसे आप एथनिक लुक के साथ ट्राई करना चाहती हैं तो इस तरह की ट्विस्टिंग फ्रंट ब्रेड बनाकर बचे बालों की लो मेसी पोनीटेल हेयर स्टाइल बना सकती हैं। अगर आपका चेहरा चबी है या आप आगे की तरफ चेहरे को क्यूट लुक देना चाहती हैं तो आगे कि ओर फ्लिक्स छोड़ सकती हैं। इन आगे के बालों को आप कर्ल जरूर कर लें। इस तरह का हेयर स्टाइल आप शरारा लुक या इंडो-वेस्टर्न लुक के साथ ट्राई कर सकती हैं।

कार्नर न्यूज

### परफेक्ट दिखने की चाहत हो तो अपनाईए स्पेंडर्स

# अपने लुक में कीजिए स्पेंडर्स को शामिल हर मौके के हिसाब से ऐसे करें स्टाइल

सस्पेंडर्स वो एसेसरीज है, जिसे आमतौर पर पुरुष पहनने से घबराते हैं। उनको इसकी जरूरत भी नहीं लगती है। कई पुरुषों ने तो कभी इनको पहनने के बारे में सोचा भी नहीं होगा। दरअसल उन्हें लगता है कि इससे कहीं लुक बदल ना जाए। या कहें कहीं लुक खराब न हो जाए। लेकिन ये बात सही नहीं है। कुछ खास बातों का ध्यान रखकर अगर सस्पेंडर पहने जाएं तो इनसे स्मार्टनेस और बढ़ती ही है। मगर आपको फैशन टिप्स जरूर ध्यान रखने होंगे, कौन से हैं ये टिप्स जानते हैं-

### कैजुअल लुक के लिए

आपको सस्पेंडर के साथ कैजुअल लुक चाहिए तो आपको हमेशा पतले सस्पेंडर पहनने होंगे। दरअसल सस्पेंडर जितने पतले होंगे, लुक उतना ही कैजुअल आएगा। वहीं फॉर्मल लुक के लिए चौड़े सस्पेंडर सही रहते हैं। इनके साथ क्लासिक लुक भी मिल जाता है।

### एक्स या वाई सस्पेंडर



आपको बाजार में एक्स या वाई सस्पेंडर आसानी से मिल जाएंगे लेकिन इनमें से किसी एक को चुनना कठिन नहीं है। इन दोनों का अपना अलग लुक और असर होता है। वाई को मॉडर्न और फॉर्मल माना जाता है। इनमें आमतौर पर क्लिप की जगह बटन होते हैं। जबकि एक्स के साथ असर उलटा रहेगा।

### सूट और सस्पेंडर

सस्पेंडर पहनने का मौका कई बार सूट के साथ भी आएगा। लेकिन इस वक्त आपको सूट चुनते हुए ध्यान रखना होगा कि ये स्लिम कट ही हो। साथ में इसमें पैटर्न हों तो और भी अच्छा रहेगा।

### डेनिम और सस्पेंडर

डेनिम के साथ सस्पेंडर पहनना हो तो आपको डार्क कार्ल की डेनिम पैंट चुननी चाहिए। इसके साथ आपको हल्के रंग की शर्ट और न्यूट्रल कलर के सस्पेंडर पहनने से आपका लुक बन जाएगा। आप लेदर के डार्क ब्राउन कलर के सस्पेंडर भी चुन सकते हैं। या इस तरह से आपको कैजुअल लुक मिल जाएगा।

सस्पेंडर के साथ टाई

सस्पेंडर के साथ अगर टाई भी पहननी है तो आपको ये भी सोच समझकर करना होगा। आपको सस्पेंडर के साथ बो टाई या स्लिम टाई चुननी होगी।

